प्रकाशन का सफलतम 17 वां वर्ष

**सुविचार**

जो होने वाला है वो होकर ही रहता है,
और जो नहीं होने वाला वह कभी नहीं होता,
ऐसा निश्चय जिनकी बुद्धि में होता है,
उन्हें चिंता कभी नही सताती है.!!

श्रीमद् भगवद् गीता


www.purvanchalsurya.com

आवाज आज की, नज़र कल पर

# पूर्वांचल सूर्य

रांची > दिल्ली > देवघर से प्रकाशित

RNI No.- JHAHIN/2007/24306





वर्ष - 17 | अंक 258 | दैनिक | रांची | शुक्रवार 3 मई 2024 | पृष्ठ - 12 | मूल्य : ₹ 4.00

## राजस्थान के डीग में मिले महाभारत और शुंग कालीन अवशेष

- खुदाई में निकले हड्डियों से बने औजार, मौर्यकालीन मातृदेवी का सिर मिला

**भरतपुर (एजेंसी)।** राजस्थान में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को बड़ी सफलता मिली है। यहां डीग जिले के बहज गांव में एएसआई को खुदाई में कुषाण कालीन, शुंग कालीन, मौर्य कालीन, महाजनपद कालीन और महाभारत कालीन अवशेष मिले हैं। बहज गांव में 4 महीने से खुदाई जारी थी। खुदाई का काम अभी भी चल रहा है।

ब्रज क्षेत्र में आने वाले डीग जिले के इस गांव में खुदाई के दौरान हड्डियों से बने सुई के आकार के औजार मिले हैं। इन्हें जयपुर पुरातत्व विभाग को भेज



दिया गया है। पुरातत्व विभाग का दावा है कि इस तरह के अवशेष और औजार अब तक भारत में कहीं नहीं मिले हैं।

बहज गांव में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की ओर से खुदाई की जा रही है। दावा है कि खुदाई में अब तक ढाई हजार साल से भी ज्यादा पुराने प्रमाण (अवशेष) मिल चुके हैं हैं। इनमें यज्ञ कुंड, धातु के औजार, सिक्के, मौर्यकालीन मातृदेवी प्रतिमा का सिर, शुंग कालीन अश्विनी कुमारों की मूर्ति, फलक, अस्थियों से निर्मित उपकरण, महाभारत कालीन मिट्टी के बर्तनों के टुकड़े मिले हैं। डीग के बहज गाव में 2 हजार वर्ष से भी प्राचीन काल के बर्तनों के अवशेष मिले हैं। इनकी कार्बन डिटेलिंग के लिए जयपुर भिजवाया गया है।

**हजारों वर्ष पुराने धार्मिक अनुष्ठान के चिन्ह मिले-** खुदाई में अश्विनी कुमारों की प्राचीन प्रतिमा मिली। अश्विनी कुमारों का नाम महाभारत काल में द्रस्त्र और नास्त्य था। अश्विनी कुमारों को नकुल और सहदेव का मानस पिता माना जाता है। बताया जा रहा है कि खुदाई में बहज गांव से 700 ईसा पूर्व अश्विनी कुमारों के प्रमाण ही नहीं, बल्कि हजारों साल पहले यज्ञ, धार्मिक अनुष्ठान होने के प्रमाण भी मिले हैं।

## पंजाब की सभी 13 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी भाजपा

**पंजाब (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी पंजाब की सभी 13 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता विजय रूपाणी ने बठिंडा में कहा कि, पार्टी ने फैसला किया है कि पंजाब में सभी 13 लोकसभा सीटों पर हम अकेले चुनाव लड़ेंगे।

## ओडिशा की मयूरभंज लोकसभा सीट से हेमंत सोरेन की बहन को टिकट

**रांची (एजेंसी)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा ने झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की बहन अंजनी को ओडिशा के मयूरभंज से लोकसभा उम्मीदवार घोषित किया है। यहां उनका मुकाबला भाजपा के नबा चरण माझी और बीजेडी के सुदाम मांडी से होगा।

## अजमेर में वोटर रजिस्टर गुम होने के बाद वोटिंग जीरो हुई थी

**राजपुर (एजेंसी)।** अजमेर सीट के एक बूथ पर वोटर्स रजिस्टर गुम हो जाने के कारण गुरुवार को दोबारा वोटिंग हुई है। चुनाव आयोग ने 26 अप्रैल को दूसरे चरण में इस बूथ पर हुए मतदान को रद्द घोषित कर दिया था, क्योंकि पोलिंग ऑफिसर से 17-ए रजिस्टर (मतदाताओं का) गुम हो गया था। चुनाव विभाग के मुताबिक अजमेर संसदीय क्षेत्र के नांदसी पोलिंग बूथ पर सुबह 7 बजे मतदान शुरू हो चुका है।

वैज्ञानिकों ने दी चेतावनी-

# हमेशा शीशा चढ़ाकर रखें, वरना कार में बैठे-बैठे आ जाएगा हार्ट अटैक !

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** अगर आप ऐसी जगह रहते हैं, जहां ट्रैफिक का ज्यादा शोर होता है या सफर के दौरान ट्रैफिक के शोर में ज्यादा समय बिताते हैं, तो सावधान हो जाएं।

**ट्रैफिक के शोर से जा सकती है जान!-** अगर आप कार में ज्यादा सफर करते हैं और अक्सर खिड़की खुली रखते हैं, तो आपको हार्ट अटैक सहित कई स्वास्थ्य समस्याओं का जोखिम बढ़ सकता है।

**दिल के रोगों का खतरा-** शोधकर्ताओं ने पाया है कि ट्रैफिक का बढ़ता शोर हृदय संबंधी बीमारियों को बढ़ा सकता है जिसमें दिल का दौरा भी शामिल है।





- **स्ट्रोक और डायबिटीज का भी जोखिम-** शोधकर्ताओं के अध्ययन से पता चला है कि ट्रैफिक के शोर की वजह से न केवल हृदय संबंधी बीमारियां बल्कि स्ट्रोक और डायबिटीज का भी खतरा होता है।
- **जितना ज्यादा शोर, उतना ज्यादा खतरा-** इतना ही नहीं सड़क पर होने वाले शोर में हर 10 डेसिबल की वृद्धि के साथ, हृदय रोग का खतरा 3.2 प्रतिशत तक बढ़ जाता है। यह अध्ययन सर्कुलेशन रिसर्च पत्रिका में प्रकाशित हुआ है।
- **रात का शोर सबसे खतरनाक-** वैज्ञानिकों का मानना है कि रात में ट्रैफिक का शोर नींद में खलल डालता है और रक्त वाहिकाओं में तनाव पैदा करने वाले हार्मोन के स्तर को बढ़ा देता है, जिससे सूजन और धमनियों की बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है।
- **ट्रैफिक का शोर कम करने के उपाय-** शोधकर्ताओं का मानना है कि घनी आबादी वाले इलाकों में सड़कों के किनारे नॉइज़ बैरियर लगाने से शोर के लेवल को 10 डेसिबल तक कम किया जा सकता है। साथ ही, सड़क निर्माण में कम आवाज पैदा करने वाली डामर का इस्तेमाल करने से भी शोर को 3-6 डेसिबल तक कम किया जा सकता है।

## रांची संसदीय क्षेत्र से चार अभ्यर्थियों ने दाखिल किया नामांकन

**अरशद अयूब, पंकज कुमार रवि, संजय सेठ एवं हरिनाथ साहू ने भरा पर्चा**
**रांची संसदीय क्षेत्र से अब तक छह अभ्यर्थी कर चुके हैं नामांकन**

**विशेष संवाददाता**

**रांची।** रांची संसदीय क्षेत्र के लिए अधिसूचना जारी होने के चौथे दिन अब तक कुल छह अभ्यर्थियों ने अपना नामांकन दाखिल कर दिया है। गुरुवार को चार अभ्यर्थियों ने नामांकन किया। समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित निर्वाची पदाधिकारी के कार्यालय में अभ्यर्थियों द्वारा नामांकन दाखिल किया गया।

नामांकन करनेवाले अभ्यर्थियों में अरशद अयूब, निर्दलीय, पंकज कुमार रवि, पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक), संजय सेठ, भारतीय जनता पार्टी व हरिनाथ साहू, लोक अधिकार पार्टी (झा) शामिल हैं।

इससे पहले 29 अप्रैल 2024 को एसयूसीआई के अभ्यर्थी मिंटू पासवान और 30 अप्रैल 2024 को अम्बेडकराईट पार्टी ऑफ इंडिया के अभ्यर्थी रामहरि गोप ने अपना नामांकन दाखिल किया था।

गुजरात चुनावी सभा में पीएम मोदी का राहुल गांधी पर बड़ा तंज

# कांग्रेस मर रही है...लेकिन पाकिस्तान शहजादे को पीएम बनाने को उतावला है

- **पाकिस्तान के फवाद चौधरी ने की थी कांग्रेस नेता राहुल गांधी की तारीफ**

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर अब तक का सबसे बड़ा तंज कसा है। गुजरात के आणंद में एक रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि शहजादे को पीएम बनाने के लिए पाकिस्तान उतावला है। पीएम मोदी ने कहा कि पीएम मोदी ने कहा कि पाकिस्तानी नेता कांग्रेस के लिए दुआ कर रहे हैं और शहजादे को भारत का प्रधानमंत्री बनाने के लिए पाकिस्तान उतावला है। पीएम मोदी ने यह टिप्पणी पीटीआई प्रमुख इमरान खान के करीबी और पाकिस्तान के पूर्व मंत्री फवाद चौधरी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर



की गई पोस्ट के बाद की।चौधरी ने अपने हैंडल पर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी का समर्थन करते हुए एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें राहुल गांधी अयोध्या में हुए रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह का जिक्र कर प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा पर निशाना साध रहे हैं। फवाद चौधरी ने इस वीडियो को एक्स हैंडल पर दोबारा पोस्ट करते हुए लिखा है कि 'राहुल ऑन फायर'।

### फवाद चौधरी की टिप्पणी से वार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीटीआई के नेता की पोस्ट का जिक्र करते हुए चुनावी रैली में राहुल गांधी को निशाने पर लिया। उन्होंने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि संयोग देखिए, आज भारत में कांग्रेस कमजोर हो रही है। यानी सूक्ष्मदर्शी यंत्र लेकर भी कांग्रेस को ढूढंना मुश्किल हो रहा है, लेकिन मजे की बात ये है कि यहां कांग्रेस मर रही है और वहां पाकिस्तान रो रहा है। पीएम मोदी ने एक बार फिर से दोहराया कि जब तक वे जीवित हैं तब तक धर्म के नाम पर आरक्षण नहीं देने देंगे। मोदी ने कहा कि उन्होंने (कांग्रेस) अपने घोषणा पत्र में लिखित में कहा है कि अब जो सरकारी टेंडर होंगे, उसमें भी मुसलमानों के लिए एक कोटा फिक्स कर दिया जाएगा। अब सरकारी ठेकों में भी धर्म के आधार पर आरक्षण लाया जाएगा, लेकिन मैं ऐसा नहीं होने दूंगा।

## राजस्थान सरकार सुनिश्चित करे कि प्रदेश में कोई बाल विवाह नहीं हो : उच्च न्यायालय

**जयपुर (एजेंसी)।** राजस्थान में अक्षय तृतीया से पहले उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि राज्य में कोई बाल विवाह नहीं हो। इसके साथ ही अदालत ने कहा कि बाल विवाह होने पर सरपंच और पंच को जिम्मेदार ठहराया जाएगा। बाल विवाह की कई घटनाएं मुख्य रूप से अक्षय तृतीया पर होती हैं। अक्षय तृतीया इस बार 10 मई को है।

उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ ने बाल विवाह को रोकने के लिए हस्तक्षेप की मांग वाली जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए अपने आदेश में कहा कि बाल विवाह निषेध अधिनियम



2006 लागू होने के बावजूद, राज्य में बाल विवाह अब भी हो रहे हैं। अदालत ने कहा कि हालांकि अधिकारियों के प्रयासों के कारण बाल विवाह की संख्या में कमी आई है, लेकिन अब भी बहुत कुछ करने की जरूरत है। याचिकाकर्ताओं के वकील आरपी सिंह ने कहा कि अदालत को एक सूची भी उपलब्ध कराई गई जिसमें बाल विवाह और उनकी निर्धारित तिथियों का विवरण था।

खंडपीठ ने कहा, राजस्थान पंचायती राज नियम 1996 के अनुसार, बाल विवाह को प्रतिबंधित करने का कर्तव्य सरपंच पर डाला गया है। इस प्रकार, एक अंतरिम उपाय के रूप में, हम राज्य को निर्देश देंगे कि वह राज्य में होने वाले बाल विवाह को रोकने के लिए की गई जांच के संबंध में रिपोर्ट मांगे और उस सूची पर भी पैनी नजर रखे जो जनहित याचिका के साथ संलग्न है। आदेश में कहा गया है, ''उत्तरदाताओं को यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि राज्य में कोई बाल विवाह नहीं हो। सरपंच और पंच को संवेदनशील बनाया जाना चाहिए और उन्हें सूचित किया जाना चाहिए कि यदि वे बाल विवाह को रोकने में विफल रहते हैं, तो बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 की धारा 11 के तहत उन्हें जिम्मेदार ठहराया जाएगा।

कलकत्ता हाईकोर्ट बोला-

## संदेशखाली केस में सीबीआई जांच सही दिशा में

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में जमीन हड़पने और महिलाओं के खिलाफ अपराध (यौन शोषण) मामले में कलकत्ता हाईकोर्ट में गुरुवार (2 मई) को सुनवाई हुई। कोर्ट ने मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) को भी पार्टी बनाने की परमिशन दे दी है।

कोर्ट ने यह भी कहा कि सीबीआई ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि उसे पश्चिम बंगाल सरकार के अधिकारियों का जांच में सहयोग नहीं मिल रहा है। मामले में एजेंसी की जांच जारी है। ऐसे में कोर्ट एजेंसी की रिपोर्ट का खुलासा करना नहीं करना चाहेगा। क्योंकि इससे जांच पर असर पड़ सकता है।



# पीएम ने 'मास रेपिस्ट' के लिए वोट मांगकर महिलाओं का अपमान किया : राहुल गांधी

**भारत से भागने में आरोपी की मदद की, यही मोदी की गारंटी**

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** राहुल गांधी ने गुरुवार 2 मई को कर्नाटक के शिवमोगा में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मास रेपिस्ट (कइयों के साथ रेप करने वाला) के लिए वोट मांग रहे हैं। उन्होंने रेपिस्ट को भारत से भागने में मदद की। यही मोदी की गारंटी है। कर्नाटक में भाजपा और जेडीएस के बीच गठबंधन है। जेडीएस सांसद और एचडी देवगौड़ा के पोते प्रज्वल रेवन्ना गौड़ा पर रेप और अश्लील वीडियो बनाने का आरोप है। राहुल ने ये भी कहा कि जैसे ही हम महालक्ष्मी की बात कर रहे हैं, हिंदुस्तान के प्रधानमंत्री को इरीटेशन हो रहा है, उन्हें चिढ़ मच रही है, क्योंकि उनके अरबपति मित्रों को पैसा नहीं मिल पा रहा। हमारी सरकार युवाओं को अप्रेंटिसशिप का अधिकार देने जा रही है। युवा निधि में आपको यहां अभी 3 हजार रुपए महीना मिलता है। हम पहली नौकरी पक्की स्कीम लागू करने जा रहे हैं। एक साल की नौकरी मिलेगी, 8500 रुपए हर महीने अकाउंट में जाएंगे, एक साल में एक लाख रुपए होंगे। हिंदुस्तान के सारे ग्रेजुएट्स को बेस्ट क्वालिटी ट्रेनिंग मिलने वाली है। उन्होंने (भाजपा सरकार) आपको बेरोजगारी दी, हम आपको अप्रेंटिसशिप का अधिकार और दुनिया की सबसे बेहतरीन ट्रेनिंग देने जा रहे हैं।



**अमेठी से चुनाव लड़ना तय, राहुल के नाम से ऑनलाइन नामांकन फॉर्म खरीदा, आज नॉमिनेशन की आखिरी तारीख-** अमेठी से राहुल गांधी का चुनाव लड़ना लगभग तय है। सूत्रों के हवाले से खबर है कि राहुल गांधी के नाम से अमेठी से ऑनलाइन नामांकन फॉर्म खरीदा गया है। वह कल नामांकन कर सकते हैं।

# मोदी भ्रष्टाचार की सबसे बड़ी स्कीम लाए : प्रियंका गांधी

**चिरमिरी में कहा- अब कोविड सर्टिफिकेट से पीएम की फोटो गायब हो गई**

**कोरबा (एजेंसी)।** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि, मोदी जी खुद को बड़ा ईमानदार बताते हैं, लेकिन इस देश में भ्रष्टाचार की सबसे बड़ी स्कीम लेकर आए। यह स्कीम थी, जो चंदा देगा, उसका नाम गुप्त रहेगा। इसके तहत अपने बड़े-बड़े मित्रों से चंदा लिया। पहले उनके ऊपर छापा मारा, फिर चंदा लेकर जांच बंद कर दी। उन्होंने गुजरात में पुल गिरने की घटना का उदाहरण भी दिया। प्रियंका गुरुवार को कोरबा लोकसभा के चिरमिरी में जनसभा को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कोविड वैक्सीन 'कोवीशील्ड' को लेकर आई रिपोर्ट का भी जिक्र किया। कहा कि, टीका लगवाकर कुछ लोग मर गए, कुछ बीमार हो गए। पहले सर्टिफिकेट मिलता था, तो उसमें मोदी जी की फोटो होती थी, लेकिन अब लगवाओगे तो नहीं मिलेगी। मोदी जी की सरकार में गरीबों के साथ अन्याय हुआ, खरबपतियों और उद्योगपतियों के साथ नहीं हुआ। बड़े-बड़े भ्रष्ट नेताओं को अपने पार्टी में डाल रखा है। जो दूसरी पार्टियों के नेता थे। पहले उन पर दबाव डाला, जांच शुरू की। जब उनकी पार्टी में आ गए तो वह दूध के धुले हो गए। मोदी जी ने देश की संपत्ति को अपने मित्रों को सौंप दिया। भूपेश बघेल जी ने छत्तीसगढ़िया स्वाभिमान की बात की। उन्होंने इसके लिए काम किया, लेकिन कुछ पार्टियों और भाजपा को ये पसंद नहीं आया।



## डीपीआरओ ने की मीडिया कोषांग के पदाधिकारी/कर्मियों संग बैठक

**सभी तरह के पेड न्यूज पर निगाह रखने का निर्देश**

**वरीय संवाददाता,रांची।** जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी मीडिया कोषांग उर्वशी पांडेय द्वारा मीडिया कोषांग के पदाधिकारी/कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक करते हुए सभी सम्बंधित पदाधिकारी/कर्मियों को निर्देश देते हुए कहा कि मीडिया कोषांग का कार्य बेहद महत्वपूर्ण है। श्रीमती पांडेय द्वारा मीडिया कोषांग में कार्यरत सोशल मीडिया निगरानी कर्मियों को सोशल मीडिया में पेड न्यूज, फेक न्यूज़ से सम्बंधित बिंदुओं से अवगत कराया।

**फेक खबरों की पहचान करना तथा आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश :** पेड न्यूज के अलावे विभिन्न फेक न्यूज़ यथा ई वी एम, बूथ मैनेजमेंट, पानी, बिजली, शौचालय, रैंप मतदाता सूची, विधि व्यवस्था, इलेक्शन प्लान आदि से संबंधित फेक खबरों का पहचान करना तथा आवश्यक कार्रवाई करते हुए सत्यापन कर खंडन भी उसी साइट सहित सभी मीडिया में करना है। इसकी जानकारी देते हुए त्वरित संज्ञान में लाने का निर्देश दिया



# राजद महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष रानी कुमारी इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी जोबा मांझी के साथ जनसंपर्क अभियान में हुईं शामिल

**वरीय संवाददाता ,रांची/चाईबासा।** झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल (महिला प्रकोष्ठ) की अध्यक्ष रानी कुमारी पश्चिम सिंहभूम संसदीय सीट (चाईबासा) से झामुमो प्रत्याशी जोबा मांझी के समर्थन में चुनाव प्रचार व जनसंपर्क अभियान में शामिल हुईं।

मौके पर रानी कुमारी ने जनता से इंडिया गठबंधन प्रत्याशी श्रीमती मांझी को व्यापक जन समर्थन देकर लोकसभा चुनाव में जिताने की अपील की। उन्होंने कहा कि जनता भाजपा की जनविरोधी नीतियों से त्रस्त है। पूरे देश में महंगाई व बेरोजगारी चरम पर है। आम जनता त्राहिमाम कर रही है। भाजपा येन-केन- प्रकारेण सत्ता पर काबिज रहना चाहती है।

इस बार जनता ने भाजपा को सत्ता से बेदखल करने की ठान ली है। भाजपा से जनता का मोह भंग हो चुका है। आने वाले चुनाव में जनता भाजपा को सबक सिखाएगी।

उन्होंने जनता से झामुमो प्रत्याशी श्रीमती मांझी को समर्थन देने की अपील की। रानी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में इस बार झारखंड में इंडिया गठबंधन का परचम लहरेगा।

# कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय व इंडिया गठबंधन के नेताओं ने चांडिल में महागठबंधन के चुनाव कार्यालय का किया उद्घाटन

## पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने चुनावी तैयारियों में जुट जाने का दिया निर्देश



**विशेष संवाददाता , रांची/चांडिल।** रांची संसदीय क्षेत्र अंतर्गत ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के चांडिल में चुनाव कार्यालय का उद्घाटन बुधवार को कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, झामुमो नेता सुप्रियो भट्टाचार्य, सविता महतो,राजद के अर्जुन यादव सहित अन्य नेताओं ने संयुक्त रूप से किया। कार्यालय के उद्घाटन के पश्चात महागठबंधन में शामिल दलों के पदधारियों व कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता झामुमो के जिलाध्यक्ष शुभेंदु महतो ने की। इस मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि झारखंड में आगामी चुनाव में महागठबंधन का परचम लहराएगा। उन्होंने कांग्रेस, राजद व झामुमो कार्यकर्ताओं से महागठबंधन प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित कराने की दिशा में कार्य करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने गठबंधन में शामिल सभी दलों के पदधारियों व कार्यकर्ताओं से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के पक्ष में समर्थन जुटाने के लिए काम करने का निर्देश दिया। इस मौके पर रांची संसदीय सीट से कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने कहा कि इंडिया गठबंधन के प्रति झारखंड की जनता के विश्वास में वृद्धि हुई है। भाजपा से लोगों का मोह भंग हो रहा है। उन्होंने कहा कि चुनाव में विजयी होने पर क्षेत्र में विकास का एक नया इतिहास बनेगा। इस अवसर पर झामुमो के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य, झामुमो नेत्री सविता महतो, राजद के महासचिव अर्जुन यादव, झामुमो नेता शुभेंदु महतो, पप्पू वर्मा, राजू चौधरी, गुरु चरण, सुबीर कुमार, राणा सिंह, जिप लाल सिंह मुंडा, सरवर आलम, मोहम्मद मोहसिन, वैजयंती बारी, एम अंसारी, तसलीमा मल्लिक, रजिया सुल्तान, सुकुमार गोराई, होली सिंह मुंडा, उपेंद्र गिरी, रुखैया खातून, अष्टमी रूपी दास सहित काफी संख्या में कांग्रेस, राजद व झामुमो के पदधारी और कार्यकर्ता सहित स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।

# झारखंड वोटर अवेयरनेस कॉन्टेस्ट में प्रमथनाथ मध्य विद्यालय, हिनू की छात्रा को मिला तृतीय पुरस्कार


**वरीय संवाददाता, रांची।** झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देशन में ÷झारखंड वोटर अवेयरनेस कॉन्टेस्ट÷ के नाम से सभी आयु समूहों के बीच मतदाता जागरूकता बढ़ाने के लिए एक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रमथनाथ मध्य विद्यालय, हिनू की कक्षा 6 की छात्रा गुड़िया कुमारी, पिताङ्क्षमुन्ना यादव, माताङ्क्षसोनी देवी, निवासङ्क्षसाकेत नगर, हिनू ,ने पोस्टर डिजाइन के एमेच्योर कैटेगरी में पूरे झारखंड में तृतीय पुरस्कार जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया है।29 अप्रैल को कैबिनेट (निर्वाचन) विभाग, एचईसी कॉलोनी, सेक्टरङ्क्ष2, धुर्वा में आयोजित कार्यक्रम में इन्हें पुरस्कार के रूप में ट्रॉफी, सर्टिफिकेट के साथ तीन हजार रुपए की राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यालय के सचिव इंद्रजीत चटर्जी और सहायक शिक्षक सौरभ कुमार दुबे के दिशा निर्देश में गुड़िया कुमारी ने दिव्यांग मतदाताओं के प्रति चुनाव कर्मचारियों के समर्पण भाव को प्रदर्शित करने वाले पोस्टर का डिजाइन तैयार किया था। गुड़िया कुमारी की रुचि चित्रकला में बहुत पहले से ही रही है। विद्यालय में आयोजित परीक्षा में भी इन्होंने अपने हुनर का परिचय दिया है। इन जैसे बच्चों के प्रतिभा को बढ़ाने के लिए विद्यालय के अंतर्गत वाणी चित्रकला केंद्र संचालित की जाती है। विद्यालय के अध्यक्ष, सचिव, सदस्यगण, शिक्षकङ्क्षशिक्षिकाएं और छात्रङ्क्षछात्राएं इस सफलता से बहुत ही खुश है और उन्होंने ढेर सारी शुभकामनाएं देते हुए इनके बेहतर भविष्य की कामना की है।

# कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बंसा पंचायत में किया जनसंपर्क

## कहा, जनसमर्थन मिला तो क्षेत्र का करेंगे कायाकल्प

**प्रतिनिधि,रांची/ईचागढ़।** रांची संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय बुधवार को ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बंसा पंचायत में जनसंपर्क अभियान में शामिल हुईं।

मौके पर उन्होंने कहा कि उन्हें जन समर्थन मिला तो क्षेत्र का कायाकल्प करेंगे। उन्होंने कहा कि वह जहां-जहां जा रही हैं, वहां जन समस्याओं से रूबरू होना पड़ रहा है। कई क्षेत्रों में तो लोग बुनियादी सुविधाओं से भी वंचित हैं। उन्होंने जनता को आश्वस्त करते हुए कहा कि यदि उन्हें समर्थन मिला और



जनप्रतिनिधि चुनी गईं ,तो क्षेत्र में विकास का एक नया इतिहास लिखेंगी। शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास का सपना साकार होगा। उन्होंने कहा कि लोगों को बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराने के प्रति भी वह सदैव तत्पर रहेंगी। बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित खासकर ग्रामीण इलाकों की जनता की समस्याएं उनकी प्राथमिकताओं में शुमार है।

मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि क्षेत्र के विकास के प्रति वे सदैव समर्पित रहे हैं। उनकी राजनीतिक विरासत को बेटी यशस्विनी अब आगे बढ़ाने की ओर अग्रसर है। उन्होंने जनता से इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी यशस्विनी सहाय को चुनाव में व्यापक जन समर्थन देने की अपील की। इस अवसर पर राजाराम, राणा जी, जय सिंह, अशोक उरांव, सुखदेव महतो, धीरेंद्र मांझी, राम सिंह उरांव, विभीषण महतो, सुखराम गोराई, अश्वनी महतो सहित काफी संख्या में ग्रामीण पुरुष व महिलाएं, कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद थे।

# एचईसी बचाओ मजदूर जन संघर्ष समिति ने मनाया मजदूर दिवस

- एचईसी मुख्यालय के समक्ष जनसभा आयोजित
- मजदूरों की बेटी और बहन बनकर उनके हक के लिए लड़ूंगी- यशस्विनी सहाय

वरीय संवाददाता



**रांची।** राष्ट्र के नवनिर्माण में मजदूरों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उनकी सहभागिता के बिना विकास की बातें नहीं की जा सकती। मजदूरों का समुचित सम्मान जरूरी है। मजदूर राष्ट्र निर्माता हैं। उक्त बातें रांची संसदीय सीट से कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने बुधवार को एचईसी मुख्यालय के समक्ष एचईसी बचाओ मजदूर जन संघर्ष समिति द्वारा मजदूर दिवस के अवसर पर आयोजित जनसभा में बतौर मुख्य अतिथि कही। सुश्री सहाय ने कहा कि उनके पिता पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने एचईसी क्षेत्र से ही राजनीति की शुरुआत की थी। यहां के कारखाना में कार्यरत मजदूरों से उनका विशेष लगाव रहा है। उनके हक और अधिकार के लिए हुए वह हमेशा संघर्षरत रहे हैं। अपने पिता के पदचिन्हों पर चलते हुए वह भी मजदूरों की बेटी और बहन बनकर मजदूरों के हक और अधिकार के लिए सदैव संघर्षरत रहेगी।

सुश्री सहाय ने मजदूर दिवस की महत्ता का उल्लेख करते हुए कहा कि %दुनिया के मजदूरों एक हो% का नारा दिए जाने के पीछे यही उद्देश्य रहा कि मजदूरों को उनके वाजिब हक से वंचित न रखा जा सके। उन्होंने कहा कि एचईसी कारखाना देश-विदेश में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित करने में सफल रहा है। इसका श्रेय यहां के मजदूरों को जाता है।

इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि एचईसी के मजदूरों की बदौलत ही यह कारखाना देश के मातृ उद्योग के रूप में अपना स्थान बना पाया। यहां के मजदूरों को उनका अधिकार दिलाने के प्रति वह सदैव तत्पर रहे। इस क्षेत्र से ही उन्होंने राजनीति की शुरुआत की और यहां से उनका विशेष लगाव रहा है। इस क्षेत्र की जनता के प्रति उन्होंने विशेष रूप से आभार व्यक्त किया। उन्होंने पुत्री और कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय को समर्थन देकर आगे बढ़ाने की अपील की। इस अवसर पर श्रमिक नेता लीलाधर सिंह, भवन सिंह, हरेंद्र प्रसाद, अर्जुन रविदास, रामकुमार नायक, मनोज पाठक, प्रकाश कुमार, दीपक ओझा, दिलीप सिंह, एसजे मुखर्जी, एचईसी सुपरवाइजर्स एंड एग्जीक्यूटिव एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी ब्रजेश कुमार सिंह, पूर्व जिप अध्यक्ष सुंदरी तिर्की, कांग्रेस नेत्री नीतू देवी, कमल ठाकुर,मधुसूदन एक्का, रंगू लोहरा सहित काफी संख्या में श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधि व एचईसी के मजदूर मौजूद थे।

# चेंबर की कैपिटल मार्केट फाईनेंस उप समिति की बैठक आयोजित



वरीय संवाददाता

**रांची।** झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के कैपिटल मार्केट फाइनेंस उप समिति की बैठक गुरुवार को चैंबर भवन में हुई। बैठक के दौरान इस व्यापार में संलग्न डिस्ट्रीब्यूटर्स को सशक्त बनाने की आवश्यकता महसूस की गई। कहा गया कि म्युचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर्स, इंश्योरेंस एजेंट्स, कैपिटल मार्केट के ब्रोकर या सब ब्रोकर के लोगों का एक संगठित एसोसियेशन बनना चाहिए। उप समिति चेयरमेन विकास सहाय ने कहा कि इस कार्य में लगभग 4000 से अधिक लोग जुडे हुए हैं। उन सभी के एक प्लेटफॉर्म पर संगठित होने से व्यापार को मजबूती मिलेगी और निवेशकों को भी लाभ होगा। रांची में सेबी कार्यालय के बंद होने से हो रही कठिनाईयों पर भी चर्चा की गई। कहा गया कि पूर्व में रांची के कलेक्टोरेट ऑफिस में सेबी कार्यालय खोला गया था जो अब बंद है। रांची में पुनः सेबी कार्यालय खोलने के कार्यकारिणी सदस्य प्रवीण लोहिया के प्रस्ताव पर सेबी और वित्त मंत्रालय को पत्राचार करने का भी निर्णय लिया गया।

बैठक में कैपिटल मार्केट में कमीशन का स्ट्रक्चर यूनिफॉर्म नहीं होने के कारण होनेवाली परेशानियों पर भी चर्चा की गई और इसे व्यवहारिक बनाने की आवश्यकता महसूस की गई। चर्चाओं के क्रम में उप समिति द्वारा बीएसई, एनएसई और एनएसडीएल के चेयरमेन को चैंबर भवन में आमंत्रित कर, सम्मानित करने की भी सहमति बनाई गई। चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि हमारे लिए गर्व की बात है कि वर्तमान में बीएसई के चेयरमेन प्रमोद अग्रवाल रामगढ़ के निवासी हैं तथा वे हमारे बीच के हैं। बैठक में यह भी कहा गया कि व्यापारियों के बीच कैपिटल मार्केट की समझ और जागरूकता होनी जरूरी है। कैंपिटल मार्केट की पूरी जानकारी होने पर व्यापार में ग्रोथ भी संभव है। यह निर्णय लिया गया कि विशेषकर चैंबर सदस्यों के लिए उप समिति द्वारा एक नियमित अंतराल पर कैपिटल मार्केट से जुडे विषय पर टॉक-शो का आयोजन किया जायेगा। बैठक में चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री, प्रवीण लोहिया, कैपिटल मार्केट फाईनेंस उप समिति के चेयरमेन विकास सहाय, सदस्य कुमार प्रशांत गुप्ता और आरएन द्विवेदी उपस्थित थे।

# नंद घर मुहिम से जुड़े मनोज बाजपेयी

- बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण पोषण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ÷खानाखायाक्या आंदोलन शुरू

**रांची/मुंबई।** 14 लाख आंगनवाड़ियों में सुधार करने के लक्ष्य के तहत, नंद घर ने अभिनेता मनोज बाजपेयी के साथ पूरे देश में एक विशेष कैंपेन की शुरुआत की है, जिसका शीर्षक है ÷अगर बचपन से पूछा खाना खाया, तो देश का कल बनाया। ÷ नंद घर द्वारा चलाए जा रहे इस कैंपेन का उद्देश्य भावी पीढ़ी को पोषित करना है, जिसमें समग्र स्वास्थ्य देखभाल, गुणवत्तापूर्ण पोषण और बच्चों को सर्वोत्तम प्री-स्कूल शिक्षा प्रदान करना शामिल है।

इस मुहिम में शामिल होने पर मनोज बाजपेयी का स्वागत करते हुए अनिल अग्रवाल, चेयरमैन, वेदांता, ने कहा, ÷प्रोजेक्ट नंद घर पूरे देश में बच्चों और महिलाओं को स्वस्थ और सुपोषित रहने में मदद करने पर केंद्रित है। मनोज बाजपेयी का इस महत्वपूर्ण मुहिम से जुड़ना हमारे लिए गर्व का विषय है। उनके निजी जीवन के अनुभव भावी पीढ़ियों के जीवन को बेहतर और सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं, जो कि नंद घर के उद्देश्य के साथ बखूबी मेल खाते हैं।

उक्त मुहिम के लॉन्च के दौरान, मनोज बाजपेयी ने बतौर युवा थिएटर अभिनेता अपनी कहानी साझा की। उन्होंने अपने शुरुआती दिनों को याद करते हुए बताया कि कैसे उनके दोस्तों ने नियमित और पौष्टिक भोजन के माध्यम से उनके सपनों को पूरा करने में मदद की। बाजपेयी ने कलाकारों के सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में भावुकता से बात की। नंद घर के साथ जुड़ने को लेकर उत्साहित मनोज बाजपेयी ने कहा कि व्यक्तिगत तौर पर भूख की पीड़ा से गुज़रने के कारण मेरा मानना है कि जो व्यक्ति भूख का सामना करता है, उसका शरीर, मस्तिष्क और भावनाएं काफी प्रभावित होती हैं। इसके समाधान के रूप में प्रोजेक्ट नंद घर जैसी पहलें बेहद कारगर हैं। यह सिर्फ यही सुनिश्चित नहीं करती है कि बच्चों को उचित पोषण मिले, बल्कि यह उज्जवल भविष्य के रूप में आशा और अवसर भी लेकर आती है। आइए, नंद घर की इस पहल के माध्यम से हम सभी मिलकर बच्चों के बेहतर पोषण में योगदान दें और एक उज्जवल भारत की नींव रखें।

मैककैन द्वारा परिकल्पित इस कैंपेन पर अपने विचार रखते हुए, प्रसून जोशी, सीईओ और सीसीओ, मैककैन वर्ल्डग्रुप इंडिया, और चेयरमैन, एशिया पैसिफिक, ने कहा कि यदि हम चाहते हैं कि बच्चे अपनी वास्तविक क्षमता से रूबरू हों, तो उनके बेहतर पोषण पर ध्यान देना बहुत ज़रूरी है। इसे उजागर करने का इससे बेहतर तरीका क्या हो सकता है कि आप भारत के कुछ सबसे लोकप्रिय व्यक्तियों की कहानियाँ साझा करें, जिन्होंने अपने जीवन में इस मुश्किल का खुद सामना किया है।

नंद घर अनिल अग्रवाल फाउंडेशन (आफ़) का फ्लैगशिप प्रोजेक्ट है। चेयरमैन अनिल अग्रवाल के सपने को प्रखर रखते हुए, यह प्रोजेक्ट यह सुनिश्चित करने के लिए प्रयासरत है कि कोई भी बच्चा भूखा न सोए। नंद घर के लिए अभूतपूर्व उपलब्धि के रूप में, हम भारत के 14 राज्यों में स्थित सभी नंद घरों में न सिर्फ प्री-स्कूल्स की उपस्थिति का विस्तार करने, बल्कि कुपोषण के स्तर को कम करने में भी सफल रहे हैं। विगत वर्ष, आफ ने मल्टी-मिलेट न्यूट्री बार लॉन्च किया था। इसके तहत, वर्तमान में वाराणसी में 1364 आँगनवाड़ियों में 3 से 6 वर्ष की उम्र के बीच के 50,000 बच्चों को प्रतिदिन मल्टी-मिलेट न्यूट्री बार वितरित किया जा रहा है। इन बार्स में प्रोटीन, फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट सम्मिलित हैं, जो बच्चों के दैनिक पोषक तत्वों के स्तर को सुधारने और उनकी कमी को पूरा करने में मदद करते हैं।

विश्वसनीय हस्तियों के साथ मिलकर, नंद घर देश के नागरिकों और संगठनों से भी इस पहल के साथ जुड़ने का आग्रह कर रहा है। यह हमारे देश के बेहतर कल के सपने को साकार करने का मार्ग प्रशस्त कर रहा है।

## नीमडीह पंचायत में इंडिया गठबंधन की बैठक आयोजित

**प्रतिनिधि,रांची/ईचागढ़।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर रांची संसदीय क्षेत्र के ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नीमडीह में बुधवार को इंडिया गठबंधन की बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, झामुमो के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य, झामुमो की सविता महतो, रांची लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय सहित अन्य उपस्थित थे। मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने महागठबंधन में शामिल दलों के कार्यकर्ताओं को चुनावी तैयारी में जुट जाने का निर्देश दिया। झामुमो के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि भाजपा से लोगों का मोह भंग होने लगा है। भाजपा की जनविरोधी नीतियों से जनता त्रस्त है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के पक्ष में जनसंपर्क अभियान में लग जाने का निर्देश दिया। बैठक में लालमोहन महतो, रीना महतो, वैजयंती बारी, युधिष्ठिर महतो, राज बंकीरा, मंजू महली, राजकिशोर गोप, मनमन सिंह, पुनीता चौधरी, सुनील यादव, अनिल सिंह, शंकर महतो, सुबीर कुमार सहित काफी संख्या में झामुमो, कांग्रेस व राजद के कार्यकर्ता मौजूद थे।

# मतदाताओं को प्रेरित करना युवाओं का कर्तव्य : डॉ मुकुन्द

## मतदाता जागरूकता के अंतर्गत मतदाता हस्ताक्षर अभियान सह प्रभात फेरी का भव्य आयोजन - डॉ ब्रजेश




**प्रतिनिधि,रांची।** रांची विश्वविद्यालय की एन एस एस इकाई द्वारा चलाए जा रहे सघन मतदाता जागरूकता अभियान के दूसरे दिन रांची के मोरहाबादी स्थित ऑक्सीजन पार्क एवं मतदाता जागरूकता के तहत प्रभात फेरी का आयोजन आर यू के बेसिक साइंस बिल्डिंग परिसर में एन एस एस के कार्यक्रम समन्वयक डॉ ब्रजेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

प्रभात फेरी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आर यू के कुलानुशासक डॉ मुकुन्द चंद्र मेहता ने एन एस एस के स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि युवाओं के साथ आम मतदाताओं को जागरूक करते हुए मतदान के लिए प्रेरित करना आवश्यक है।उन्होंने कहा कि ÷चुनाव का पर्व देश का गर्व÷ सही मायने में सार्थक होगा जब सभी लोग इसे आत्मसात कर निश्चित रूप से मतदान करें एवं चुनाव को पर्व के रूप में लें।

प्रभात फेरी का शुभारंभ आर यू के कुलानुशासक डॉ एम सी मेहता एवं आर यू के एन एस एस के कार्यक्रम समन्वयक डॉ ब्रजेश कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया । प्रभात फेरी आर यू के बेसिक साइंस बिल्डिंग परिसर से निकल कर डीएसपीएमयू, केंद्रीय पुस्तकालय,ऑक्सिजन पार्क, मान्या पैलेस, होटल पार्क प्राइम, बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम, रेड क्रॉस सोसाइटी, उपायुक्त आवास, राजकीय अतिथिशाला होते हुए पुनः बेसिक साइंस बिल्डिंग परिसर में खत्म हो गया।

प्रभात फेरी में शामिल एन एस एस के स्वयंसेवक ÷ चुनाव का पर्व, देश का गर्व÷, मेरा पहला वोट, देश के लिए, पहले मतदान, फिर जलपान, वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम, एन एस एस ने ठाना है, मतदान प्रतिशत बढ़ाना है आदि नारे लगा रहे थे।

कार्यक्रम को सफल बनाने में एन एस एस के टीम लीडर्स पीयूष, अंकित, आस्था, ह्रकेश, प्रियांशी,ऋषि, स्वरा,खुशी, आकाश, उदयशंकर , सोनम का योगदान रहा।

एक मई को मोरहाबादी स्थित ऑक्सिजन पार्क में आम मतदाताओं के लिए हस्ताक्षर अभियान आयोजित किया गया एवं उक्त आयोजन में लगभग 1000 से ज्यादा आम मतदाताओं ने अपना हस्ताक्षर किया और मतदान करने का संकल्प लिया।

इस कार्यक्रम में आर यू के एन एस एस के कार्यक्रम समन्वयक डॉ ब्रजेश कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे।

हस्ताक्षर अभियान को सफल बनाने में सुरभि, ह्रकेश, अंकित, पीयूष, प्रिंस,अतुल का उल्लेखनीय योगदान रहा।

# चेंबर की कैपिटल मार्केट फाईनेंस उप समिति की बैठक आयोजित

वरीय संवाददाता

**रांची।** झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के कैपिटल मार्केट फाइनेंस उप समिति की बैठक गुरुवार को चैंबर भवन में हुई। बैठक के दौरान इस व्यापार में संलग्न डिस्ट्रीब्यूटर्स को सशक्त बनाने की आवश्यकता महसूस की गई। कहा गया कि म्युचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर्स, इंश्योरेंस एजेंट्स, कैपिटल मार्केट के ब्रोकर या सब ब्रोकर के लोगों का एक संगठित एसोसियेशन बनना चाहिए। उप समिति चेयरमेन विकास सहाय ने कहा कि इस कार्य में लगभग 4000 से अधिक लोग जुडे हुए हैं। उन सभी के एक प्लेटफॉर्म पर संगठित होने से व्यापार को मजबूती मिलेगी और निवेशकों को भी लाभ होगा। रांची में सेबी कार्यालय के बंद होने से हो रही कठिनाईयों पर भी चर्चा की गई। कहा गया कि पूर्व में रांची के कलेक्टोरेट ऑफिस में सेबी कार्यालय खोला गया था जो अब बंद है। रांची में पुनः सेबी कार्यालय खोलने के कार्यकारिणी सदस्य प्रवीण लोहिया के प्रस्ताव पर सेबी और वित्त मंत्रालय को पत्राचार करने का भी निर्णय लिया गया।

बैठक में कैपिटल मार्केट में कमीशन का स्ट्रक्चर यूनिफॉर्म नहीं होने के कारण होनेवाली परेशानियों पर भी चर्चा की गई और इसे व्यवहारिक बनाने की आवश्यकता महसूस की गई। चर्चाओं के क्रम में उप समिति द्वारा बीएसई, एनएसई और एनएसडीएल के चेयरमेन को चैंबर भवन में आमंत्रित कर, सम्मानित करने की भी सहमति बनाई गई। चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि हमारे लिए गर्व की बात है कि वर्तमान में



बीएसई के चेयरमेन प्रमोद अग्रवाल रामगढ़ के निवासी हैं तथा वे हमारे बीच के हैं। बैठक में यह भी कहा गया कि व्यापारियों के बीच कैपिटल मार्केट की समझ और जागरूकता होनी जरूरी है। कैंपिटल मार्केट की पूरी जानकारी होने पर व्यापार में ग्रोथ भी संभव है। यह निर्णय लिया गया कि विशेषकर चैंबर सदस्यों के लिए उप समिति द्वारा एक नियमित अंतराल पर कैपिटल मार्केट से जुडे विषय पर टॉक-शो का आयोजन किया जायेगा।

बैठक में चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री, प्रवीण लोहिया, कैपिटल मार्केट फाईनेंस उप समिति के चेयरमेन विकास सहाय, सदस्य कुमार प्रशांत गुप्ता और आरएन द्विवेदी उपस्थित थे।

# चैंबर भवन में प्याउ की व्यवस्था

**वरीय संवाददाता ,रांची।** भीषण गर्मी को देखते हुए झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा चैंबर भवन के प्रवेश द्वार पर प्याउ की व्यवस्था की गई है। प्याऊ की शुरुआत के मौके पर चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री, कार्यकारिणी सदस्य प्रवीण लोहिया, सदस्य विकास सहाय, कुमार प्रशांत गुप्ता और आरएन द्विवेदी मौजूद थे। चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि रांची में दिनों दिन बढ़ती गर्मी को देखते हुए चैंबर भवन के प्रवेश द्वार पर प्याउ की व्यवस्था की गई है ताकि आने-जानेवाले राहगीरों को ठंडा पेयजल उपलब्ध हो सके और उन्हें थोडी राहत मिल सके। साथ ही उन्होंने प्रचंड गर्मी को देखते हुए मानवता के आधार पर अन्य सभी व्यापारिक संस्थाओं एवं संस्थानों से भी अपने प्रतिष्ठान के बाहर अस्थाई प्याउ लगाने की अपील की।

## राजद महिला प्रकोष्ठ का पलामू के छतरपुर में जनसंपर्क अभियान-

### महाठबंधन के प्रत्याशी को जिताएं और झारखंड में विकास की गंगा बहाएं-रानी कुमारी



**वरीय संवाददाता , रांची।** राष्ट्रीय जनता दल (महिला प्रकोष्ठ), की अध्यक्ष रानी कुमारी के नेतृत्व में पलामू संसदीय क्षेत्र अंतर्गत छतरपुर में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। मौके पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए रानी कुमारी ने कहा कि झारखंड में महागठबंधन के प्रत्याशी को जीत दिलाने से ही राज्य का कायाकल्प संभव है। उन्होंने कहा कि आइएनडीआईए प्रत्याशी ममता भुइयां की जीत सुनिश्चित कराने के लिए राष्ट्रीय जनता दल की ओर से लगातार जनसंपर्क अभियान जारी है। इस क्रम में बुधवार को राजद महिला प्रकोष्ठ के कार्यकर्ताओं ने छतरपुर में जनसंपर्क अभियान कर महागठबंधन प्रत्याशी ममता भुइंया के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

रानी कुमारी ने कहा कि भाजपा की जनविरोधी नीतियों से जनता त्रस्त है। भाजपा से जनता का मोह भंग हो चुका है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में बनी कई जनकल्याणकारी योजनाओं को भाजपा ने रद्द कर दिया है। आने वाले चुनाव में जनता भाजपा को करारा जवाब देगी।

रानी कुमारी ने महागठबंधन की प्रत्याशी ममता भुइयां को भारी मतों से विजयी बनाकर संसद भेजने की अपील की। इस अवसर पर धनंजय पासवान, रूना देवी सहित काफी संख्या में राजद महिला प्रकोष्ठ की कार्यकर्ता मौजूद थीं।

## मजदूरों से हाथ मिलाएं, खुशियां उनके साथ मनाएं कार्यक्रम आयोजित

### अरिशान एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसायटी का सम्मान समारोह



**वरीय संवाददाता ,रांची।** मजदूर दिवस के मौके पर अरिशान एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसायटी द्वारा सिटी पब्लिक स्कूल और लिटिल एंजल्स हाई स्कूल के सभी कर्मचारियों को उनकी सर्विसेज व योगदान के लिए सम्मानित किया गया। सिटी पब्लिक स्कूल द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन भी किया। स्कूल के निदेशक मसूद कच्छी और वाइस प्रिंसिपल कहकशा मसूद ने कर्मचारियों के योगदान की सराहना की। अरिशान एजुकेशन वेलफेयर सोसायटी के चेयरमैन कहकशा मसूद ने अपने संबोधन में कहा कि

देश की तरक्की हमेशा मजदूर की पसीने से लिखी जाती है। कोई भी समाज तभी विकसित हो सकता है जब वह समाज के हर श्रमिक का उतना ही सम्मान करें जितना किसी अन्य वर्ग का होता है। इसी मूल अवधारणा के साथ एक मई को अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के तौर पर मनाया जाता है। बढ़ती गर्मी को देखते हुए आज हम अपने सोसाइटी के तरफ से इस स्कूल में 4 पंखा डोनेट करने का ऐलान करती हूं। जिसे सुनकर वहां बैठे कर्मियों ने तालियों से स्वागत किया। स्कूल के निदेशक मसूद कच्छी ने इस अवसर पर आए हुए सभी लोगो को रांची में होने वाले निर्वाचन में हिस्सेदारी के लिए संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि दुनियाभर में एक मई को हर साल अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाया जाता है। इस दिन मजदूरों के कार्य के प्रति सम्मान जताया जाता है। साल 1886 में मजदूर दिवस की शुरुआत हुई थी। मजदूर का हमारे जीवन में बहुत बड़ा योगदान है। इन्हे मजदूर न समझे बल्कि हेल्पर समझे। इस अवसर पर स्कूल में बैज सेरेमनी, स्पीच, सॉन्ग, डांस, प्राइज डिस्टिब्यूशन हुआ। जिसमे दोनो स्कूल सिटी पब्लिक स्कूल और लिटिल एंजल्स हाई स्कूल के सम्मानित किया गया। संचालन मिस सुंबुल परवीन ने की और धन्यवाद ज्ञापन आसिफ सर ने किया। आखिर में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। मौके पर नासिर, अदनान, राज, अमित, सबा, सोनी, तरन्नुम, मेहविश, राणा समेत स्कूल परिवार से जुड़े सभी लोग उपस्थित थे।

## 12वीं की परीक्षा में सांइस में स्टेट टॉपर स्नेहा को यशस्विनी सहाय ने किया सम्मानित

**वरीय संवाददाता ,रांची।** कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने झारखंड एकेडमिक काउंसिल द्वारा आयोजित 12वीं कक्षा की परीक्षा में उर्सुलाइन इंटर कॉलेज की छात्रा स्नेहा को स्टेट टॉपर होने पर सम्मानित किया। सुश्री सहाय गुरुवार को शहर के हरमू क्षेत्र के विद्यानगर (वार्ड 34) निवासी राजकुमार साह के आवास पर पहुंची व स्नेहा को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने स्नेहा का उत्साहवर्धन करते हुए आगे की बेहतर शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया। मौके पर सुश्री सहाय के पिता व पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, सुनील रजक, संतोष कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

## मारवाड़ी ब्राह्मण सभा रांची के सौजन्य से संचालित पांच दिवसीय फिजियोथेरेपी कैम्प का समापन बुधवार को

**प्रतिनिधि, रांची।** मारवाड़ी ब्राह्मण सभा रांची के सौजन्य से संचालित पांच दिवसीय फिजियोथेरेपी कैम्प का समापन बुधवार को हो गया। पांच दिनों में इस कैम्प में लगभग 500 विभिन्न वर्ग और समाज के लोगों ने अपना इलाज कराया।

कैम्प में उदयपुर से आए डॉ. एमए. चैनम एवं कैलाश कुमार ने बताया कि यह थेरेपी फोजन शोल्डर, कमर दर्द, घुटने का दर्द, एवं विभिन्न प्रकार के दर्द में विशेष रूप से प्रभावी है।

इस अवसर पर मारवाड़ी ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष रमेश चंद्र शर्मा, एवं मंत्री कृष्णा लाल शर्मा, ने बताया कि मारवाड़ी ब्राह्मण सभा भविष्य में फिर से इस तरह का कैम्प लगायेगी जिससे समाज के सभी लोगों को उचित उपचार मिल सके। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष अरुण जोशी एवं अशोक कुमार पुरोहित, उपमंत्री प्रदीप शर्मा एवं महेंद्र कुमार शर्मा कोषाध्यक्ष श्याम सुन्दर गोवला, आंतरिक अंकेक्षक अमित सारस्वत (काली), कार्यक्रम संयोजक नथमल शर्मा एवं सभी कार्यकारिणी सदस्यों ने योगदान दे कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

# कुशाक और स्लाविया एमवाई24 अपडेट के साथ अब और भी सुरक्षित



**जमशेदपुर।** अक्टूबर 2022 में कुशाक एसयूवी और अप्रैल 2023 में स्लाविया सेडान के साथ सुरक्षा के नए मानक स्थापित करने के बाद, स्कोडा ऑटो इंडिया ने कुशाक और स्लाविया के सभी वैरिएंट्स में स्टैंडर्ड तौर पर छह एयरबैग्स की पेशकश कर सुरक्षा की दिशा में आगे बढ़ना जारी रखा है। यह पेशकश कंपनी के ऐतिहासिक मेड-फॉर-इंडिया, रेडी-फॉर-द-वर्ल्ड इंडिया 2.0 प्रोडक्ट पोर्टफोलियो के लिए एमवाई24 अपडेट का हिस्सा है।

अपग्रेड के बारे में स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड निदेशक पीटर जनेबा ने कहा, ÷स्कोडा डीएनए में सुरक्षा हमेशा से उसकी बुनियाद रहा है। हम ग्लोबल एनसीएपी परीक्षणों के तहत वयस्कों और बच्चों के लिए पूरे 5-स्टार स्कोर करने वाले पहले ब्रांड रहे हैं। सुरक्षा पर हमारा जोर हमारे मानवीय जुड़ाव के दृष्टिकोण का प्रतीक है और एक पारिवारिक ब्रांड होने पर हमारे फोकस को सामने लाता है। हमने हमेशा अपने बेस वैरिएंट में फ्रंटल एयरबैग और अपने उच्च वैरिएंट में छह एयरबैग्स की पेशकश की है, जो पूरी तरह से सुरक्षित है। हमारे एमवाई24 अपडेट के तहत अब हम कुशाक और स्लाविया के सभी वैरिएंट्स में छह एयरबैग्स प्रदान करते हैं। हम हमेशा से ही अपने ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करते आ रहे हैं और साथ ही अपने प्रोडक्ट पोर्टफोलियो और हमारे वैरिएंट लाइन-अप के भीतर जरूरी अपग्रेड्स और महत्वपूर्ण प्रोडक्ट्स एक्शंस मुहैया कराना जारी रखेंगे।

### एमवाई24 स्टार एडीशंस

स्कोडा ऑटो इंडिया ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, अब कुशाक और स्लाविया दोनों के लाइन-अप में स्टैंडर्ड तौर पर छह एयरबैग्स पेश किए हैं।

### लगातार अपडेट

कुशाक और स्लाविया की एमवाई24 रेंज में किया गया विस्तार कंपनी द्वारा 2023 की चौथी तिमाही में पहले से पेश किए गए अपडेट से अतिरिक्त है।

### दुनिया के लिए मेड इन इंडिया प्रोडक्ट

जुलाई 2021 में पेश किया गया कुशाक, और मार्च 2022 में पेश लॉन्च स्लाविया, मेड-फॉर-इंडिया, रेडी-फॉर-द-वर्ल्ड प्लेटफॉर्म पर आधारित है और अन्य राइट-हैंड ड्राइव और जीसीसी देशों को निर्यात किया जा रहा है।

## शहीदों की कुर्बानियां व्यर्थ न जाने दें-यशस्विनी सहाय



**प्रतिनिधि,रांची/ईचागढ़।** रांची संसदीय सीट से आइएनडीआईए प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने कहा कि शहीदों को समुचित सम्मान देना हमारा नैतिक कर्तव्य है। शहीदों की कुर्बानियां व्यर्थ न जाए, इस दिशा में हमें सजग रहने की जरूरत है। सुश्री सहाय बुधवार को रांची संसदीय क्षेत्र के ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत चौका चौक पर स्थापित झारखंड आंदोलनकारी शहीद धनंजय महतो और शहीद अजीत महतो की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद उपस्थित जन समूह को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि झारखंड का इतिहास आंदोलनकारियों की शहादत से भरा है। स्वतंत्रता संग्राम से लेकर झारखंड अलग राज्य के निर्माण तक आंदोलनकारियों की लंबी सूची है। अमर शहीदों/बलिदानियों के आदर्शों को आत्मसात कर एवं उनके पदचिन्हों पर चलते हुए हमें देश,राज्य व समाज के प्रति समर्पित भाव से अपने कर्तव्य का निर्माण करते रहने की जरूरत है।

इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय सहित काफी संख्या में स्थानीय कार्यकर्ता मौजूद थे।

## रेलवे अधिकारियों ने पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के बानादाग रेलवे साइडिंग किया दौरा

पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि



**बड़कागांव( हजारीबाग)।** तरुण प्रकाश, अपर महाप्रबंधक (पूर्व मध्य रेलवे) ने हजीपुर क्षेत्र और धनबाद डिवीजन के वरिष्ठ रेलवे अधिकारियों के साथ पकरी बारवाड़ीह कोयला खनन परियोजना के बनादाग रेलवे साइडिंग का दौरा किया। साइडिंग पहुँचने पर परियोजना प्रमुख फ़ैज़ तैयब ने सभी मेहमानों का प्लांटर और अंगवस्त्र देकर स्वागत किया।

तत्पश्चात साइडिंग परिसर में एक संक्षिप्त बैठक हुई, जिसमें एनटीपीसी के वरिष्ठ अधिकारियों ने आरएलएस निर्माण और यार्ड वृद्धि कार्य का व्यापक अवलोकन प्रदान किया। विभिन्न विकास परियोजनाओं के डेडलाइन को ध्यान में रखते हुए एनटीपीसी के अधिकारियों ने रेलवे से समय पर कार्य पूरा करने के लिए पसहयोग की मांग की।

इसके बाद, टीम बनाडग साइडिंग क्षेत्र, आरएलएस क्षेत्र, और निर्माणाधीन रेलवे यार्ड का दौरा करते हुए, रेक लोडिंग, सीमा निर्माण, आरएलएस निर्माण, ब्रिज 4 का निर्माण, और ट्रैक रखने सहित विभिन्न कार्यों का अवलोकन किया। मौके पर मुख्य रूप से तरुण प्रकाश, एजीएम (पूर्व मध्य रेलवे), के साथ उल्लेखनीय महान व्यक्तित्वों में मनोज सिंह, पीसीओएम (पूर्व मध्य रेलवे), कमल किशोर सिन्हा, डीआरएम (धनबाद डिवीजन), रमश्रय पाण्डेय, सीएओ (निर्माण), और वरिष्ठ एनटीपीसी अधिकारियों में फ़ैज़ तैय्यब (एचओपी पीबी-सीएमपी), संजय दुबे (जनरल मैनेजर, इंफ्रास्ट्रक्चर), अमुदला प्रताप (एजीएम, डिस्पैच), और बसंत बेहरा (एजीएम, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग) शामिल थे। यात्रा एनटीपीसी ट्रांजिट कैंप, जूलू पार्क हजारीबाग में भोजन के साथ समाप्त हुई। उक्त आशय कि जानकारी एनटीपीसी के पीआरओ दिलीप ठाकुर ने दी।

### कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय की नुक्कड़ सभा में उमड़ी भीड़

## सर्वांगीण विकास का सपना साकार करने के लिए युवा उम्मीदवार को विजयी बनाएं-डॉ.राकेश किरण महतो

### लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन का परचम लहराएगा-सुबोधकांत सहाय

विशेष संवाददाता



**रांची/ राहे (सोनाहातु)।** लोकसभा चुनाव के लिए इंडिया गठबंधन की ओर से गुरुवार को रांची संसदीय क्षेत्र अंतर्गत राहे प्रखंड के सताकी, अंबाझरिया और होटलो पंचायत में नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने स्थानीय नागरिकों से समर्थन मांगा। उन्होंने कहा कि यदि उन्हें अवसर मिला, तो सबसे पहले क्षेत्र के सर्वांगीण विकास का सपना साकार करूंगी। लोगों को सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा सहित अन्य बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करने की दिशा में समुचित कदम उठाए जाएंगे।

मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि वह अपने कार्यकाल में इस क्षेत्र की जनता की समस्याओं के समाधान के प्रति हमेशा प्रयासरत रहे हैं। श्री सहाय ने कांग्रेस प्रत्याशी को समर्थन देकर विजयी बनाने की अपील की। मौके पर कांग्रेस नेता डॉ राकेश किरण महतो ने कहा कि युवा उम्मीदवार से क्षेत्र की जनता के बीच एक नई आस जगी है।

नुक्कड़ सभा के माध्यम से स्थानीय नागरिकों से कांग्रेस प्रत्याशी सुश्री सहाय के पक्ष में मतदान करने और भारी मतों से उन्हें विजयी बनाने की अपील की गई।

इस अवसर पर

प्रेम शाही मुंडा, दिनेश साहू, लालमणि देवी , मेरी तिर्की, निशा भगत, राज किशोर मुंडा, सुफल महतो, पाण्डु मुंडा मुखिया, ध्यानचंद अहिर, संदीप अहिर, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष, रामानंद बेदिया, देवगन महतो, लखीराम मुंडा, अश्विनी मेहता, अल्पना देवी, प्रदीप गोस्वामी, शेख निसार,विजय महतो सहित काफी संख्या में इंडिया गठबंधन में शामिल दलों के नेता, कार्यकर्ता व स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।

## लोकसभा चुनाव 2024 के लिए ईवीएम/वीवीपैट का प्रथम रैंडमाइजेशन कार्य का हुआ संपन्न

**प्रतिनिधि,दुमका।** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए ईवीएम/वीवी पैट का प्रथम रैंडमाइजेशन का कार्य गुरुवार को एनआईसी दुमका के सभाकक्ष में संपन्न हुआ।इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी,सभी एआरओ एवं विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि की उपस्थिति में विधानसभावार यथा 07 शिकारीपाड़ा,10 दुमका,11 जामा,12 जरमुंडी के ईवीएम तथा वीवी पैट का रैंडमाइजेशन किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी आंजनेयुलु दोड्डे की देखरेख में ईवीएम/वीवीपैट के प्रथम रैंडमाइजेशन के उपरांत 07 शिकारीपाड़ा,10 दुमका,11 जामा,12 जरमुंडी के कुल 1117 मतदान केंद्रों के लिए बैलेट यूनिट,कंट्रोल यूनिट तथा वीवी पैट का चिन्हितिकरण किया गया। इसके उपरांत जिला निर्वाचन पदाधिकारी आंजनेयुलु दोड्डे ने ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण किया।इस दौरान विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।



## लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनज़र होम वोटिंग की तिथि 9 मई से 14 मई तक निर्धारित

### होम वोटिंग के लिए 22 मतदान दल का किया गया है गठन,टीम में माइक्रों ऑर्ब्जबर, मतदान पदाधिकारियों के साथ विडियोग्राफर एंव सुरक्षा कर्मी रहेंगें

**प्रतिनिधि, हजारीबाग।** हजारीबाग लोकसभा आम चुनाव 2024 अंतर्गत होम वोटिंग के लिए कार्मिक कोषांग हजारीबाग द्वारा मतदान दल का गठन किया जा चुका है। होम वोटिंग द्वारा मतदान की तिथि दिनांक 9 मई से 14 मई तक निर्धारित की गई है। आपको बता दें कि होम वोटिंग की सुविधा वैसे मतदाताओं को दी जा रही है जिनकी दिव्यांगता का प्रतिशत 40 हो एवं 85 या उससे अधिक उम्र वाले इच्छुक वरिष्ठ मतदाता जो बूथ में जाकर मतदान करने में असमर्थ हो उन्हें घर से मतदान करने का मौका दिया जा रहा है।लोकसभा आम चुनाव 2024 के तहत 14-हजारीबाग संसदीय क्षेत्र अंतर्गत घर से मतदान करने वालों की एक सूची तैयार की जा चुकी है। मतदान के दौरान पारदर्शिता बरतने के लिए इन वोटर्स की सूची को 14-हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के पार्टी उम्मीदवारों के साथ साझा किया जाएगा। घर से मतदान की प्रक्रिया पूरी होने के बाद रिटर्निंग ऑफिसर के पास बैलेट पेपर को सुरक्षित रखवा दी जाएगी। इन मतदान पत्रों के गिनने की प्रक्रिया सामान्य मतों की गिनती के दौरान ही की जायेगी।

लोक सभा आम निर्वाचन-2024 के तहत् पॉचवे चरण के अन्तर्गत हजारीबाग जिला में होम वोटिंग कराये जाने की तिथि 09 मई से 14 मई तक निर्धारित।

लोक सभा आम निर्वाचन-2024 के तहत् पॉचवे चरण के अन्तर्गत वरिष्ठ मतदाताओं (AVSC 85+ आयुवर्ग) एवं वैसे विकलांग मतदाताओं (AVPD) को जिनकी विकलांगता का प्रतिशत 40 से अधिक है तथा वें मतदान केन्द्र पर जाकर मतदान के अधिकार का उपयोग कर पाने में सक्षम नहीं है उन मतदाताओं के लिए होम वोटिंग की सुविधा उपलब्ध कराये जाने हेतु हजारीबाग जिला में 22 मतदान दल का गठन किया जा चुका है।जो दिनांक 09 मई से 14 मई तक विभिन्न प्रखण्डों में चिन्हित मतदाताओं के घर जाकर मतदान की प्रक्रिया को सम्पादित करेंगें। उक्त टीम में माइक्रों ऑर्ब्जबर, मतदान पदाधिकारियों के साथ विडियोग्राफर एंव सुरक्षा कर्मी रहेंगें। उक्त कार्य हेतु मतदाताओं की सूची तैयार की जा रही है, जिसे मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों/उम्मीदवारों/उनके प्रतिनिधियों को भी उपलब्ध कराया जायेगा।

## मोतरा घाटी से अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर जब्त

**पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि,बड़कागांव ।** बड़कागांव पुलिस ने शुक्रवार को मोतरा घाटी से अवैध बालू लदा दो ट्रैक्टर जब्त करके बड़कागांव थाना परिसर लाया गया। कार्रवाई बड़कागांव थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में किया गया। जब्त ट्रैक्टरो के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करते हुए बड़कागांव अंचलाधिकारी को अग्रसारित किया गया। वहीं थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह ने कहा कि अवैध बालू के विरुद्ध हमेशा कानूनी कार्रवाई किया जा रहा है और आगे करवाई किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### मुकेश सहनी ने अपने विवादित बयान पर पीएम से मांगी माफी



**पटना, एजेंसी।** विकासशील इंसान पार्टी के नेता और बिहार के पूर्व मंत्री मुकेश सहनी आज पटना एयरपोर्ट पर मीडिया से चर्चा के दौरान कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को लेकर मैंने कोई विवादास्पद बयान नहीं दिया था, लेकिन फिर भी अगर किसी को उस बयान से दुख पहुंचा हो, तो मैं खेद प्रकट करता हूं. उन्होंने कहा कि मेरे बयान को तोड़मरोड़ कर पेश कर दिया गया. उन्होंने कहा कि मेरा कहना साफ है कि बीजेपी पिछले करीब 17 साल सत्ता में रही, अगर उसकी नीयत मंडल कमीशन के 40 सिफारिशों को लागू करने की होती तो कर देती. मुकेश सहनी ने सुरक्षा वापस लेने पर भी भड़कते हुए कहा कि बयान देने के कुछ ही समय के बाद उनकी सुरक्षा वापस ले ली गई. उन्होंने कहा कि सुरक्षा देना या वापस लेने की एक प्रक्रिया होती है, लेकिन जिन्हें संविधान की परवाह नहीं वह सभी संस्थाओं को जेब में रख चुके हैं. इसी की लड़ाई हमलोग लड़ रहे हैं. उन्होंने साफ लहजे में कहा कि मैं निषादों के लिए पिछले कई वर्षों से संघर्ष कर रहा हूं और आगे भी करता रहूंगा. अपने हक, अधिकार की लड़ाई लड़ना गुनाह है, तो फांसी पर लटका दीजिए. मरवा दीजिए. सन ऑफ मल्लाह के नाम से चर्चित मुकेश सहनी ने कहा कि बीजेपी नवंबर में निषाद आरक्षण की बात की थी, लेकिन नीतीश कुमार के एनडीए में आने के बाद वह पीछे हट गई. उन्होंने साफ लहजे में कहा कि मैं गुलाम बनकर नहीं रह सकता, शुरू से संघर्ष करता रहा हूं, आगे भी करता रहूंगा. उनकी अभी सरकार है फांसी दे दे, लेकिन संघर्ष का रास्ता नहीं छोड़ूंगा.

### शराब की जगह घर में मिला देसी कट्टा, युवक गिरफ्तार

**लखीसराय, एजेंसी।** लखीसराय के सूर्यगढ़ा थाना क्षेत्र में अलीनगर गांव से पुलिस ने तूफानी सहनी के घर में छापेमारी कर एक देसी कट्टा और 315 बोर की दो जिंदा कारतूस को बरामद किया है। इसके साथ ही तूफानी सहनी के बेटे लक्ष्मण सहनी को गिरफ्तार किया है। दरअसल पुलिस को सूचना मिली थी कि लक्ष्मण सहनी शराब का अवैध कारोबार कर रहे है। सूचना के बाद घर में सत्यापन के लिए जब पुलिस पहुंची तो शराब की जगह लक्ष्मण सहनी के कमरे से तकिया के नीचे रखा एक देसी कट्टा और दो जिंदा कारतूस बरामद किया। इसके बाद उसे जब्त कर लक्ष्मण सहनी को गिरफ्तार कर लिया गया। मामले को लेकर अपर थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने कहा कि सूर्यगढ़ा थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। इधर आरोपी और उनके परिजनों का कहना है कि हथियार उनके घर कैसे आया इसकी जानकारी उन्हें नहीं है। बिस्तर झाड़ कर सोए थे उस समय तक कोई हथियार नहीं था। घटना की रात घर का दरवाजा खुला था। इधर सूर्यगढ़ा थानांध्यक्ष भगवान राम ने बताया कि आरोपी का आपराधिक इतिहास रहा है। वह पहले भी शराब का कारोबार करने और बाइक चोरी में जेल जा चुका है।

### आरपीएफ ने तीन मोबाइल झपटमार को दबोचा, मोबाइल बरामद

**भागलपुर, एजेंसी।** आरपीएफ की टीम ने भागलपुर स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 4-5 से 3 मोबाइल झपटमार को दबोचने में मंगलवार की शाम सफलता पाई है। बदमाशों के पास से तीन मोबाइल फोन भी बरामद किया गया है। उनकी पहचान बांका जिले के बाराहाट थाना क्षेत्र के बढ़ौना गांव निवासी किशोर दास, बांका जिले के अमरपुर थाना क्षेत्र के कामदेवपुर निवासी बंटी सिंह और तातारपुर थाना क्षेत्र के रामसर चौक निवासी संजय कुमार सिंह के रूप में हुई है। आरपीएफ इंस्पेक्टर रणधीर कुमार ने बताया कि उनकी और इंस्पेक्टर शिव शंकर सिंह की निगरानी में एसआई संतोष कुमार, शरद कुमार सुमन, पार्थ मिश्रा, एचसी उत्तम सरकार, सिटी राजकुमार, अमीश कुमार की टीम ने शाम को विशेष ड्राइव चलाया था। टीम जब प्लेटफार्म नंबर 4-5 पर पहुंची तो तीन लोग पुलिस को देखते ही भागने लगे। वे लोग रेलवे ट्रैक पर कूद कर भागने के प्रयास में थे, लेकिन दूसरी ओर से आरपीएफ की टीम ने उन तीनों को दबोचने में सफलता पाई। तीनों ने पकड़े जाने के बाद पहले पुलिस टीम को बरगलाना चाहा, लेकिन उनके पास बरामद मोबाइल के बारे में जब पूछताछ हुई तो वह लोग गोल मटोल जवाब देने लगे।

# इंडिगो एयरलाइंस के वरीय अधिकारियों संग चैंबर भवन में वार्ता आयोजित




वरीय संवाददाता

**रांची।** इंडिगो एयरलाइंस की सेवाओं में विस्तार से जुड़े बिंदुओं पर चैंबर भवन में झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों और एयरलाइंस के वरीय पदाधिकारियों के बीच सकारात्मक बैठक हुई। चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने रांची से जयपुर, रांची से बगडोगरा टू गुवाहाटी, रांची से रायपुर, गुवाहाटी, सूरत, बनारस, अमृतसर के अलावा देवघर से बंगलुरू, मुंबई इंडिगो की सीधी फ्लाईट चलाने को जरूरी बताया। यात्रियों की सुविधा को देखते हुए उन्होंने रांची से दिल्ली के लिए अर्ली मॉर्निंग डिपार्चर तथा देर रात दिल्ली से रांची फ्लाईट सेवा की उपलब्धता की बात भी कही। कहा कि इससे यात्री एक दिन में ही रांची से दिल्ली आना-जाना कर सकेंगे। साथ ही उन्होंने इंडिगो की सर्वोत्तम सेवाओं की प्रशंसा की।

सीविल एवीयेशन उप समिति के चेयरमेन डॉ अभिषेक रामाधीन एवं श्रवण राजगढिया ने संयुक्त रूप से हवाई किराये को संतुलित रखने की बात कही। यह कहा कि किराये को लेकर यात्रियों में हमेशा असमंजसता की स्थिति बनी रहती है। यह भी सुझाया कि कारपोरेट पैसेंजर्स जो बिना लगेज के सफर करते हैं उन्हें किराये में छूट देनी चाहिए। साथ ही गंभीर बीमारियों से ग्रसित पैसेंजर एवं दिव्यांगजनों को भी किराये में रियायत देने की पहल होनी चाहिए।

सह सचिव शैलेष अग्रवाल ने इंडिगो के अधिकारियों को अपनी विस्तृत मांग से अवगत कराया। साथ ही उन्होंने इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइटों में हाईस्पीड इंटरनेट सुविधा उपलब्ध कराने तथा रांची से दुबई, सिंगापुर, बैंकॉक के लिए इंटरनेशनल फ्लाईट स्टॉर्ट करने की बात कही। चर्चाओं के क्रम में सदस्यों ने रांची लखनउ की इंडिगो सेवा के बंद होने से हो रही परेशानी, फेयर प्राइज को कंट्रोल रखने, सावन मेला के समय रांची से बडा एयरक्राफ्ट चलाने तथा रांची एयरपोर्ट पर बैगेज स्क्रीनिंग के लिए इंस्टॉल्ड सिस्टम को जल्द चालू करने की बात कही गई।

इंडिगो एयरलाइंस के वरीय अधिकारियों ने चैंबर के द्वारा दिये गये सभी सुझावों पर सकारात्मक कार्रवाई के लिए आश्वस्त किया। सभा का संचालन सह सचिव अमित शर्मा ने तथा धन्यवाद ज्ञापन सिविल उप समिति चेयरमेन श्रवण राजगढ़िया ने किया।

बैठक में चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री, उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, राहुल साबू, सह सचिव अमित शर्मा, शैलेष अग्रवाल, कोषाध्यक्ष ज्योति कुमारी, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित माहेश्वरी, कार्यकारिणी सदस्य डॉ अभिषेक रामाधीन, प्रवीण लोहिया, संजय अखौरी, नवजोत अलंग, सदस्य श्रवण राजगढिया, राजीव चौधरी, अमित अग्रवाल, प्रमोद चौधरी, जेडी लूईस, दिलीप कुमार, संजीव पोद्दार, अंकिता वर्मा, कौशल मित्तल के अलावा अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्राध्यापक ने की राज्यपाल को पुस्तक भेंट



**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से गुरुवार को झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय के सहायक प्राध्यापक शशांक डी. कुलकर्णी ने राजभवन में भेंट की एवं कृषि शोध पर आधारित स्वलिखित पुस्तक राज्यपाल को भेंट की।

### लोकसभा चुनाव 2024 के लिए ईवीएम/वीवीपैट का प्रथम रैंडमाइजेशन कार्य का हुआ संपन्न



**प्रतिनिधि,दुमका।** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए ईवीएम/वीवी पैट का प्रथम रैंडमाइजेशन का कार्य गुरुवार को एनआईसी दुमका के सभाकक्ष में संपन्न हुआ।इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी,सभी एआरओ एवं विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि की उपस्थिति में विधानसभावार यथा 07 शिकारीपाड़ा,10 दुमका,11 जामा,12 जरमुंडी के ईवीएम तथा वीवी पैट का रैंडमाइजेशन किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी आंजनेयुलु दोड्डे की देखरेख में ईवीएम/वीवीपैट के प्रथम रैंडमाइजेशन के उपरांत 07 शिकारीपाड़ा,10 दुमका,11 जामा,12 जरमुंडी के कुल 1117 मतदान केंद्रों के लिए बैलेट यूनिट,कंट्रोल यूनिट तथा वीवी पैट का चिन्हितिकरण किया गया। इसके उपरांत जिला निर्वाचन पदाधिकारी आंजनेयुलु दोड्डे ने ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण किया।इस दौरान विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

# खेत की रखवाली कर रहे किसान को मारी तीन गोली, 15 से अधिक बदमाशों ने की फायरिंग

**ग्रामीणों ने जख्मी किसान को बचा, पटना रेफर**



**आरा(भोजपुर), एजेंसी।** भोजपुर जिले के कोईलवर थाना क्षेत्र के जमालपुर गांव के बधार में बुधवार की रात खेत की रखवाली कर रहे सारण निवासी किसान को गोली लग गई। जख्मी किसान को एक गोली बाए पैर, एक जांघ और एक गोली बाए हाथ की हथेली में लगी है। वहां मौजूद अन्य लोगों की मदद से उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे डॉक्टरों ने पटना रेफर कर दिया है।

**खेत में बने मचान पर सोए हुए थे :** जख्मी किसान सारण (छपरा) जिला के डोरीगंज थाना क्षेत्र के चकिया गांव निवासी स्व. रजक महतो के 40 वर्षीय पुत्र पुर्नवाशी महतो है। इधर, जख्मी किसान ने बताया कि वे भोजपुर जिले के कोईलवर थाना क्षेत्र के जमालपुर गांव के बधार में मेरा खेत है। मैंने खेत में हरी सब्जी नेनुआ, लौका और करैला की खेती किया है। हर रोज की अपने घर से खाना खाकर अपने खेत की नीलगायों से रखवाली करने के लिए खेत में लगे मचान पर सोया हुआ था। इसी बीच 10 से 15 की संख्या आए लोगों ने ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। गोली चलने की आवाज सुनकर भागने की कोशिश की। तभी गोली लग गई। किसी तरह वहां अन्य किसानों ने मुझे बचाया।

**पटना रेफर किया गया :** परिजनों की मदद से इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जख्मी किसान ने कहा कि किसी से कोई विवाद नहीं है। चिकित्सक सुजीत कुमार ने बताया कि अधेड़ को गोली लगी है। गोली लगने से पैर पूरी तरह फैक्चर हो गया है। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया है।

# नव दिवसीय रूद्र महायज्ञ संपन्न, यज्ञ मंडप परिक्रमा करने को लेकर श्रद्धालुओं में दिखी उत्सुकता

## हवन से वातावरण हुआ भक्तिमय



**नालंदा, एजेंसी।** नालंदा के हरनौत प्रखंड के शेरपुर गांव स्थित नवनिर्मित महादेव मंदिर परिसर में आयोजित नव दिवसीय पंच कुंडिय शिव प्राण प्रतिष्ठा को लेकर महायज्ञ बुधवार को पूर्णाहुति व भंडारा के साथ संपन्न हो गया। यज्ञाचार्य पूर्ण चंद उपाध्याय द्वारा मंत्रोच्चार के साथ-साथ विधि विधान से पूजा अर्चना के कर हवन का कार्य संपन्न कराया। इस क्रम में श्रद्धालुओं ने देवी-देवताओं के नाम हवन किया। हवन करने को लेकर गांव के साथ-साथ आस पास के श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। वहीं हवन से संपूर्ण वातावरण भक्तिमय बना रहा। नौ दिनों तक चलने वाला यज्ञ में प्रवचन सुनने को लेकर भी श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। यज्ञ मंडप परिक्रमा करने को लेकर भी महिला-पुरुष व बच्चे काफी उत्सुक दिखे। वहीं मंचन के माध्यम से राष्ट्रीय कथा वाचिका देवी राजनंदनी जी ने अंतिम दिन राम कथा में शबरी प्रसंग व अयोध्या धाम से आए हुए महंत स्वामी श्रीनिवासनंद सरस्वती जी के द्वारा यज्ञ की महिमा समेत विभिन्न सामाजिक सरोकार के साथ-साथ धार्मिक ग्रंथ पर आधारित प्रवचन श्रद्धालुओं को सुनायें। नौ दिनों तक चलने वाला रुद्र महायज्ञ से नालंदा व पटना जिले के शेरपुर , तीरा , नेहुसा , मिशी , गोखुलपुर , उखड़ा , दैली , घांघ-सिरसी समेत गांव कई गांव भक्ति के सागर में डूबा रहा। इस दौरान कमिटी के तरफ से ब्राह्मणों को विदाई भी दी गई। पूर्णाहूति , ब्रहामण विदाई व भंडारे के साथ यज्ञ का भव्य समापन हुआ। भंडारा में महा प्रसाद ग्रहण करने को लेकर भी श्रद्धालुओं की भीड़ अच्छी खासी देखी गई। इस भंडारा में समरसता झलक रही थी। भंडारा में श्रद्धालुओं को महाप्रसाद के रूप पूरी , बूंदिया व सब्जी का महाभोग परोसा गया। गौरलतब है कि गांव में वर्ष 2019 से महादेव मंदिर का निर्माण कार्य चल रहा था। उक्त मंदिर का निर्माण में करीब 25 लाख रुपए खर्च हुई है। मंदिर बनने के उपलक्ष्य में महायज्ञ का आयोजन किया गया था। यज्ञ के सफल संचालन में देवानंद कन्हैया , मिथिलेश , बलवंत , प्रेम राज , नरेश , राम पदार्थ , गोपाल , अनिल , साधु , श्रवण , राकेश सहित अन्य की अहम भूमिका रही।

# विधायक गोपाल मंडल के बेटे पर एफआईआर, पुलिस से रंगदारी मांगने का आरोप



**भागलपुर, एजेंसी।** अपने बयानों को लेकर चर्चा में रहने वाले जेडीयू विधायक नरेंद्र कुमार नीरज उर्फ गोपाल मंडल के पुत्र आशीष मंडल पर एफआईआर दर्ज कराई गई है। भागलपुर के कदवा सहायक थाना में एफआईआर दर्ज की गयी है। कदवा थाना अध्यक्ष मो. नसीब अंसारी के बयान पर दर्ज एफआईआर में आरोपी विधायक पुत्र के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने, आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने के साथ रंगदारी मांगने का आरोप लगाया गया है। पुलिस छानबीन कर रही है। विधायक गोपाल मंडल ने सभी आरोपों को निराधार बताया है। गोपाल मंडल बिहार के गोपालपुर विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। थानाध्यक्ष मो. नसीब अंसारी ने दर्ज एफआईआर में बताया है कि विधायक पुत्र ने रात लगभग 9 बजे फोन कर थाना पर आने को कहा। मैं उस समय शाम की गश्ती में था। हम लगभग 930 बजे थाना पहुंचे, जहां विधायक पुत्र आशीष मंडल अपने 20-25 समर्थकों के साथ मजमा लगाकर प्रशासन विरोधी नारे लगाते हुए थाना का घेराव कर रहे थे। जब मैं विधायक पुत्र आशीष मंडल को समझाने का प्रयास किया तो उन्होंने बात नहीं सुनी और लगातार प्रदर्शन किया जाता रहा। उधर विधायक गोपाल मंडल के पुत्र आशीष मंडल ने कहा कि थानाध्यक्ष ने जो भी आरोप लगाया है वह निराधार है। हमलोग कदवा पुलिस की मनमानी के खिलाफ शांतिपूर्ण धरना पर बैठे थे। थाना पर जो भी पीड़ित आवेदन लेकर जाता है थानाध्यक्ष डांट फटकार कर भगा देते हैं और बाद में मुंशी फोन कर पैसा मांगता है। पिछले 21 अप्रैल को आपसी विवाद में कदवा थाना कांड संख्या 11/24 एवं 12/24 में मामला दर्ज किया गया था। जिसको लेकर आशीष मंडल द्वारा थाने में मेल मिलाप का आवेदन देकर केस सुलह करने का दबाव बनाया गया। थानेदार मो. नसीब अंसारी नेकहा कि यहां पर केस दर्ज होता है, मेल मिलाप कोर्ट में होता है। लेकिन आशीष मंडल और उनके समर्थकों ने बात नहीं सुनी। वह प्रदर्शन करने लगे। इसको देखते हुए हमने अपने बयान पर आशीष मंडल सहित नौ लोगों को नामजद और 15 अज्ञात पर मामला दर्ज किया है।



### ससुराल से बेटी हुई गायब, मां ने कराया मामला दर्ज

**किशनगंज, एजेंसी।** किशनगंज थाना क्षेत्र की निवासी समीजा खातुन ने अनगढ़ थाना में आवेदन देकर बेटी महफिजा खातून के गायब होने का मामला दर्ज कराया है। उन्होंने बताया कि उसकी उम्र 22 साल है और दो साल पहले उसका निकाह अनगढ़ थाना निवासी मनसूर आलम पिता स्व मो इलयास गांव चन्दवार के साथ हुआ था। 28 अप्रैल को शाम 5 बजे उसने फोन करके बोला कि पति मनसूर आलम, सास अमीन खातुन, ननद रुकया खान, जेठ जमीन अख्तर और देवर नशीरुददीन सभी लोग मिलकर मारपीट करते है। वहीं 29 अप्रैल को उसने बताया कि वह लोग उसको लेकर कहीं जा रहे है। इसके बाद से बेटी की खोज के लिए भटक रहे है। रिश्तेदारों के साथ उसके ससुराल में आए उसके बाद भी कुछ पता नहीं चला है। इन लोगों ने उसको कहीं गायब कर दिया है।

# 'रक्तदान महा अभियान' शिविर का हुआ शुभारंभ

**एसपी डीसी ने किया रक्तदान**




**प्रतिनिधि,साहिबगंज।** जिला मुख्यालय स्थित सदर अस्पताल के रक्त अधिकोष केंद्र में उपायुक्त हेमंत सती, आरक्षी अधीक्षक कुमार गौरव और सिविल सर्जन अरविंद कुमार ने संयुक्त रूप से ÷रक्तदान महाअभियान÷ शिविर का फीता कटकर भव्य शुभारंभ किया। इसके पूर्व आरक्षी अधीक्षक और उपायुक्त ने रक्तदान किया और रक्तदान के महत्ता पर प्रकाश डाला। शिविर में दर्जनभर से अधिक रक्तवीरों ने भी अपना रक्तदान किया। सभी रक्तवीरों को सम्मान स्वरूप मोमेंटो और प्रशस्ति प्रमाण पत्र प्रदान क़र सम्मानित किया गया। मौके पर उपायुक्त ने बताया कि प्रत्येक माह के पहली तारीख को जिला प्रशासन द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि युवाओं को नियमित रूप से अवश्य रक्तदान करना चाहिए। रक्तदान से किसी तरह का कोई नुकसान नही होता है। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ा रिश्ता खून का होता है। यह बात परिवार को लेकर कही गई है, लेकिन हमलोग अपना खून देकर ना जाने कितनों से अपनों जैसा रिश्ता बना सकते हैं। आगे उन्होंने कहा कि खून को न तो बनाया जा सकता है और न ही खरीदा जा सकता है, इसीलिए लोगों द्वारा किए गए रक्तदान से ही अनेक मरीजों को रक्त उपलब्ध कराकर उनकी जान बचाई जा सकती है। उन्होंने जिले वासियों से ÷रक्तदान महाअभियान÷ में शामिल होकर रक्तदान करने की अपील भी की। वहीं, आरक्षी अधीक्षक कुमार गौरव ने भी जिले वासियों से रक्तदान करने की अपील करते हुए कहा कि जिला प्रशासन के इस सराहनीय कदम से जिला के आलाधिकारी, सरकारी कर्मी, पुलिस अधिकारी, समाजसेवी व आम जन भी सबक लेकर रक्तदान हेतु प्रेरित होंगे। मौके पर जिला नियोजनालय पदाधकारी पंकज झा समेत अस्पताल के कर्मियों और आमजनों ने भी रक्तदान किया।

समाहरणालय सिमडेगा
dprosimdega@yahoo.in
(डाक मतपत्र कोषांग)

**आदेश**

11–खुँटी (ST) लोक सभा आम निर्वाचन 2024 के अन्तर्गत 70–सिमडेगा विधान सभा एवं 71–कोलेबिरा विधान सभा क्षेत्र के वैसे मतदाता जो मतदान की तिथि (13.05.2024) को आवश्यक सेवाओं (AVES) में संलग्न रहने के कारण अपने मतदान केन्द्र पर मताधिकार के प्रयोग से वंचित मतदाताओं को डाक मतपत्र के द्वारा समाहरणालय सिमडेगा सभा कक्ष में संचालित Postal Voting Centre (PVC) पर निम्नानुसार मतदान की सुविधा प्रदान की जायेगी :–

| क्र0 सं0 | Postal Voting Centre का नाम | मतदान की तिथि | मतदान का समय | नोडल पदाधिकारी का नाम/पदनाम/मो0 न0 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | जिला समाहरणालय सिमडेगा सभा कक्ष। | 07.05.2024 से 09.05.2024 | सुबह 9:00 AM से 5:00 PM तक | C.O T.Tangar -7979086484<br>मिथुन कुमार, लिपिक<br>शांता कुमारी तिर्की, लिपिक–8809129897<br>अंगद कुमार विनायक, लिपिक<br>अनिता सोरेंग, कम्प्युटर आपॅरेटर |

अतः उक्त परिपेक्ष में Postal Voting Centre (PVC) में प्रतिनियुक्त सभी पदाधिकारियों/कर्मियों को निदेश दिया जाता है वे उपर्युक्त तालिका में अंकित तिथि एवं समय के अनुसार डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराना सुनिश्चित करेंगे।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, सिमडेगा

PR 324279 Simdega(24-25)#D

## संक्षिप्त समाचार

### मंदिर में फेरे लेने के बाद गहनों संग चंपत हुई दुल्हन, ट्रक चालक से भी मैरिज ब्यूरो ने 1.12 लाख ठगे

**कानपुर, एजेंसी।** कानपुर में ट्रक चालक को शादी का ख्वाब दिखाकर पहले मैरिज ब्यूरो वाले ने 1.12 लाख रुपये ठग लिए। फिर जिस लड़की से शादी कराई, वह फेरों के बाद टॉयलेट करने के बहाने चढ़ावे के गहने लेकर फरार हो गई। ट्रक चालक ने दुल्हन की तलाश के लिए डीसीपी साउथ से गुहार लगाई है। झांसी के एरच निवासी खलक सिंह ट्रक चालक हैं। सिंह ने बताया कि कुछ माह पहले उनके पास पलक मैरिज ब्यूरो से फोन आया। फोन करने वाली महिला ने खुद का नाम नेहा उर्फ प्रिया बताते हुए शादी को लेकर बातचीत की। शादी कराने का ऑफर दिया लेकिन ब्यूरो में रजिस्ट्रेशन के नाम पर 2500 रुपये मांगे। इसके बाद दबाव बनाकर 1.10 लाख रुपये और खाते में डलवाए। ब्यूरो वालों की बताई प्रिया वर्मा नाम की लड़की शादी को तैयार हुई। उसने खुद को तलाकशुदा और पांच साल की एक बेटी की मां बताया। 10 अप्रैल को बारादेवी मंदिर में दोनों ने साथ फेरे लिए। खलक सिंह का दावा है कि शादी के दौरान लड़की को बहुत कुछ दिया। बताया कि उसकी मां ने लड़की को सोने का मंगलसूत्र, झुमकी, पायल, 500 रुपये और साड़ी दी। इसके बाद दुल्हन ने टॉयलेट जाने की बात कही और फिर नहीं लौटी। बुधवार को पीड़ित डीसीपी साउथ कार्यालय पहुंचा, पूरी घटना बताई। डीसीपी साउथ ने बताया कि जिन नंबरों पर चालक की बात हुई है उनकी डिटेल निकलवा कर कार्रवाई की जाएगी।

### किशोर को पेड़ से बांधकर पीटा

**गोरखपुर , एजेंसी।** युवा और किशोर मनबढ़ों ने धौंस जमाने और लोगों में खौफ पैदा करने के लिए फिर से वारदातें शुरू कर दी हैं। इसी तरह के एक समूह महाकाल ग्रुप के मनबढ़ों ने चौरीचौरा इलाके में एक किशोर को पेड़ से बांधकर पीट दिया। किशोर के पिता की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार, इलाके के ग्राम पंचायत शिवपुर के अतरिया टोला निवासी पटेश्वर निषाद ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 28 अप्रैल की दोपहर तीन बजे के करीब उनका बेटा नीरज चौरोचौरा में स्थित एक डिग्री कॉलेज में पढ़ रही अपनी बहन को लाने के लिए जा रहा था। इस दौरान रास्ते में उसके गांव के कुछ युवक अपने अन्य साथियों के साथ पहुंच गए। बेटे की बाइक पर जबरन बैठाकर उसे एक सुनसान जगह पर ले जाकर पड़े से बांधकर पिटाई की। एक महिला ने देखा तो शोर मचाया। आसपास के लोगों के पहुंचने पर मनबढ़ फरार हो गए। किशोर के पिता ने पांच नामजद और दस अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### जिम ट्रेनर की मौत का मामला-मां बोली...दीपक लेकर आया था चाकू

**मेरठ , एजेंसी।** मेरठ के गंगानगर के ईशापुरम में दीपक तेवतिया की मौत के मामले में पुलिस ने अब तक जो पूछताछ की है, उसमें मां संता तेवतिया ने बताया कि दीपक काफी समय से परेशान चल रहा था। वही चार दिन पहले चाकू लेकर आया था। उसे नहीं पता था कि घर में ऐसा भी हो जाएगा। वहीं, पिता हवा सिंह घटना के बारे में कुछ भी बताने से बचते रहे। गुरुवार को जब शव पोस्टमार्टम के बाद घर लाया गया तो परिजन बिलख पड़े।

इस मामले में पत्नी शीतल ने अब तक यही बताया कि काफी समय से पति के पास कुछ काम नहीं था। इसे लेकर अक्सर विवाद रहता था। स्थानीय लोगों ने बताया कि हवा सिंह का छोटा बेटा पंकज तेवतिया सेना में सिपाही हैं। वह कश्मीर के कुपवाड़ा क्षेत्र में तैनात है। बेटी ज्योति की शादी हो चुकी है।

दीपक की शादी दो साल पहले बुलंदशहर के स्याना तहसील के गांव बुकलाना निवासी शीतल से हुई थी। शीतल की नौ माह की बेटी मान्या है। घटना की जानकारी मिलने पर गाजियाबाद में नौकरी कर रहे शीतल का छोटा भाई गगन भी पहुंच गया। उसके बाद अन्य परिजन पहुंचे। दीपक के साले गगन के मुताबिक वह और शीतल दो भाई-बहन हैं। बहन घर पर बैंकिंग की तैयारी में लगी है। उनके पिता की कुछ समय पहले मौत हो गई थी।

# सीएम योगी बोले- हार की खिसियाहट को हिंदू आस्था के साथ खिलवाड़ करके व्यक्त कर रही कांग्रेस



**लखनऊ, एजेंसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा भगवान राम और शिव पर दिए गए वक्तव्य पर आक्रोश जताया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस लोकसभा चुनाव 2024 में बुरी तरह पराजित हो रही है और हार की इसी खिसियाहट को वह बहुसंख्यक हिंदू समाज की आस्था को अपमानित कर, उसके साथ खिलवाड़ कर व्यक्त कर रही है। मैनपुरी, एटा और फिरोजाबाद में चुनावी जनसभा के लिए निकलने से पूर्व अपने सरकारी आवास पर मीडिया से बातचीत करते हुए सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस का इतिहास इस प्रकार के कृत्यों से भरा पड़ा है, लेकिन इन सबके बावजूद चुनाव के समय इस तरह के संवेदनशील मुद्दों को उठाकर कांग्रेस भारत की आस्था के साथ-साथ बहुसंख्यक समाज को अपमानित करने का काम कर रही है।

### बांटो और राज करो कांग्रेस की पुरानी प्रवृत्ति

सीएम योगी ने कहा कि आपस में बांटों और राज करो ये कांग्रेस की पुरानी प्रवृत्ति रही है और अंग्रेजों की उस विरासत को ही अब वह आगे बढ़ाने का काम कर रही है। उसने जाति के नाम पर, क्षेत्र के नाम पर, भाषा के नाम पर समाज को बांटने का प्रयास किया है और आगे भी लगातार वह इस प्रकार के कृत्यों को अपना रही है। उसके इलेक्शन मैनिफेस्टो में भी समाज को जातीय आधार पर बांटने का प्रयास किया गया है। देश के अंदर एससी, एसटी, ओबीसी के अधिकार को वह कैसे अल्पसंख्यकों को बांटने की कुत्सित चेष्टा का हिस्सा बन रही है, इसका स्पष्ट उदाहरण कांग्रेस के मैनिफेस्टो में नजर आता है। इसीलिए कांग्रेस अपनी हार की खिसियाहट को किसी न किसी रूप में हिंदू आस्था के साथ खिलवाड़ करके व्यक्त करना चाहती है।

### ये कांग्रेस के पतन की नई शुरुआत

सीएम योगी ने साथ ही ये भी कहा कि हम इस बात को जरूर ध्यान में रखें कि हमारे शास्त्र इस बात का प्रमाण हैं कि शिव का द्रोही हो या राम का द्रोही, उसका पराभव, उसका पतन अवश्य हुआ है। ये कांग्रेस के पतन की एक नई शुरुआत है और कांग्रेस इस प्रकार के स्तरहीन वक्तव्यों को देकर हिंदू आस्था के साथ तो खिलवाड़ कर ही रही है लेकिन अपने कृत्यों से कांग्रेस को इतिहास की वस्तु बनाने की ओर भी कांग्रेस का नेतृत्व उसे धकेल रहा है। मुझे लगता है प्रभु श्रीराम और देवाधिदेव महादेव शिव इनको सद्बुद्धि देंगे कि कम से कम जब कांग्रेस को लोग विसर्जन करने पर तुले ही हैं तो अब तो वह सच का रास्ता अपना लें।

### कांग्रेस अध्यक्ष के भाषणों में नजर आ रहे कांग्रेसी संस्कार

सीएम योगी ने कहा कि सनातन धर्म की उपासना विधि में राम और शिव दोनों अलग-अलग नहीं हैं। मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम ने स्वयं शिव की उपासना की और रामचरित मानस में देखेंगे तो भगवान शिव ने भी श्रीराम की उपासना की। दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं। प्रभु राम कहते हैं कि शिवद्रोही मम दास कहावा सो नर मोहि सपनेहु नहि पावा, यानी यदि कोई भगवान शिव का द्रोही है और वह मेरा दास, मेरा भक्त कहलाने का दंभ पाल रहा है तो मैं सपने में भी उसे प्राप्त नहीं हो सकता। ऐसा ही भगवान शिव भी कहते हैं। स्वाभाविक रूप से कांग्रेस की वास्तविकता सामने आ रही है। भारत की सनातन परंपरा को अपमानित करना, उसको लांछित करना, भारत की आस्था के साथ खिलवाड़ करना, ये कांग्रेस की प्रवृत्ति है और कांग्रेस अध्यक्ष को जो कांग्रेसी संस्कार प्राप्त हुए हैं वही बात वह अपने भाषणों में कर रहे हैं। वो भगवान राम और भगवान शिव को आपस में लड़ाने का कार्य कर रहे हैं। उनका यह वक्तव्य अत्यंत ही निंदनीय है।

## आरबीएस कॉलेज स्टेशन के दोनों ओर की सुरंग तैयार, अब आगे की खुदाई हुई शुरू

**आगरा, एजेंसी।** आगरा में आरबीएस कॉलेज भूमिगत स्टेशन की दोनों ओर की पटरी के लिए सुरंग तैयार हो गई है। आगे के स्टेशनों की खुदाई के लिए तीन टीबीएम (टनल बोरिंग मशीन) लगाई गई हैं।



इसमें से दो टीबीएम आरबीएस से आगरा कॉलेज स्टेशन और एक टीबीएम मनःकामेश्वर स्टेशन की ओर खुदाई के लिए लगी हैं। उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने बताया कि पहले कॉरिडोर के दूसरे चरण में खंदारी के रैंप एरिया से आरबीएस कॉलेज स्टेशन तक दोनों ओर की सुरंग बन गई है। इसकी दूरी करीब एक किमी है। इसका सिविल कार्य भी लगभग पूरा हो गया है। जल्द पटरी बिछाने का कार्य किया जाएगा। अब तीन टीबीएम को आरबीएस से आगरा कॉलेज स्टेशन तक खुदाई में लगाया जाएगा। आगरा कॉलेज स्टेशन से मनःकामेश्वर स्टेशन तक एक टीबीएम खुदाई के लिए लगाई है, जिसमें 150 मीटर की खुदाई हो गई है। 7 मार्च को पहले कॉरिडोर में ताज पूर्वी से मनःकामेश्वर स्टेशन तक मेट्रो ट्रेन का उद्घाटन हो चुका है।

# उटंगन नदी पर हो गया कब्जा, सोते रहे अफसर, तीन साल से बन रहा है रिसॉर्ट

**आगरा , एजेंसी।** गरा के फतेहाबाद से गुजर रही उटंगन नदी के पास तीन साल से रिसॉर्ट बनाने का काम चल रहा है। करीब एक साल पहले नदी पर अवैध रूप से पक्का पुल तक बना दिया गया। रास्ते पर अतिक्रमण कर उस पर गेट लगा दिया गया। आमजन को नदी की तरफ जाने से रोक दिया गया है। इतना कुछ होने के बाद अब अफसरों की नींद टूटी है।

रिसॉर्ट मालिक ने तहसील बाह क्षेत्र में करीब आठ वर्ष पहले जमीन खरीदी थी । ग्रामीणों के मुताबिक पिछले 3 साल से रिसॉर्ट बनाने का काम चल रहा है। तीन साल से डूब क्षेत्र में बन रहे रिसॉर्ट पर जिम्मेदार अधिकारियों ने ध्यान क्यों नहीं दिया।

फतेहाबाद क्षेत्र में और उटंगन नदी पर एक साल पहले पक्के पुल का निर्माण करा दिया गया। अब मामला संज्ञान में आने पर अफसरों की नींद टूटी। उपजिलाधिकारी फतेहाबाद अनिल कुमार सिंह ने उटंगन नदी पर बने पुल का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि उटंगन नदी पर रिसॉर्ट मालिक की ओर पक्के पुल का निर्माण कर पानी को रोका गया है।

सिंचाई विभाग के अधिकारियों को पत्र भेजकर निर्माण की बावत पूछा गया है कि यह निर्माण किसके आदेश पर हुआ है। रिसॉर्ट मालिक ने कोई अनुमति ली है कि नहीं। एसडीएम ने बताया कि रिसोर्ट बाह तहसील के डूब क्षेत्र में बनाया जा रहा है। इस संबंध में सिंचाई विभाग को पत्र व्यवहार कर जांच के आदेश दिए हैं। उपजिलाधिकारी ने बताया कि उटंगन नदी के 100 मीटर के दायरे में कोई भी निर्माण नहीं किया जा सकता यह निर्माण कैसे हो रहा है इसकी जांच कराई जा रही है। वहीं, जंगल से होकर रास्ता भी बना दिया गया है। पक्की सड़क बनाकर नदी से पहले एक बड़ा गेट भी लगा दिया गया। जहां लोगों को आने से रोका जाता है। मामले में वन क्षेत्राधिकारी फतेहाबाद विशाल राठौर ने भी निरीक्षण किया। अब वह रेंजर सर्वेयर को बुलाकर जांचकर कार्रवाई की बात कर रहे हैं। स्थानीय लोग बताते हैं कि 7 वर्ष पूर्व जंगल में होकर पक्की सड़क बना दी गई थी।

# स्मार्ट सिटी में 40 कंटेनरों से नहीं उठ रहा कूड़ा, बदबू से सांस लेना और राह चलना मुश्किल



**वाराणसी , एजेंसी।** गर्मी बढ़ने के साथ ही शहर में सफाई व्यवस्था बिगड़ने लगी है। शहर में 40 कंटेनरों में कूड़ा पड़ा है, जिसे नहीं उठाने से बदबू से सांस लेने मुश्किल हो रहा है। सिगरा से महमूरगंज मार्ग, लहरतारा मार्ग, मड़ौली चौराहे के पास लोगों को दिक्कत हो रही है। बदबू से लोग परेशान हैं। जब कोई वीआईपी आता है तभी सड़कों को चमकाया जाता है, बाकी दिनों में कूड़ा कंटेनर में पड़ा रहता है। समय से कूड़ा उठाया जाए तो दिक्कत न रहे।

सिगरा-महमूरगंज और हुकुलगंज मार्ग पर कंटेनरों में दो दिन से कूड़ा नहीं उठा है। कंटेनर से बाहर कूड़ा गिर रहा है। सफाई कर्मचारी कूड़ा उठाकर कंटेनर में भर देते हैं और समय से न उठने के कारण उसी कंटेनर से मवेशी कूड़े को निकालकर फैला देते हैं। क्षेत्र में बदबू और बीमारी का खतरा बढ़ गया है। निगम के अधिकारियों को अवगत करवाने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हो रही।

**कूड़ा हटवाने का निर्णय सर्वे तक सीमित:** शहर के मुख्य मार्गों से कूड़े के कंटेनर हटवाने को लेकर सर्वे किया गया। कहा गया कि सौ प्रतिशत डोर टू डोर कूड़ा उठाने के बाद कंटेनर को हटवा दिया जाएगा। सार्वजनिक स्थान पर छोटे कंटेनर रखे जाएंगे। ताकि पर्यटकों, तीर्थ यात्रियों और अन्य लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े।



## साइफन में बरामद हुआ युवक का शव, गले सहित पूरे शरीर पर गंभीर चोटों के निशान

**बहराइच , एजेंसी।** बहराइच के बौंडी थाना क्षेत्र के एक गांव में एक युवक का शव जैतापुर नहर में साइफन के पास बरामद हुआ है। युवक के शव पर गंभीर चोटों के निशान पाए गए हैं। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी परिजनों व पुलिस को दी है।

बौंडी थाना क्षेत्र के जैतापुर कस्बे में जैतापुर-छत्तरपुरवा नहर में साइफन के पास गुरुवार की सुबह ग्रामीणों ने जैतापुर गांव निवासी रघुनंदन प्रसाद यादव(44) उर्फ हेतू का शव पड़ा हुआ देखा तो घटना की जानकारी परिजनों को दी।

मृतक के गले सहित पूरे शरीर पर गंभीर चोटों के निशान पाए गए हैं। मृतक के पिता मंशाराम व परिजनों ने मौके पर पहुंचकर पुलिस को सूचना दी है।

इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है। मौके पर पहुंचे एसओ बौंडी अंजनी कुमार राय ने लाश को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की है। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

## एआई से सीएम योगी का डीप फेक वीडियो बनाकर वायरल करने वाला गिरफ्तार

**लखनऊ, एजेंसी।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का डीप फेक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर वायरल करने वाले युवक श्याम गुप्ता को एसटीएफ ने गिरफ्तार कर लिया है। उसने विपक्षी दल के एक बड़े नेता का पुलवामा हमले को लेकर दिए गये भाषण को एआई के जरिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की आवाज में बदलकर सोशल मीडिया पर वायरल किया था।

एडीजी कानून-व्यवस्था एवं एसटीएफ अमिताभ यश ने बताया कि एसटीएफ ने इस तरह का वीडियो वायरल होने की सूचना मिलने पर नोएडा के साइबर क्राइम थाने में मुकदमा दर्ज कराया था, जिसके आधार पर नोएडा के बरौला निवासी श्याम गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया गया। उसने अपने एक्स हैंडल से एआई जनरेटड डीप फेक वीडियो पोस्ट किया, जो तेजी से वायरल होने लगा।

इसकी सूचना पर पुलिस तत्काल हरकत में आई और उसे दबोच लिया। पूछताछ में उसने बताया कि वह रेहड़ी पटरी संचालक वेलफेयर एसोसिएशन का प्रदेश अध्यक्ष है। वह सीएम योगी को पसंद नहीं करता है। उन्हें बदनाम करने के लिए उसने पुराने वीडियो को एआई से एडिट कराकर वायरल किया था। जिस एक्स हैंडल से यह वायरल किया गया, वह उसका ही है।

## अंधेरा बना हादसे का कारण: आपस में भिड़े तेज रफ्तार ट्रेलर, चालक की मौत, वाहन काटकर निकाली गई लाश; खलासी घायल

**मऊ , एजेंसी।** मऊ के दोहरीघाट थाना क्षेत्र के गोंठा फोरलेन बाईपास पर बीती देर रात डायवर्जन के पास दो ट्रेलर की भिड़ंत में ट्रेलर चालक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि खलासी की हालत गंभीर बनी हुई है। सूचना मिलने के बाद पहुंची पुलिस ने ट्रेलर के अगल हिस्से को काटकर किसी तरह चालक के शव को निकलवाकर पोस्ट मार्टम के लिए भेजा।

थाना क्षेत्र के फोरलेन पर फरसरा गांव के पास पेट्रोल पंप समीप जहां से फोरलेन और गोंठा बाजार जाने के लिए रूट डायवर्जन है। वहीं पर बुधवार की देर रात करीब 11 बजे आगे जा रहे ट्रेलर को दूसरे ट्रेलर ने पीछे से टक्कर मार दिया। जिससे टक्कर मारने वाले ट्रेलर चालक की मौके पर ही मौत हो गई। बगल की सीट पर बैठा खलासी गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों ट्रेलर की टक्कर के बाद शोर सुनकर आस-पास के लोग भी पहुंच गए। इसी बीच किसी ने फोन पर पुलिस को जानकारी दी। कुछ देर बाद मौके पर पुलिस भी पहुंच गई। स्थानीय लोगों की मदद से किसी तरह ट्रेलर के अगले हिस्से को काटकर चालक के शव और खलासी को बाहर निकाला गया। डायवर्जन के पास पहुंचते ही पीछे वाले ट्रेलर ने टक्कर मार दिया। बताया कि डायवर्जन के पास बिजली के पोल तो लगे हुए हैं, लेकिन लाइट नहीं जलने से हमेशा अंधेरा रहता है। जिससे गोंठा बाजार होकर जाने वाले को भी परेशानी होती है।

### टेंपो चालक ने महिला को हथौड़े से पीटा, हालत गंभीर

**मेरठ , एजेंसी।** मेरठ के गंगानगर थाना क्षेत्र के सीएनजी पंप रोड पर एक ऑटो चालक ने महिला को हथौड़े से जमकर पीटा। घटना को अंजाम देकर आरोपी भागने लगा, हड़बड़ाहट में उसका टेंपो पलट गया। गंभीर हालत में लोगों ने महिला को अप्पसनोवा अस्पताल में भर्ती कराया। महिला की हालत नाजुक बनी है। गंगानगर थाना क्षेत्र के रजपुरा गांव निवासी रीता मवाना रोड रक्षापुरम स्थित अप्पनोवा अस्पताल में वार्ड आया है। पिछले एक वर्ष से वह यहां काम कर रही है। हॉस्पिटल मैनेजमेंट के मुताबिक रीता बुधवार को नाइट ड्यूटी पर आई।

गुरुवार सुबह 8 बजे ड्यूटी खत्म कर चली गई। दोपहर एक बजे सीएनजी पंप रोड पर टेंपो चालक ने रीता को हथौड़े से पीटना शुरू कर दिया। वह उसे सड़क पर फेंककर भागने लगा। हड़बड़ाहट में उसका टेंपो पलट गया। आसपास के लोगों ने उसे पकड़ लिया। वही गंभीर रूप से घायल रीता को अप्पनोवा अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# गोड़धोइया नाला की हिल गई नींव, भारी वाहन गुजरें तो कांपते हैं मकान- अब लगता है डर

**गोरखपुर , एजेंसी।** गोड़धोइया नाला निर्माण के दौरान किनारे के मकानों को बचाने की बड़ी चुनौती है। मकानों की नींव हिल चुकी है। यही कारण है कि नाले के किनारे के मकानों में दरारें आ रही हैं और उधर से भारी वाहनों के गुजरते ही मकानों में कंपन हो रहा है। यह स्थिति देखकर मकान मालिकों के साथ अधिकारी भी चिंतित हैं।

अभियंता तो दबी जुबान से कह रहे हैं कि इन मकानों की सुरक्षा के लिए ठोस उपाय करने होंगे, क्योंकि गोरखपुर क्षेत्र भूकंप के लिहाज से भी संवेदनशील है। जंगल छत्रधारी से राजनगर तक चार किमी की लंबाई में गोड़धोइया नाले का निर्माण कार्य 31 मई तक पूरा करना है। यह स्थान राजेश श्रीवास्तव के मकान से करीब 200 मीटर आगे तक ही है।

उसके बाद मकानों की संख्या अधिक है, इस कारण जल निगम और कार्यदायी संस्था के अधिकारी आगे कार्य करने का जोखिम नहीं उठाएंगे, क्योंकि वहां मकानों की संख्या अधिक है।

एसडीएम मृणाली अविनाश जोशी ने मकानों की सुरक्षा के मामले में जांच समिति गठित की है, जिसमें लोक निर्माण विभाग, जलनिगम एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों की टीम ने संवेदनशील 14 मकानों के मुआवजे की रिपोर्ट तैयार की है, जबकि पहले इन मकानों के उन हिस्से का मुआवजा दिया जा चुका है, जो नाला निर्माण क्षेत्र में आए थे।



इसके साथ ही नाले के अन्य क्षेत्र में भी मकानों की सुरक्षा पर मंथन किया जा रहा है, क्योंकि निर्माण से पहले 300 से अधिक मकानों को मुआवजा दिया गया है, जो नाले के किनारे हैं।

राजनगर में राजेश श्रीवास्तव के घर में दरार आ गई है और लोहे के गर्डर लगाकर मकान को बचाने की पूरी कोशिश की जा रही है। उनके दरवाजे से भारी वाहन गुजरते हैं तो दीवारों में कंपन होती है। उनके घर के पास फौजदार सिंह के घर के पास भी दीवार में दरार आई है।

उनका कहना है कि भारी वाहनों से मकानों में कंपन हो रही है। काम होना चाहिए, लेकिन मकानों की सुरक्षा भी होनी चाहिए। इसी प्रकार राजनगर के ही चंद्रजीत सिंह के घर की दीवार में भी हल्की दरार नजर आने लगी है। वहां के निवासी कमलेश चौधरी ने कहा कि नाला निर्माण के साथ सुरक्षा का विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए।

### नाले की सतह से पांच फिट नीचे हो पाइलिंग

नाले के किनारे मकानों को तोड़े जाने के बाद कुछ लोगों ने लापरवाही की है, जबकि इस कारण जन-धन हानि की आशंका है। चार दिन पहले ही रुस्तमपुर में नाला निर्माण के दौरान तीन मंजिला मकान धराशायी हो गया था। कुछ लोगों ने अपने मकान का पीछे का हिस्सा तोड़ा और राजगीर की सलाह पर पिलर बना दिया। उन्होंने नींव के पास मिट्टी रोकने का उपाय नहीं किया और ऊपर एक मंजिल और बना ली। मकान का पिलर 5-6 फीट नीचे है, जबकि उससे दो-चार फिट दूर 15 फिट गहरा नाला खोदा गया है। विशेषज्ञों के अनुसार इससे मकान में पूरी मजबूती नहीं आएगी और जोखिम का भय बना रहेगा। आर्किटेक्ट संजय मणि त्रिपाठी ने बताया कि नाले के किनारे के मकानों में पिलर के बजाए पाइलिंग होनी चाहिए। यह नाले की गहराई से पांच फिट नीचे से शुरू होगा तो मकान सुरक्षित होगा। गोड़धोइया नाले के आसपास की तस्वीर बयां कर रही है कि मकानों के सुरक्षा की गारंटी नहीं है।

## नाबालिग से अप्राकृतिक दुष्कर्म के दोषी को 20 साल की सजा, एक लाख 10 हजार का लगा जुर्माना



**भदोही , एजेंसी।** विशेष अपर सत्र न्यायाधीश (पॉक्सो) मधु डोंगरा की अदालत ने नाबालिग से अप्राकृतिक दुष्कर्म के दोषी को 20 साल कैद की सजा सुनाई। कोर्ट ने दोषी पर एक लाख 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना न अदा करने पर दोषी को अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता अश्वनी मिश्रा ने बताया कि नाबालिग पीड़ित के पिता ने 30 नवंबर 2023 को ऊंज थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था। तहरीर में पीड़ित के पिता ने बताया था कि 12 वर्षीय बेटा घर के बगल में नहर में मछली पकड़ रहा था। इस बीच गोधना निवासी गोलू शाह बेटे को बहला-फुसलाकर नगर के किनारे में झाड़ियों में ले गया और उसके साथ अप्राकृतिक दुष्कर्म कर वीडियो बना लिया।

# ट्रूडो की गलती

**संपादकीय**

कनाडा में रविवार को हुए एक कार्यक्रम में जिस तरह से प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की मौजूदगी में खालिस्तान समर्थक नारे लगाए जाते रहे, उस पर भारत का चिंतित होना स्वाभाविक है। विदेश मंत्रालय ने कनाडा के डेप्युटी हाई कमिश्नर को तलब कर ठीक ही इस पर कड़ा विरोध दर्ज कराया। खालसा दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में न केवल खालिस्तान समर्थक नारे लगाए गए बल्कि ऐसे बैनर प्रदर्शित किए गए, जिनमें भारतीय नेताओं को निज्जर का हत्यारा बताया गया था। अफसोस और चिंता की बात यह रही कि कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की वहां मौजूदगी के बावजूद इन सबको रोकने की या इन्हें गलत बताने की कोई कोशिश नहीं दिखी। इस पूरे मामले में ट्रूडो का व्यवहार राजनयिक पैमाने पर बिल्कुल फिट नहीं बैठता। दोनों देशों के रिश्ते अगर इस मोड़ पर आ गए हैं, जहां उनके बीच भरोसे, आपसी सहयोग और संवाद की कमी है, तो यह अकारण नहीं है। पिछले साल खुद ट्रूडो ने सार्वजनिक रूप से निज्जर हत्याकांड में भारत के शामिल होने का निराधार आरोप लगाया था। भारत के मांगने के बाद भी आज तक उनकी सरकार इस आरोप के पक्ष में कोई सबूत नहीं दे पाई है। भारत बार-बार इस बात को दोहरा रहा है कि अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर इस तरह अलगाववादी और अतिवादी प्रवृत्तियों को बढ़ावा देना न केवल दोनों देशों के रिश्तों के लिए बल्कि खुद कनाडा के लिए भी खतरनाक है। कनाडा में इन तत्वों को जिस तरह का खुला स्पेस दे दिया गया है, उसके पीछे वोट बैंक की राजनीति है। मगर लंबे काल में यह सबके लिए नुकसानदेह ही साबित होने वाला है। अच्छा होगा कि कनाडा अपने पड़ोसी देश अमेरिका से सबक ले। स में खालिस्तान समर्थक गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश को लेकर भी सवाल उठे थे। लेकिन सार्वजनिक बयानबाजी करने के बजाय इस मामले को सरकार के स्तर पर उठाया गया। स्वाभाविक ही भारत ने अमेरिकी सरकार की ओर से मुहैया कराए गए सबूतों को गंभीरता से लिया। इस मामले में एक उच्चस्तरीय जांच शुरू हुई। अच्छी बात यह भी है कि इस मामले को दोनों देशों के संबंधों के दरम्यान नहीं आने दिया गया। निश्चित रूप से कनाडा इस मामले में एक बहुत बुरे उदाहरण के रूप में सामने आया है, लेकिन खालिस्तान समर्थक तत्वों की गतिविधियां कई और देशों में मसला बनी हुई हैं। सभी संबंधित देशों को देर-सबेर यह समझना होगा कि लोकतांत्रिक स्पेस की आड़ में किसी अन्य देश की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के लिए खतरा पैदा करती गतिविधियों को चलने देने की वकालत ठीक नहीं है।

# अगस्त-सितंबर में मौसम दे सकता है सरप्राइज

**(पूनम गौड़)**

इस बार अप्रैल के शुरुआती दिनों में ही देश के कुछ हिस्सों में लू चली। अब एक बार फिर कई हिस्सों में लू का प्रकोप शुरू हो गया है। मौसम विभाग के अनुमान के अनुसार, इस बार मई-जून में देश का 80त्न से अधिक हिस्सा भयानक गर्मी की चपेट में होगा। 2023 में देश के 60प्रतिशत हिस्से में जून में भयंकर गर्मी पड़ी थी। मई माह शुरु होते ही केरल में तो हीटवेब के चलते 4 लोगों की मौत तक हो गई है।

**ला लीना में देरी –** इस साल राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और ओडिशा में लू का प्रकोप अधिक देखने को मिलेगा। जून के बाद भी इस भयंकर गर्मी से राहत मिलेगी, इसकी संभावना कम है। कारण यह है कि अल नीनो जून में खत्म होने की संभावना है। इसके बाद ला नीना को विकसित होने में कुछ समय लग सकता है। माना जा रहा है कि अगस्त में ला नीना का असर है।

**चुनाव पर असर –** शुरुआती दो चरणों की वोटिंग पर इसका साफ असर देखा गया। जैसे-जैसे मतदान के चरण आगे बढ़ेंगे वैसे-वैसे गर्मी का प्रकोप भी बढ़ेगा। गर्मी के प्रकोप को देखते हुए मौसम विभाग इस बार चुनाव आयोग को पंद्रह दिन और एक हफ्ते का पूर्वानुमान जारी कर रहा है। अत्यधिक गर्मी और लू के दौरान वोटिंग प्रतिशत और कम हो सकता है। खासतौर पर शहरी इलाकों में। मौसम विभाग के पूर्वानुमान को देखते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने भी गर्मी से निपटने की तैयारियों को लेकर हाई लेवल समीक्षा बैठक की थी। इसमें जरूरी दवाओं, आइस पैक, ह्रऋस् और पीने के पानी को लेकर की गई तैयारियों का जायजा लिया गया।

**जल संकट –** गंगा, गोदावरी, नर्मदा समेत देश की 12 नदियों में पिछले साल की तुलना में पानी कम है। दक्षिण भारत की 13 नदियों में तो पानी है ही



दिखना शुरू होगा। इसी वजह से मॉनसून भी अगस्त और सितंबर में काफी अच्छा रहेगा। इससे पहले देश का ज्यादातर हिस्सा गर्मी से झुलसेगा। लू के दौरान तापमान सामान्य से पांच डिग्री तक ज्यादा रहता है।

**प्री-मॉनसून में कम बारिश –** पिछले साल 31 मई से 20 जून तक हीट वेव का सबसे लंबा रेकॉर्ड बना था। मई और जून में देश के दक्षिणी, मध्य और पूर्वी हिस्से सबसे अधिक गर्मी झेलेंगे। इन महीनों में बारिश भी कम होने की संभावना है। प्री-मॉनसून सीजन में बारिश की यह कमी गर्मी की सबसे बड़ी वजह बनेगी।

**सेहत पर बुरा असर –** बढ़ती गर्मी का लोगों की सेहत पर काफी बुरा असर पड़ सकता है। खासतौर पर बुजुर्गों और बच्चों के लिए यह जानलेवा हो सकती है। गर्मी के दौरान अत्यधिक थकान, डी-हाइड्रेशन, हीट स्ट्रोक के खतरे अधिक रहते हैं। लू की वजह से कुछ राज्यों में मौतें तक होने की आशंका बनी रहती है। बिजली की खपत बढ़ने से लोड बढ़ता है और पावर ग्रिड में भी समस्या आती है। ऐसे में बिजली संकट स्थिति को और विकराल बना सकता नहीं। ऐसे में गर्मी के साथ देश के कई हिस्सों में पानी की कमी हो सकती है। अधिकांश नदियों के बेसिन में 40त्न से कम पानी भंडार है। गंगा, ब्रह्मपुत्र, सिंधु, पेन्नार, नर्मदा, तापी, साबरमती, गोदावरी, महानदी, कावेरी आदि नदियों में पानी तेजी से कम हो रहा है।

**जलाशयों में कम पानी –** केंद्रीय जल आयोग की रिपोर्ट में यह भी पता चला है कि भारत के 150 प्रमुख जलाशयों में पानी जमा करने की उनकी कुल क्षमता 36त्न से कम है। इनमें ज्यादातर जलाशय दक्षिण राज्यों तथा महाराष्ट्र और गुजरात में हैं। आयोग के पास 20 नदियों के बेसिन का डेटा रहता है। गंगा बेसिन में महज 41.2त्न पानी है। नर्मदा में 46.2त्न, तापी में 56त्न, गोदावरी में 34.76त्न, महानदी में 49.53त्न और साबरमती में 39.54त्न पानी की कमी है। महानदी और पेन्नार के बीच पूर्व दिशा में बहने वाली 13 नदियां सूख चुकी हैं। इनमें रुशिकुल्या, वराह, बाहुदा, वंशधारा, नागावली, सारदा तांडव, एलुरू, गुंडलकम्मा, तम्मिलेरू, मुसी, पलेरू और मुनेरू शामिल है। ये नदियां आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, ओडिशा से होते हुए बहती हैं।

# गहराते जल-संकट से जीवन एवं कृषि खतरे में

**मानवीय गतिविधियों और क्रिया-कलापों के कारण दुनिया का तापमान बढ़ रहा है और इससे जलवायु में होता जा रहा परिवर्तन अब मानव जीवन के हर पहलू के साथ जलाशयों एवं नदियों के लिए खतरा बन चुका है। जलवायु परिवर्तन का खतरनाक प्रभाव गंगा, सिंधु और ब्रह्मपुत्र सहित प्रमुख जलाशयों और नदी घाटियों में कुल जल भंडारण पर खतरनाक स्तर पर महसूस किया जा रहा है, जिससे लोगों को गंभीर जल परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। केंद्रीय जल आयोग के नवीनतम आंकड़े भारत में बढ़ते इसी जल संकट की गंभीरता को ही दर्शाते हैं। आंकड़े देश भर के जलाशयों के स्तर में आई चिंताजनक गिरावट की तस्वीर उकेरते हैं।**

**(ललित गर्ग)**

भारत भर में 150 प्रमुख जलाशयों में जल स्तर वर्तमान में 31 प्रतिशत है, दक्षिण भारत में सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र है, जिसके 42 जलाशय वर्तमान में केवल 17 प्रतिशत क्षमता पर हैं। यह भारत के विभिन्न क्षेत्रों में देखी गई सबसे कम जल क्षमता का प्रतीक है।

मानवीय गतिविधियों और क्रिया-कलापों के कारण दुनिया का तापमान बढ़ रहा है और इससे जलवायु में होता जा रहा परिवर्तन अब मानव जीवन के हर पहलू के साथ जलाशयों एवं नदियों के लिए खतरा बन चुका है। जलवायु परिवर्तन का खतरनाक प्रभाव गंगा, सिंधु और ब्रह्मपुत्र सहित प्रमुख जलाशयों और नदी घाटियों में कुल जल भंडारण पर खतरनाक स्तर पर महसूस किया जा रहा है, जिससे लोगों को गंभीर जल परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। केंद्रीय जल आयोग के नवीनतम आंकड़े भारत में बढ़ते इसी जल संकट की गंभीरता को ही दर्शाते हैं। आंकड़े देश भर के जलाशयों के स्तर में आई चिंताजनक गिरावट की तस्वीर उकेरते हैं। रिपोर्ट के अनुसार 25 अप्रैल 2024 तक देश में प्रमुख जलाशयों में उपलब्ध पानी में उनकी भंडारण क्षमता के अनुपात में तीस से पैंतीस प्रतिशत की गिरावट आई है। जो हाल के वर्षों की तुलना में बड़ी गिरावट है। जो सूखे जैसी स्थिति की ओर इशारा करती है। जिसके मूल में अल नीनो घटनाक्रम का प्रभाव एवं वर्षा की कमी को बताया जा रहा है। जल के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। मानव एवं जीव-जन्तुओं के अलावा जल कृषि के सभी रूपों और अधिकांश औद्योगिक उत्पादन प्रक्रियाओं के लिये भी बेहद आवश्यक है। परंतु आज भारत गंभीर जल-संकट के साए में खड़ा है। अनियोजित औद्योगीकरण, बढ़ता प्रदूषण, घटते रेगिस्तान एवं ग्लेशियर, नदियों के जलस्तर में गिरावट, वर्षा की कमी, पर्यावरण विनाश, प्रकृति के शोषण और इनके दुरुपयोग के प्रति असंवेदनशीलता भारत को एक बड़े जल संकट की ओर ले जा रही है।

भारत भर में 150 प्रमुख जलाशयों में जल स्तर वर्तमान में 31 प्रतिशत है, दक्षिण भारत में सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र है, जिसके 42 जलाशय वर्तमान में केवल 17 प्रतिशत क्षमता पर हैं। यह भारत के विभिन्न क्षेत्रों में देखी गई सबसे कम जल क्षमता का प्रतीक है। स्थिति अन्य क्षेत्रों में भी चिंताजनक है, पश्चिम में 34 प्रतिशत और उत्तर में 32.5 प्रतिशत जलाशय क्षमता है। हालाँकि, पूर्वी और मध्य भारत की स्थिति बेहतर हैं, उनके पास अपने जलाशयों की सक्रिय क्षमता का क्रमशः 40.6 प्रतिशत और 40 प्रतिशत है, पिछले वर्ष वर्षा कम थी, विशेष रूप से दक्षिण भारत में, 2023 का मानसून असमान था क्योंकि यह अल नीनो वर्ष भी था- एक जलवायु पैटर्न जो आम तौर पर इस क्षेत्र में गर्म और शुष्क परिस्थितियों का कारण बनता है। इससे काफी चिंता पैदा हुई है। वर्तमान में, सिंचाई भी प्रभावित हो रही है, और देश भर में पीने के पानी की उपलब्धता और जलविद्युत उत्पादन पर प्रभाव के बारे में चिंताएं बढ़ रही हैं। भविष्य को देखते हुए, आने वाले महीनों में और अधिक गर्मी पड़ने की आशंका है, जो दर्शाता है कि आने वाले दिनों में बड़ा जल संकट उभरने वाला है। लंबे समय तक पर्याप्त बारिश न होने के कारण जल भंडारण में यह कमी आई है। जिसके चलते कई क्षेत्रों में सूखे जैसे और असुरक्षित हालात पैदा हो गये हैं। जिससे विभिन्न फसलों पर बुरा



प्रभाव पड़ रहा है। इसका एक कारण यह भी है कि देश की आधी कृषि योग्य भूमि आज भी मानसूनी बारिश के निर्भर है। ऐसे में सामान्य मानसून की स्थिति पर कृषि का भविष्य पूरी तरह निर्भर करता है। वास्तव में लगातार बढ़ती गर्मी के कारण जल स्तर में तेजी से गिरावट आ रही है। इसके गंभीर परिणामों के चलते आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और तमिलनाडु जैसे राज्यों में पानी की कमी ने गंभीर रूप धारण कर लिया है। देश का आईटी हब बेंगलुरु गंभीर जल संकट से जूझ रहा है। जिसका असर न केवल कृषि गतिविधियों पर पड़ रहा है बल्कि रोजमर्रा की जिंदगी भी बुरी तरह प्रभावित हो रही है। ऐसे में किसी आसन्न संकट से निपटने के लिये जल संरक्षण के प्रयास घरों से लेकर तमाम कृषि पद्धतियों और औद्योगिक कार्यों तक में तेज करने की जरूरत है। जल भंडारण और वितरण दक्षता में सुधार के लिये पानी के बुनियादी ढांचे और प्रबंधन प्रणालियों में बड़े निवेश की तात्कालिक जरूरत भी है। इसके साथ ही जल संरक्षण की परंपरागत तकनीकों को भी बढ़ावा देने की जरूरत है। साथ ही आम लोगों को प्रकृति के इस बहुमूल्य संसाधन के विवेकपूर्ण उपयोग को बढ़ावा हेतु प्रेरित करने के लिए जनजागरण अभियान चलाने की जरूरत है। पानी के संरक्षण और समुचित उपलब्धता को सुनिश्चित कर हम पर्यावरण को भी बेहतर कर सकते हैं तथा जलवायु परिवर्तन की समस्या का भी समाधान निकाल सकते हैं। आप सोच सकते हैं कि एक मनुष्य अपने जीवन काल में कितने पानी का उपयोग करता है, किंतु क्या वह इतने पानी को बचाने का प्रयास करता है? जलवायु परिवर्तन के कारण 2000 से बाढ़ की घटनाओं में 134 प्रतिशत वृद्धि हुई है और सूखे की अवधि में 29 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। पानी धरती पर जीवन के अस्तित्व के लिए आधारभूत आवश्यकता है। आबादी में वृद्धि के साथ पानी की खपत बेतहाशा बढ़ी है, लेकिन पृथ्वी पर साफ पानी की मात्रा कम हो रही है। जलवायु परिवर्तन और धरती के बढ़ते तापमान ने इस समस्या को गंभीर संकट बना दिया है। दुनिया के कई हिस्सों की तरह भारत भी जल संकट का सामना कर रहा है। वैश्विक जनसंख्या का 18 प्रतिशत हिस्सा भारत में निवास करता है, लेकिन चार प्रतिशत जल संसाधन ही हमें उपलब्ध है। भारत में जल-संकट की समस्या से निपटने के लिये प्राचीन समय से जो प्रयत्न किये गये है, उन्हीं प्रयत्नों को व्यापक स्तर पर अपनाने एवं जल-संरक्षण क्रांति को घटित करने की अपेक्षा है। सदियों से निर्मल जल का स्त्रोत बनी रहीं नदियाँ प्रदूषित हो रही हैं, अब उन पर जलवायु परिवर्तन का घातक प्रभाव पड़ने लगा है। जल संचयन तंत्र बिगड़ रहा है, और भू-जल स्तर लगातार घट रहा है। धरती पर सुरक्षित और पीने के पानी के बहुत कम प्रतिशत के आंकलन के द्वारा जल संरक्षण या जल बचाओ अभियान हम सभी के लिये बहुत जरूरी हो चुका है। जल को बचाने में अधिक कार्यक्षमता लाने के लिये सभी औद्योगिक बिल्डिंगें, अपार्टमेंट्स, स्कूल, अस्पतालों आदि में बिल्डरों के द्वारा उचित जल प्रबंधन व्यवस्था को बढ़ावा देना चाहिये। देश के सात राज्यों के 8220 ग्राम पंचायतों में भूजल प्रबंधनों के लिए अटल भूजल योजना चल रही है। स्थानीय समुदायों के नेतृत्व में चलने वाला यह दुनिया का सबसे बड़ा कार्यक्रम है। साथ ही, नल से जल, नदियों की सफाई, अतिक्रमण हटाने जैसे प्रयास प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हो रहे हैं। हमारे यहां जल बचाने के मुख्य साधन हैं नदी, ताल एवं कूप। इन्हें अपनाओं, इनकी रक्षा करो, इन्हें अभय दो, इन्हें मरुस्थल के हवाले न करो। गाँव के स्तर पर लोगों के द्वारा बरसात के पानी को इकट्ठा करने की शुरुआत करनी चाहिये। उचित रख-रखाव के साथ छोटे या बड़े तालाबों को बनाकर या उनका जीर्णोद्धार करके बरसात के पानी को बचाया जा सकता है। धरती के क्षेत्रफल का लगभग 70 प्रतिशत भाग जल से भरा हुआ है। परंतु, पीने योग्य जल मात्र तीन प्रतिशत है। इसमें से भी मात्र एक प्रतिशत मीठे जल का ही वास्तव में हम उपयोग कर पाते हैं।

पानी का इस्तेमाल करते हुए हम पानी की बचत के बारे में जरा भी नहीं सोचते, जिसके परिणामस्वरूप अधिकांश जगहों पर जल संकट की स्थिति पैदा हो चुकी है। जल का संकट एवं विकट स्थितियां अति प्राचीन समय से बनी हुई है। इसी कारण राजस्थान, गुजरात, मध्यप्रदेश आदि प्रांतों में जल संरक्षण के लिये नाड़ी, तालाब, जोहड़, बन्धा, सागर, समंद एवं सरोवर आदि बनाने की प्राचीन परम्परा रही है।

**तस्वीर का एक पक्ष यह भी है कि एक दूसरे से तत्काल संवाद कायम करने का माध्यम स्मार्टफोन, सोशल मीडिया और इंटरनेट पर परोसी जाने वाली सामग्री का सर्वाधिक दुष्प्रभाव बालक मन पर पड़ रहा है। तकनीक का इस तरह का दुष्प्रभाव संभवतः इतिहास में भी पहले कभी नहीं रहा है। दरअसल आज हम हर समस्या का समाधान स्मार्टफोन और इंटरनेट को मानने लगे हैं। बच्चा रो रहा है या किसी बात के लिए जिद कर रहा है या चिड़चिड़ा हो रहा है तो माताएं या परिवार के कोई भी सदस्य बच्चें को चुप कराने या मनबहलाव और खास यह कि बच्चे को व्यस्त रखने के लिए मोबाइल संभला देते हैं।**

# मोबाइल की आभासी दुनिया में खोता बालमन

**(डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा)**

दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में हुए एक अध्ययन में भी साफ हो गया है कि शहरी बच्चें, गेमिंग, सोशियल मीडिया और ओटीटी प्लेटफार्म के आदी होते जा रहे हैं। इसका परिणाम यह होता जा रहा है कि बालक मन संवेदनहीन होता जा रहा है।

सोशल मीडिया पर आये दिन इस तरह की तस्वीर देखने को मिल जाएगी जिसमें ड्राइंग रुम में तो परिवार के लगभग सभी सदस्य बैठे हैं पर उनके बीच किसी तरह के संवाद की बात करना ही बेमानी होगा। सभी अपने-अपने स्थान पर अपने मोबाइल फोन में खोये मिलेंगे। खोये होने का मतलब साफ है कि कोई गेमिंग कर रहा होगा तो कोई इंस्टाग्राम, फेसबुक, वाट्सएप या इसी तरह के किसी दूसरे एप पर व्यस्त होगा। सवाल साफ है कि जो हम देखेंगे उसमें हमें पसंद भी वोही आएगा जो अधिक ग्लेमरस होगा और यही कारण है कि गेमिंग, चेटिंग या फिर रील्स बनाने देखने में बच्चों से बड़े तक व्यस्त मिलेंगे। इसके साथ ही गेमिंग जहां बच्चों बड़ों को लालच दिखाकर एक तरह से जुआरी बना रही हैं वहीं कुछ गेम तो इस कदर हानिकारक रहे हैं कि उन्हें फॉलों करते करते बच्चों को अपने जीवन से हाथ धोना पड़ा है। सोशल मीडिया, ओटीटी व गेमिंग के साथ ही गूगल बाबा सहित खोजी चैनलों, डिजिटल प्लेटफार्म खोजी सामग्री तो कोई समाचार देखते-देखते ही कितने तरह के विज्ञापन सामने आ जाते हैं उनमें कई बार तो लगभग प्रोन जैसी सामग्री होने के बावजूद मजे से परोसी जाती रहती है और उसे बेन करने या सेंसर करने का कोई सिस्टम नहीं होने से उसका दुष्प्रभाव साफ देखा जाता है।



भले ही सरकार द्वारा इस तरह के चैनलों, प्लेटफार्म, एप आदि पर रोक लगाने के लाख दावें किये जाते हो पर साफतौर से इस तरह की सामग्री आम है। इसके साथ ही इन प्लेटफार्मों पर परोसी जाने वाली सामग्री बच्चों तक नहीं पहुंचे या बालमन पर को प्रदूषित नही करें, इसकी कोई व्यवस्था नहीं होती है। जब इन प्लेटफार्मों पर हिंसा, यौन सामग्री, गेमिंग, संवेदनहीनता, तनाव, आत्महत्या या बदले की भावना प्रेरित करने वाली सामग्री परोसी जाएगी तो उसका प्रभाव से नकारा नहीं जा सकता। दरअसल यह विश्वव्यापी समस्या हो गई है और इसका समाधान समय रहते नहीं खोजा गया तो इसके जो दुष्परिणाम आएंगे व आने लगे हैं वे समाज के लिए भयावह होंगे, इस खतरे को समझना होगा।

तस्वीर का एक पक्ष यह भी है कि एक दूसरे से तत्काल संवाद कायम करने का माध्यम स्मार्टफोन, सोशल मीडिया और इंटरनेट पर परोसी जाने वाली सामग्री का सर्वाधिक दुष्प्रभाव बालक मन पर पड़ रहा है। तकनीक का इस तरह का दुष्प्रभाव संभवतः इतिहास में भी पहले कभी नहीं रहा है। दरअसल आज हम हर समस्या का समाधान स्मार्टफोन और इंटरनेट को मानने लगे हैं। बच्चा रो रहा है या किसी बात के लिए जिद कर रहा है या चिड़चिड़ा हो रहा है तो माताएं या परिवार के कोई भी सदस्य बच्चें को चुप कराने या मनबहलाव और खास यह कि बच्चे को व्यस्त रखने के लिए मोबाइल संभला देते हैं। जबकि मोबाइल के दुष्प्रभाव हमारे सामने आने लगे हैं। अमेरिका में पिछले दिनों हुए एक सर्वे में सामने आया कि मोबाइल फोन, टेबलेट, वीडियो गेम या अन्य इस तरह के साधन के उपयोग से बच्चे गुस्सेल होते जा रहे हैं। बच्चों द्वारा स्कूल में गोलीबारी सहित एक दूसरे से मारामारी-हाथापाई व इस तरह की घटनाएं आम होती जा रही है। मारधाड़, हमेशा गुस्से में रहने, तनाव में रहने और जिद्दी होना आज आम होता जा रहा है।

दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में हुए एक अध्ययन में भी साफ हो गया है कि शहरी बच्चें, गेमिंग, सोशल मीडिया और ओटीटी प्लेटफार्म के आदी होते जा रहे हैं। इसका परिणाम यह होता जा रहा है कि बालक मन संवेदनहीन होता जा रहा है। हमेशा तनाव, डिप्रेशन, आक्रामकता, गुस्सेल, बदले की भावना आदि आम है। ऐसे में मनोविज्ञानियों के सामने नई चुनौती आ जाती है। यह असर कमोबेस लड़कों और लडकियों दोनों में ही समान रुप से देखा जा रहा है। यह कोई हमारे देश की समस्या हो, ऐसा भी नहीं हैं अपितु दुनिया के लगभग सभी देशों में यही हो रहा है। अमेरिका में किये गये एक अध्ययन में भी यही उभर कर आया है। कोई दो राय नहीं कि विकास समाज की आवश्यकता है। स्माटफोन व इंटरनेट की दुनिया का अपना महत्व है। पर इनके दुष्प्रभाव भी सामने आने लगे हैं। प्लेटफार्मों पर चाइल्ड लोक की बात भी की जाती है पर चाइल्ड लोक कितना कारगर है यह हम सब अच्छी तरह से जान और समझ सकते हैं। मजे की बात तो यह है कि मोबाइल फोन, टेब, कम्प्यूटर, सोशल मीडिया प्लेटफार्म आदि के फीचर्स व उपयोग का तरीका बड़ों से ज्यादा बच्चों को आता है। यहां तक कि प्ले ग्रुप के बच्चें को भी यह जानकारियां होने लगी है। ऐसे में इन पर परोसी जाने वाली सामग्री को सेंसर करने या इससे बच्चों और बालपन को दूर रखने की बात बेमानी होती जा रही है। समाज विज्ञानियों, मनोविश्लेषकों, चिकित्सकों यहां तक शिक्षाविदों के सामने यह गंभीर चिंतनीय चुनौती सामने आ रही है।

आज बच्चे के सामने दो विकल्प एक मोबाइल फोन या सोशल मीडिया पर सफरिंग और दूसरा परिवार के साथ गप्पे लड़ाना या आउटडोर गेम्स जैसा विकल्प होगा तो बच्चे की पहली पसंद मोबाइल फोन व सोशल मीडिया पर सफरिंग ही होती जा रही है।



# डायबिटीज की शुरूआत में हमारा मुंह भी देता है वार्निंग साइन

टाइप-1 और टाइप-2 डायबिटीज एक क्रॉनिक डिसीज है, जो दुनियाभर में लाखों लोगों को तेजी से प्रभावित कर रही है। ब्लडस्ट्रीम में ग्लूकोज के निर्माण के कारण ब्लड शुगर लेवल में वृद्धि के कई लक्षण हो सकते हैं। वैसे तो डायबिटीज के कुछ लक्षण साफ नजर आते हैं और अधिकतर लोग इनके बारे में जानते भी हैं। लेकिन कुछ लक्षण ऐसे हैं, जिन पर किसी का ध्यान नहीं जाता। विशेषज्ञों के अनुसार, डायबिटीज की शुरूआत ज्यादा भूख लगने, बार-बार पेशाब आने, थकान और चिडचिड़ेपन से होती है। इन मुख्य संकेतों के अलावा हमारा मुंह भी 3 वार्निंग साइन देता है। एक व्यक्ति की ओरल हेल्थ से उनके ब्लड शुगर लेवल सहित स्वास्थ्य के बारे में बहुत कुछ पता चल सकता है। आपकी मदद के लिए हम यहां आपको ऐसे ही 3 प्रमुख लक्षणों के बारे में बता रहे हैं।

## सूखा हुआ गला


सूखा हुआ मुंह टाइप-1 और टाइप 2 डायबिटीज दोनों के सामान्य और शुरूआती लक्षणों में से एक है। इसमें व्यक्ति का मुंह जरूरत से ज्यादा सूखने लगता है और उसकी प्यास भी बढ़ जाती है। हालात ऐसे बन जाते हैं कि वह एक बार में गैलेन पानी तक पी लेता है। हालांकि, ब्लड शुगर लेवल में वृद्धि व्यक्ति को क्यों प्यासा महसूस कराती है, इस बारे में कोई जानकारी नहीं है। लेकिन कई सिद्धांतों के अनुसार, मधुमेह को नियंत्रित करने के लिए ली जाने वाली कुछ दवाओं के कारण ऐसा हो सकता है। सूखे हुए मुंह के लक्षणों में जीभ में सूखापन, मुंह में नमी की कमी, फटे होंठ, मुंह में छाले और चबाने में कठिनाई जैसे लक्षण दिख सकते हैं।

## दांतों का खराब होना

डायबिटीज के रोगी में मसूड़ों की बीमारी के चलते दांत खराब होने की संभावना बढ़ जाती है। मसूड़ों के चारों तरफ प्लाक बनने से दांतों के बीच गैप आ जाता है, जिससे आसपास की पकड़ ढीली होने लगती है और दांत खराब हो जाते हैं। कई शोधों से पता चलता है कि अन्य बीमारियों से पीड़ित लोगों की तुलना में डायबिटीज रोगियों के दांत दोगुना टूटते हैं। वद्घावस्था और उन लोगों में जोखिम ज्यादा खतरनाक है, जो ओरल हेल्थ की देखभाल नहीं करते। सूजे हुए मसूड़े या दांत में दर्द हो , तो यह आपके दांतों के खराब होने का लक्षण है। ओरल हेल्थ से जुड़ी जटिलताओं से बचने के लिए डायबिटीज रोगी को अपने ब्लड शुगर लेवल को नियंत्रित रखना चाहिए। मधुमेह के ज्यादातर मामलों में लोग केवल पैर और आंखों की देखभाल पर ध्यान देते हैं। ऐसे में डेंटल केयर को कई बार दरकिनार कर दिया जाता है, जो मौखिक स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है।


## मसूड़े का रोग

मुंह के सूखने पर दांतों के आसपास और मसूड़ों के नीचे लार का उत्पादन प्रभावित होता है। नतीजा, शरीर में शुगर की मात्रा बढ़ जाती है। जिससे कीटाणु और प्लैग का निर्माण होता है। यह आपके मसूड़ों को परेशान करने के साथ मसूड़ों की बीमारी, दांतों की सड़न और दांतों के झड़ने का कारण बनता है। अनियंत्रित मधुमेह के मामलों में मसूड़ों की बीमारी ज्यादा आम है। यह बीमारी इस बात का संकेत है कि आपका ब्लड शुगर लेवल खराब है और आपको इस पर ध्यान देना चाहिए। गले में खराश, मसूड़ों में खून आना, संवेदनशील दांत, सांस की दुर्गंध, मुंह में खराब स्वाद आना मसूड़ों की बीमारी के लक्षण देखे गए हैं।



# वजन घटाने में मदद कर सकता है एक गिलास दूध

**दूध पीने से सेहत को कई लाभ मिलते हैं, यह बात तो हम सब जानते हैं। पर क्या आपको पता है रोजाना एक गिलास दूध पीने से आप अपना कई किलो वजन भी कम कर सकते हैं। जी हां आइए जानते हैं कैसे दूध का सेवन करने से व्यक्ति घटा सकता है अपना कई किलो वजन और डाइट में इसे शामिल करने से व्यक्ति को होते हैं क्या-क्या फायदे।**



दूध में प्रोसेन, एल्बिनिन और ग्लोबुलिन जैसे प्रोटीन प्रचूर मात्रा में मौजूद होते हैं, जो व्यक्ति के हंगर हार्मोन को रेगुलेट करने का काम करते हैं। दूध का सेवन करने से पेट जल्दी तृप्त हो जाता है। इतना ही नहीं दूध भूख बढ़ाने वाले हार्मोन घ्रेलनि के स्तर को कम करते हुए, भूख कम करने वाले हार्मोन जैसे जीएलपी -1, पीवाईवाई और सीसीके के स्तर को बढ़ाता है, जिससे व्यक्ति कम कैलोरी का सेवन करता है और उसे अपना वजन कम करने में सहायता मिलती है। न्यूट्रिशनिस्ट और वैलनेस एक्सपर्ट के अनुसार सोने से पहले एक गिलास गर्म दूध पीने से नींद अच्छी आती है। दूध में ट्रिप्टोफैन, मैग्नीशियम और मेलाटोनिन जैसे कई पोषक तत्व मौजूद होते हैं जो नींद की समस्या को दूर करने में मदद करते हैं। ये सभी पोषक तत्व मेलाटोनिन के उत्पादन को बढ़ाकर नसों और मांसपेशियों को आराम पहुंचाने का काम करते हैं। चूंकि दूध प्रोटीन से भरपूर होता है, इसलिए यह वजन घटाने और मांसपेशियों के निर्माण में भी बेहद सहायक है। दूध जैसे प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थ चयापचय में सुधार करके व्यक्ति को लंबे समय तक भूख का अहसास नहीं होने देते। जिसकी वजह से कैलोरी की मात्रा कम हो जाती है और व्यक्ति को वजन कम करने में भी मदद मिलती है। दूध पीने के फायदे -

## वजन कम करने में मददगार

दूध में मौजूद कैल्शियम न सिर्फ हड्डियों और दांतों के निर्माण में मदद करता है बल्कि यह वजन कम करने में भी मदद कर सकता है। सेहत पर हुए कुछ अध्ययनों के अनुसार, कैल्शियम और विटामिन डी शरीर का चयापचय बढ़ाकर कैलोरी जलाने में मदद करती है। इसके अलावा दूध में मौजूद संयुग्मित लिनोलेनिक एसिड फेट को बर्न करने में भी मददगार होते हैं।

## एनर्जी बढ़ाने में कारगर

दूध में पर्याप्त मात्रा में प्रोटीन उपलब्ध होता है। यही वजह है कि रोजाना इसे डाइट का हिस्सा बनाने की सलाह दी जाती है। दिन की शुरुआत एक गिलास गर्म दूध से करने से शरीर दिनभर ऊर्जावान बना रहता है। इसके साथ ही ये मांसपेशियों के विकास के लिए भी बहुत जरूरी है।

## कब्ज की समस्या

अगर आपको कब्ज की समस्या है तो गर्म दूध पीना आपके लिए बहुत फायदेमंद साबित होगा। ये पाचन के लिए बेहद फायदेमंद होता है। जिन्हें कब्ज की समस्या है वो गर्म दूध को दवा के तौर पर अपना सकते हैं।

## अनिंद्रा की समस्या

रात में दूध पीने का ये सबसे बड़ा फायदा है। कई ऐसे अध्ययन सामने आए हैं जिनके अनुसार, रात को सोने से पहले हल्का गर्म दूध पीने से नींद अच्छी और भरपूर आती है।

## ब्लड प्रेशर

दूध पीने के फायदे में रक्तचाप को नियंत्रित करना भी शामिल है। जी हां, लो-फैट मिल्क का सेवन करने से हाइपरटेंशन यानी उच्च रक्तचाप को नियंत्रण में रखा जा सकता है।





# पसीने के चलते पैरों में होता है इन्फेक्शन

गर्मियों के मौसम में अक्सर मोजे पहनने के बाद उन्हें उतारते ही बदबू का अहसास होता है। ऐसा पैरों से निकलने वाले पसीने के चलते ही होता है। इसके अतिरिक्त पसीने की वजह से कई लोगों के तलवों अंगुलियों के निचले हिस्से से खाल उतरने लगती है या खाल नम हो जाती है, यह एक प्रकार का संक्रमण है जिसे एथलीट फुट कहा जाता है। लेकिन इस इन्फेक्शन में पैर एथलीट के पैरों की तरह मजबूत नहीं होते, बल्कि सडने़ लगते हैं और ऐसा पैरों से निकलने वाले पसीने के चलते ही होता है। यह एक तरह का दाद है जो पैर की उंगलियों से शुरू होकर पूरे शरीर में फैल सकता है। इस संक्रमण में पैर और तलवे की त्वचा सडने़ लगती है। पसीने में तर मोजे और जूते को पहनने से गर्मियों में पैरों में दाद की समस्या भी काफी बढ़ जाती है। जूते पहनने के बाद पैरों से लगातार पसीना आता है। इसी पसीने में बैक्टीरिया पनपते हैं। पैरों से निकली डेड स्किन के साथ मिलकर ये बैक्टीरिया दुर्गंध पैदा करते हैं। अगर किसी के पैरों से बहुत दुर्गंध आ रही हो तो इसका मतलब है कि उसके पैरों में बड़ी संख्या में बैक्टीरिया फैल चुका है।

पैर शरीर के उन अंगों में से एक है, जहां सबसे ज्यादा पसीना आता है। ऐसे में लोग जूते के साथ मोजे पहनते हैं। मोजे को धोने से पसीना भी धुल जाता है और पैरों में बैक्टीरिया और फंगस नहीं फैलता। लेकिन यदि कोई एक ही मोजे को बार-बार पहने या बिना मोजे के जूता पहने तो जूते में पसीना जमा होने लगता है। जिसके चलते बैक्टीरिया और फंगस बढने़ लगते हैं। इस इन्फेक्शन की वजह से ये फंगस पैरों में दाद-खाज की वजह बन जाते हैं। इसके अलावा कभी भी एक ही मोजा बार-बार बिना धुले न पहनें। मोजे को धुलने के बाद भी अच्छे से डिसइंफेक्टेड करना जरूरी है। धोते हुए ध्यान रखें कि मोजे से डिटर्जेंट अच्छी तरह से निकल जाए नहीं तो ये रैशेज और जलन का कारण हो सकता है। मोजे पहनते हुए ख्याल रखें कि वह पूरी तरह से सूखें हों और उनमें थोड़ी भी नमी न हो।

त्वचा विशेषज्ञों का कहना है कि पसीने की नमी कई तरह के इन्फेक्शन का कारण बन रही है। ऐसे में जरूरी है कि समय-समय पर तलवों तक खुली हवा पहुंचे और वह सूखे रहें। इसके लिए कोशिश करनी चाहिए कि सप्ताह में कम से कम एक दिन जूते-मोजे की जगह सैंडल या चप्पल पहन कर बाहर निकलें और यदि घर पर हों तो स्लीपर पहनने की कोशिश करें। टाइट जुराब ब्लड सर्कुलेशन को धीमा कर देते हैं। इसके अलावा टाइट मोजे बॉडी हीट को भी बाहर नहीं आने देते, जिससे ओवरहीटिंग की समस्या हो सकती है। पैरों को भी ब्रीथ करने की जरूरत होती है। इसलिए पैरों को समय-समय पर खुले रखना और लूज जुराब पहनना जरूरी है। अपने पैरों के साइज से थोड़े बड़े और कॉटन के मोजे पहनें। मोजे बस इतने टाइट होने चाहिए, जिससे स्किन पर निशान न पड़ें। अगर मोजे से स्किन पर निशान पड़ता है तो इसका मतलब है कि आपको इससे बड़े साइज के मोजे लेने की जरूरत है।



# आयुर्वेद औषधियों में होता है बरगद के फल का प्रयोग

बरगद के फल खनिज लवणों, एंटीऑक्सीडेंट और एनाल्जेसिक गुणों से भरपूर होते हैं जो उच्च रक्तचाप से लेकर कोरोनरी हृदय रोग के जोखिम को कम करने में सहायक है। इस पेड़ से मिलने वाले लाभों के बारे में हमें आयुर्वेदिक डॉक्टर ने विस्तार से जानकारी दी है। आज हम आपको इस पेड़ से होने वाले कई फायदों के बारे में बता रहे हैं।

## इम्यूनिटी बूस्टर

बरगद का फल फल एक इम्यूनिटी बूस्टर है। इम्यूनिटी बढ़ाने में बरगद का फल काफी फायदेमंद होता है। यह आपको कई बीमारियों से बचाता है और आपको खांसी, जुकाम, फ्लू आदि से भी दूर रखता है। आयुर्वेद में इस पेड़ को वट वृक्ष के नाम से जाना जाता है। बेंगलुरु के जीवोत्तम आयुर्वेद केंद्र के वैद्य डॉ.शरद कुलकर्णी ख्रट्ट (इभफ),(घ्द्धक़्) ने हमसे बातचीत में बताया बरगद के पेड़ से मिलने वाली हर एक चीज का प्रयोग प्राचीन काल से ही कई तरह की औषधि के रूप में किया जाता है। उन्होंने बताया कि बरगद के फल से लेकर इसकी छाल, पत्ते, दूध और बीजों का भी कई रोगों के उपचार में उपयोग किया जाता है।

## बरगद के फल के पोषक तत्व

इसका वानस्पतिक नाम फिकस बेंगालेंसिस है। इस पेड़ के फल में भरपूर मात्रा में कैलोरी, कार्बोहाइड्रेट, शुगर, फाइबर, प्रोटीन, विटामिन बी1, विटामिन बी3 होता है। इसके अलावा इसकी पत्तियों में प्रोटीन, फाइबर, कैल्शियम और फास्फोरस पाया जाता है। बरगद में मौजूद एंटीऑक्सिडेंट शरीर में कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कंट्रोल करने में फायदेमंद होता है।

## दिल के लिए फायदेमंद

बरगद के पेड़ के फल पोटेशियम, मैग्नीशियम, फास्फोरस, ओमेगा 3 और 6 से भरपूर होते हैं, जो स्वस्थ दिल के लिए बहुत जरूरी हैं। दिल का दौरा यानी हार्ट अटैक आमतौर पर तब होता है जब मानव शरीर में सोडियम का स्तर बढ़ जाता है जिसके टलते शरीर की धमनियां काम करना बंद कर देती हैं। सोडियम का हाई लेवल धमनियों को श्रिंक यानी संकुचित करता है और पूरे शरीर में ब्लड सर्कुलेशन की स्पीड को धीमा कर देता है। डॉ. के अनुसार, बरगद के फल में मौजूद पोटैशियम सोडियम के स्तर को कम करने में कारगर होता है। इसमें कई ऐसे तत्व होते हैं जो रक्तचाप को कम करते हैं और कोरोनरी हृदय रोग को रोकने के लिए उपयोगी होते हैं।

## मधुमेह में लाभदायक

डॉ.ने बताया कि अगर डायबिटीज के रोगी हर रोज बरगद के फल के चूर्ण का सेवन करें तो उन्हें इसके जोखिम को कम करने में मदद मिल सकती है। मधुमेह के मरीज चाहें तो बाजार से इसका पाउडर ले सकते हैं या फिर घर पर इसका उबला हुआ पानी पी सकते हैं।

## पेट के रोग को दूर करता है

अगर आप डायरिया और पेचिश से परेशान हैं तो बरगद के पत्तों की कलियां बहुत फायदेमंद होती हैं। आयुर्वेद में इसका उपयोग पुराने दस्त और पेचिश के इलाज के लिए किया जाता है।

## इन समस्याओं से भी दिलाता राहत

आयुर्वेद में स्किन डिसीज यानी चर्म रोगों के इलाज के लिए भी बरगद के पेड़ की छाल और पत्तों का प्रयोग किया जाता है। जोड़ों के दर्द को भी कम करने में बरगद के पत्तों का पानी मदद कर सकता है। इसके लिए आपको इसके पाउडर को गर्म पानी में मिलाना है और फिर उस पानी में पैर डालने हैं, इससे आपका दर्द कम हो जाएगा।







# आंखों में धुंधलेपन से बचना चाहते हैं, तो आपकी मदद कर सकती हैं आंखों के योग की क्रियाएं

अगर काम के कारण आपकी आंखों में दर्द और थकान रहती है, तो फेशियल योग आपकी मदद कर सकता है। इस योग क्रिया को करने से मात्र 10 मिनट में आग और दिमाग रिलेक्स हो जाएंगे। क्या आप कंप्यूटर के सामने बैठते वक्त अपनी आंखों को रगड़ते हैं। अगर ऐसा है, तो आप अेकेले नहीं हैं। आजकल औसत वयस्क अब दिन में आठ घंटे से ज्यादा समय किसी न किसी प्रकार की स्क्रीन के सामने बैठे रहते हैं। इस बढ़ते स्क्रीन टाइम ने आंखों में धुंधलापन, खुजली, सिरदर्द, थकान और आंखों में दर्द से पीड़ित लोगों की संख्या में वृद्धि की है।

दरअसल, स्क्रीन पर ज्यादातर समय बिताने की प्रक्रिया में लोग अपने शरीर के सबसे जरूरी अंग आंखों को भूल जाते हैं। कंप्यूटर और लैपटाप पर काम करते-करते आंखों में दर्द , जलन या थकान महसूस करने लगते हैं। कमजोर या थकी हुई आंखों के कोई लक्षण नहीं दिखते, लेकिन अगर आप भविष्य में आंखों में धुंधलेपन से बचना चाहते हैं, तो आंखों के लिए योगा की कुछ क्रियाएं आपकी मदद कर सकती हैं। इन्हें करने से मात्र 10 मिनट में न केवल आंखों को बल्कि दिमाग को भी आराम मिल जाएगा। आंखों को आराम देने वाली 3 योग क्रियाएं -

## स्टेप-1

- फेशियल योग करने से पहले चेहरे को अच्छी तरह से धो लें। इसे पोंछकर चेहरे पर कोई सिरम या फेस ऑयल लगा लें।
- अब कुछ सैकंड्स इससे मसाज करें। आपका फेस योगा करने के लिए पूरी तरह से तैयार है।
- सबसे पहले स्टेप में उंगली से अंदर आंखों पर अंदर से बाहर की तरफ मसाज करें।
- हल्के प्रेशर के साथ उंगली को घुमाएं। वैसे आप चाहें, तो इस दौरान आंखें खुली रख सकते हैं , लेकिन बंद रखेंगे तो आंखों को ज्यादा आराम मिलेगा।
- इस स्टेप को आप दो से तीन मिनट तक दोहराएं।
- इसके बाद बाहर से अंदर की ओर सर्कल बनाते हुए मसाज करें।
- कुछ देर मसाज करने के बाद रिलेक्स करें।

## स्टेप-2

- इस स्टेप में इंडेक्स और मिडिल फिंगर से वी शेप बनाएं।
- इसे अपनी आंखों के दोनों कोनों पर रखें।
- अब कुछ देर बिना रूके पलकों को झपकाते रहें। रिलेक्स करें और फिर दोहराएं। यहां आंखों पर रखी उंगलियों मसल्स को सपोर्ट करेंगी, जिससे आंखों पर बहुत ज्यादा जोर नहीं पड़ेगा।
- इस स्टेप को एक बार में एक मिनट तक करें, रिलेक्स हो जाएं और फिर शुरू करें।

## स्टेप-3

- अपनी आंखों को बंद कर लें ।
- अब आईबॉल पर उंगली से हल्का प्रेशर करते हुए अंदर से बाहर की ओर घुमाएं। इसके बाद बाहर से अंदर की ओर घुमाएं।
- अब अपने हाथों की सभी उंगलियों को एकसाथ मिला लें और एक-एक हाथ कारके आंखों पर एक-एक कर रखें।
- फिर दोनों हाथों की उंगलियों को आंखों पर रखकर रिलेक्स करें।
- इस स्टेप को आप एक बार में दो से तीन मिनट तक रिपीट कर सकते हैं। चूंकि आंखों के आसपास की त्वचा बहुत नाजुक होती है, इसलिए इसे करते समय ध्यान रखें कि आंखों पर ज्यादा दबाव न पड़े।

इन फेशियल एक्सरसाइज को दिन के किसी भी समय किया जा सकता है। लेकिन ध्यान रखें कि योग करने से पहले हाथों को अच्छी तरह से धो लें। त्वचा पर सीरम या मॉइश्चराइजर लगा लें। ऐसा करने से स्टेप करना आसान हो जाएगा और स्किन भी डैमेज नहीं होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### आस्ट्रेलियाई मंत्री ने भारतीय जासूसों को निष्कासित करने बारे टिप्पणी से किया इनकार

**मेलबर्न, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलियाई सरकार के एक वरिष्ठ मंत्री ने बुधवार को उन खबरों पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया जिनमें कहा गया था कि चार साल पहले दो भारतीय जासूसों को गुप्त रूप से ऑस्ट्रेलिया से निष्कासित कर दिया गया था। हालांकि, मंत्री ने कहा कि भारत के साथ द्विपक्षीय संबंध अच्छे हैं और हाल के वर्षों में उनमें और सुधार हुआ है। एक टेलीविजन साक्षात्कार के दौरान ऑस्ट्रेलिया के वित्त मंत्री (ट्रेजरर) जिम चाल्मर्स से पूछा गया कि क्या दो जासूसों के गोपनीय तरीके से निष्कासन संबंधी 'ऑस्ट्रेलियाई न्यूज मीडिया और 'द वाशिंगटन पोस्ट की खबरों के बाद भारत को ऑस्ट्रेलिया का मित्र माना जा सकता है। चाल्मर्स ने 'ऑस्ट्रेलियन ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन से कहा, ''मैं किसी भी तरह से इस तरह के मुद्दों में नहीं पड़ना चाहता। उन्होंने कहा, ''भारत के साथ और इस क्षेत्र के अन्य देशों के साथ हमारे अच्छे संबंध हैं, दोनों पक्षों के प्रयासों के परिणामस्वरूप हाल के वर्षों में यह और घनिष्ठ हुआ है और यह अच्छी बात है। प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज और विदेश मंत्री पेनी वोंग ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में भारत द्वारा कथित जासूसी के बारे में सवालों को टाल दिया और कहा कि वे खुफिया मामलों पर टिप्पणी नहीं करते हैं। भारत ऑस्ट्रेलिया का एक महत्वपूर्ण व्यापारिक भागीदार है, जो चीन पर अपनी आर्थिक निर्भरता को कम करने की कोशिश कर रहा है। भारत और ऑस्ट्रेलिया भी क्वाड सुरक्षा वार्ता के सदस्यों के रूप में घनिष्ठ सैन्य संबंध विकसित कर रहे हैं। क्वाड (चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद) में अमेरिका और जापान भी शामिल हैं। 'द वाशिंगटन पोस्ट, 'द सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड और 'ऑस्ट्रेलियन ब्रॉडकास्टिंग कॉर्प ने अज्ञात सुरक्षा अधिकारियों का हवाला देते हुए जासूसों की पहचान भारत की खुफिया एजेंसी 'रिसर्च एंड एनालिसिस विंग के कर्मियों के रूप में की है। ऑस्ट्रेलिया में भारतीय उच्चायोग ने इस संबंध में अभी कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

### ब्राजील में बारिश ने बरपाया कहर, देश के दक्षिणी राज्य में 10 लोगों की मौत

**रियो डी जनेरियो , एजेंसी।** दक्षिणी ब्राजील में बारिश कहर ढहा रही है। ब्राजील के दक्षिणी राज्य रियो ग्रांडे डो सुल में इस सप्ताह भारी बारिश के कारण दस लोगों की मौत हो गई और 21 लोग लापता हैं। स्थानीय सरकार ने चेतावनी दी है कि स्थिति गंभीर है और यह कुछ दिनों में और भी खराब हो सकती है। सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि तूफान से हुए नुकसान के कारण 3,300 से अधिक लोगों अपना घर छोड़कर सुरक्षित स्थान पर चले गए है। बुधवार को एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान, राज्य के गवर्नर एडुआर्डो लेइट ने कहा कि उन्होंने राष्ट्रपति लुइज़ इनासियो लूला दा सिल्वा से बात की थी। और हर संभव संघीय सहायता की मांग की थी। लूला गुरुवार को राज्य की यात्रा पर आने वाले हैं। गवर्नर के अनुसार, तूफान ने हाल के वर्षों में राज्य में सबसे व्यापक तबाही मचाई है। बाढ़ और भूस्खलन के बीच पुलों के ढहने और सड़कों के नष्ट होने के कारण कई शहर अलग-थलग पड़ गए हैं। लेइट ने इस सप्ताह के शेष दिनों के लिए राज्यव्यापी कक्षाओं को निलंबित करने की घोषणा की और इस बात पर जोर दिया कि सशस्त्र बलों से पूर्ण समर्थन मिला है।

### संयुक्त राष्ट्र सदस्यता देने की फलस्तीन की मांग का भारत ने किया समर्थन

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने एक बार फिर इस्राइल-फलस्तीन विवाद पर भारत का रुख साफ किया और कहा कि दो राष्ट्र सिद्धांत ही दोनों देशों के बीच विवाद का समाधान कर सकता है। रुचिरा कंबोज ने कहा कि भारत, दो राष्ट्र सिद्धांत का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है। तभी फलस्तीन के लोग सुरक्षित सीमाओं के साथ आजादी से रह सकेंगे। साथ ही इस्राइल की सुरक्षा चिंताओं का भी समाधान हो सकेगा। फलस्तीन की संयुक्त राष्ट्र सदस्यता का भारत ने किया समर्थन भारत ने संयुक्त राष्ट्र की सदस्यता के लिए फलस्तीन की मांग का समर्थन किया है। बता दें कि पिछले महीने अमेरिका ने फलस्तीन की इस मांग का विरोध किया था। रुचिरा कंबोज ने कहा कि हमें उम्मीद है कि संयुक्त राष्ट्र में फलस्तीन की सदस्यता पर उचित समय पर पुनर्विचार किया जाएगा।

# सऊदी अरब ने कर दिया कमाल- रेगिस्तान में बसाया जादुई शहर, होगा लंदन से 17 गुना बड़ा



**रियाद, एजेंसी।**
अरब के रेगिस्तानों के बियाबानों की कहानियां अक्सर हमने सुनी है और फिल्मों में देखी भी है। मगर अरब के रेगिस्तानों की सूरत पूरी तरह बदल गई है। सऊदी अरब रेगिस्तानों का सीना चीर उन पर लंबी-लंबी सड़कें बना रहा है। आस-पास के टापुओं पर शानदार शहर बसा रहा है। पाम आइलैंड जैसे नए टापुओं का निर्माण कर रहा है। कुछ भी नहीं उगा पाने वाले जो रेगिस्तान अरब वासियों के लिए शाप थे, आज उसी रेगिस्तान की सैर करने के लिए लाखों में सैलानी अरब देश पहुंच रहे हैं। अब सऊदी अरब सैलानियों ने के लिए एक ऐसा शहर बसाने जा रहा जो लंदन से 17 गुना बड़ा होगा। सऊदी अरब 500 अरब डॉलर की लागत से तैयार निओम मेगासिटी का पहला हिस्सा इस साल तक सैलानियों के लिए खोल देगा। यहां आए सैलानी सिंदलाह में तैयार किए जाने वाले द्वीप रिसॉर्ट का अनुभव कर सकेंगे और वहां तैयार किए गए भव्य होटलों में से एक में ठहर सकेंगे। 500 बिलियन डॉलर की निओम मेगासिटी प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के ड्रीम प्रोजेक्ट्स में से एक है। क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान द्वारा योजनाबद्ध यह द्वीप मिडिल ईस्ट के सबसे महत्वाकांक्षी मेगा सिटी डेवलपमेंट में से एक है। इसे तैयार करने वाले इस मेगा सिटी को लाल सागर के एक खास दरवाजे के रूप में पेश किया है। सिंदालाह प्रोजेक्ट को 2017 में क्राउन प्रिंस बिन सलमान द्वारा लॉन्च किया गया था। पूरी तरह तैयार हो जाने के बाद यह स्मार्ट सिटी 26,500 वर्ग किमी के क्षेत्र में फैल जाएगी, जो लंदन के आकार का लगभग 17 गुना है। रविवार को चीनी निवेशकों के दौरे के अंत में यह खुलासा किया गया कि सिंदलाह इस साल जनता के लिए खुलेगा। यहां कई तरह की सुविआएं आने वाले लोगों को मुहैया कराई जाएंगी। यहां चमकदार रिसॉर्ट में बीच क्लब, यॉट क्लब, स्पा और वेलनेस सेंटर और 51 लक्जरी रिटेल आउटलेट, साथ ही 400 से अधिक कमरे और 300 सुइट्स वाले तीन भव्य होटल और एक बड़ा मरीना शामिल होगा।

## इमरान खान का जलवा, शादी में दूल्हे से गिफ्ट पाकर खुश हो गई दुल्हन



**इस्लामाबाद , एजेंसी।**
पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान भले ही सलाखों के पीछे हैं, लेकिन देश में लोगों के बीच उनकी लोकप्रियता आज भी बरकरार है। पाकिस्तान में एक दूल्हे ने अपनी दुल्हन को शादी के दिन इमरान खान की फ्रेम की हुई तस्वीर तोहफे में दे दी।

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे इस वीडियो में देखा जा सकता है कि दूल्हे ने जैसी ही गिफ्ट खोला, दुल्हन जोर-जोर से हंसने लगी। इसके बाद दूल्हे ने फ्रेम की हुई तस्वीर मेहमानों को भी दिखाई। फिर कपल पर फूलों की बारिश हुई।

वीडियो पोस्ट करते हुए एक यूजर ने लिखा,÷अब यह एक सामान्य घटना बन गई है। उन्होंने इस पर कब तक प्रतिबंध लगाया? इस वीडियो को कई यूजर्स ने क्यूट बताया। एक यूजर ने लिखा,÷मैं निश्चित रूप से अपने जीवन के प्यार के साथ अपनी शादी पर ऐसा करूंगा। बता दें कि 31 जनवरी को पाकिस्तान की एक अदालत ने तोशखाना मामले में इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी दोनों को 14-14 साल जेल की सजा सुनाई। पूर्व प्रधानमंत्री पर 140 मिलियन रुपये (501,000) अमेरिकी डॉलर से अधिक के गिफ्ट्स को लेकर धांधली करने का आरोप है। इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी को भी जेल की सजा मिली है।

## पाकिस्तान में ब्लॉक किए जा रहे 5 लाख लोगों के सिम कार्ड

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान में 5 लाख से ज्यादा लोगों के सिम कार्ड ब्लॉक किए जा रहे हैं। ऐसा होने पर ये लोग फोन नहीं चला सकेंगे। अपने नंबर से किसी से बात नहीं कर सकेंगे। पीएम शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली सरकार ने पाकिस्तान टेलिकॉम्युनिकेश अथॉरिटी को यह आदेश दिया है कि वह इन नंबरों को ब्लॉक कर दे। यह ऐक्शन उन लोगों के खिलाफ लिया जा रहा है, जिन्होंने इनकम टैक्स रिटर्न फाइल नहीं किया है। यह ऐक्शन पीएम शहबाज शरीफ की ओर से वर्ल्ड इकॉनमिक फोरम में दिए भाषण के ठीक एक दिन बाद लिया जा रहा है।

वैश्विक संस्था के मंच पर रियाद में शहबाज शरीफ ने कहा था कि पाकिस्तान ने अर्थव्यवस्था की मजबूती के लिए खर्च में कटौती की है। इसके अलावा कई आर्थिक सुधार किए गए हैं ताकि देश की अर्थव्यवस्था को संकट से उबारा जा सके। पाकिस्तान के फेडरल बोर्ड ऑफ रेवेन्यू ने टेलिकॉम्युनिकेश अथॉरिटी से कहा है कि वह सरकार यूजर्स के अलावा अन्य कंपनियों के ग्राहकों को भी ब्लॉक कर दे। यह ऐक्शन उन लोगों पर लिया जा रहा है, जो तमाम चेतावनी के बाद भी इनकम टैक्स रिटर्न फाइल नहीं कर रहे हैं।

जानकारी के मुताबिक फेडरल बोर्ड ऑफ रेवेन्यू ने 5 लाख 6 हजार उन लोगों के खिलाफ ऐक्शन लिया है, जो टैक्स नहीं भर रहे हैं, जबकि वे उस दायरे में आते हैं। टेलिकॉम डिपार्टमेंट से कहा गया है कि इन 5 लाख लोगों के खिलाफ 15 मई तक ऐक्शन ले लिया जाए। शहबाज शरीफ सरकार का कहना है कि देश की जैसी हालत है।

# हिंदुओं की बेटियों का जबरन धर्मांतरण किया जा रहा है - पाकिस्तान सीनेटर



**इस्लामाबाद, एजेंसी।**
पाकिस्तान के सीनेटर दानेश कुमार ने पाकिस्तान के सिंध प्रांत में हिंदू लड़कियों के जबरन अपहरण और धर्मांतरण की ओर लोगों का ध्यान खींचा है। दानेश ने सीनेट सत्र को संबोधित करते हुए कहा, हिंदुओं की बेटियां कोई लूट का माल नहीं हैं कि कोई जबरन उनका धर्म बदलवा दे। सिंध में हिंदू लड़कियों को जबरन इस्लाम में धर्मांतरण कराया जा रहा है। मासूम पूजा कुमारी का अपहरण हुए दो साल हो गए। सरकार इन प्रभावशाली लोगों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करती।

उन्होंने कहा कि हिंदू लड़कियों का जबरन अपहरण और धर्मांतरण प्रभावशाली लोगों और धार्मिक समूहों द्वारा किया जा रहा है, जिन्हें राजनीतिक दलों का समर्थन हासिल है। उनका अपहरण कर जबरन इस्लाम कबूल करवाया जाता है और उनकी शादी मुस्लिम पुरुषों से करा दी जाती है।

दानेश ने कहा कि बहाना बनाया जा रहा है कि नाबालिग हिंदू लड़कियां अपनी मर्जी से धर्म परिवर्तन कर रही हैं। उन्होंने कहा, प्रभावशाली धार्मिक समूहों को लगता है कि धर्मांतरण से वो ये साबित करना चाहते हैं कि इस्लाम के प्रति उनका पक्का समर्पण है, जबकि इस्लाम की शिक्षा इसकी इजाजत नहीं देती। दानेश ने एक ऐसा मुद्दा उठाया है जो वर्षों से पाकिस्तान में चल रहा है। कई वैश्विक निकायों ने धार्मिक अल्पसंख्यकों की चल रही पीड़ा पर गंभीर आपत्तियां और चिंताएं जताई हैं। अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय की लड़कियों का जबरन अपहरण, धर्मांतरण और मुस्लिम पुरुषों से शादी करने के अनगिनत मामले सामने आए हैं। संयुक्त राष्ट्र (यूएन) ने हाल ही में पाकिस्तान में अल्पसंख्यक समुदायों की युवा महिलाओं और लड़कियों की सुरक्षा में कमी को खतरनाक स्थिति बताते हुए पाकिस्तान की आलोचना की थी। संयुक्त राष्ट्र ने कहा था, ईसाई और हिंदू लड़कियों को जबरन धर्म परिवर्तन, अपहरण, तस्करी, बाल विवाह, जबरन शादी, घरेलू दास्तां और यौन हिंसा का शिकार होना पड़ता है।

कमजोर और कम उम्र की लड़कियों की सुरक्षा में सरकार और कानूनी एजेंसियों की विफलता पर संयुक्त राष्ट्र के विशेषज्ञों ने कहा है कि जबरन विवाह को धार्मिक या सांस्कृतिक आधार पर उचित नहीं ठहराया जा सकता।



## मेक्सिको की खाड़ी में मिला दुनिया का सबसे गहरा ताम जा ब्लू होल, नहीं जा सका है कोई गोताखोर व सबमरीन

**मेक्सिको सिटी, एजेंसी।**
मेक्सिको में दुनिया सबसे गहरा ब्लू होल मिला है। यह मेक्सिको के युकाटन प्रायद्वीप के चेतुमल खाड़ी में है। इसका नाम है 'ताम जा ब्लू होल'। अभी तक वैज्ञानिक इसकी गहराई नाप नहीं पाए हैं लेकिन शुरुआती गणना के अनुसार ये करीब 1,380 फीट गहरा है और समुद्र के नीचे की सतह में है। इससे पहले सबसे गहरे गड्ढे का रिकॉर्ड दक्षिणी चीन सागर में मौजूद ड्रैगन होल के नाम था। यह 990 फीट गहरा था। जबकि, ताम जा ब्लू होल चीन के गड्ढे से 390 फीट ज्यादा गहरा है। पिछले वर्ष छह दिसंबर को गोताखोरों ने इस गड्ढे को ढूंढ निकाला था। इस संबंध में बीते 29 अप्रैल को फ्रंटियर्स इन मरीन साइंस जर्नल में एक रिपोर्ट प्रकाशित हुई थी। वैज्ञानिकों ने इसकी गहराई नापने के लिए कंडक्टिविटी, टेंपरेचर एंड डेप्थ प्रोफाइलर (सीटीडी) तकनीक का इस्तेमाल किया। इससे समंदर के नीचे की सतह का रियल टाइम डेटा मिलता है। जिससे पता चलता है कि यह दुनिया का सबसे गहरा ब्लू होल है। जिसकी तलहटी तक अभी कोई गोताखोर या सबमरीन जा नहीं पाई है। सीटीडी प्रोफाइलर से यह भी पता चला है कि 1,312 फीट की गहराई में इस गड्ढे से कई गुफाएं और सुरंगें भी निकलती हैं। जो आपस में जुड़ी हुई हैं। यहां पर तापमान और सैलिनिटी यानी नमक की मात्रा कैरिबियन सागर की तरह है। ये जमीन के अंदर गड्ढे होते हैं, जो बाद में नीचे सुरंगों का जाल से जुड़े होते हैं या फिर कभी-कभी नहीं भी जुड़े होते।

# राफा में नरसंहार रोकने की कोशिश; नेतन्याहू को मनाने में जुटा अमेरिका, हमास भी अड़ा

**राफा, एजेंसी।**
दक्षिण गाजा के शहर राफा में नरसंहार का खतरा लगातार मंडरा रहा है। इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू किसी भी कीमत पर हमास के खिलाफ जंग नहीं छोड़ने की बात दोहरा चुके हैं। उन्होंने अब राफा में ऑपरेशन शुरू करने की बात कही है। राफा में गाजा से भाग आए 10 लाख शरणार्थी हैं। नेतन्याहू के ऐलान के बाद अमेरिका समेत पूरी दुनिया को नए नरसंहार का डर है। इसलिए अमेरिका समेत कई देश हमास और इजरायल को मनाने में जुटे हैं। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने पहले हमास अधिकारियों को अलर्ट किया कि उनके पास डील मानने का अभी भी वक्त है। उधर, बुधवार को ब्लिंकन ने नेतन्याहू से भी मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच मुलाकात का मुख्य मकसद राफा में जंग रोकना है।

अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने बुधवार को इज़रायल में प्रधान मंत्री नेतन्याहू से मुलाकात की, यह पश्चिम एशिया दौरे पर उनका नवीनतम पड़ाव है। राष्ट्रपति बाइडेन इज़रायल को दक्षिणी गाजा के एक शहर राफा पर हमला करने से रोकने की कोशिश कर रहे हैं, जहां लाखों फिलिस्तीनियों ने गाजा युद्ध के दौरान शरण ले रखी है। ब्लिंकन और बाइडेन प्रशासन सिर्फ इजरायल ही नहीं हमास से भी बंधकों को मुक्त करने के लिए नई डील पर सहमत होने का आह्वान कर रहे हैं।



**महीनों से चल रही वार्ता:** नई डील में मुख्य बाते हैं- छह सप्ताह का युद्धविराम और कुछ फ़िलिस्तीनी कैदियों की रिहाई। अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि उन्हें उम्मीद है कि अस्थायी युद्धविराम से स्थायी युद्धविराम हो सकेगा। हालांकि अमेरिका की उम्मीदों को तब झटका लगा जब नेतन्याहू ने बंधकों के परिवारवालों से मुलाकात के दौरान कसम खाई कि वे जल्द ही राफा में नया ऑपरेशन शुरू करेंगे। नेतन्याहू के ऐलान से अब नए कत्लेआम का खतरा पैदा हो गया है। युद्धविराम वार्ता महीनों से रुकी हुई है और इज़रायली अधिकारियों ने कहा है कि वे अपनी मांगें कम करने पर सहमत हुए हैं। वे अब हमास से कम से कम 33 नागरिकों को मुक्त कराने पर राजी हैं, जिन्हें तत्काल मेडिकल सुविधा की आवश्यकता है। उधर, अमेरिका ने गाजा में संघर्ष विराम समझौते के लिए हमास पर भी दबाव बनाना शुरू कर दिया है। हमास के अधिकारी काहिरा में मिस्र के मध्यस्थों से बात कर रहे हैं। इस बीच गाजा के दक्षिणी शहर राफा में इजरायली हवाई हमलों में 26 लोग मारे गये। अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने हमास से अपील की कि वह नए प्रस्ताव को स्वीकार कर ले जो इजरायल की ओर से दिया गया है।

# मानवाधिकार संगठन का आरोप- सोशल मीडिया पोस्ट के लिए हुई सजा

**दुबई, एजेंसी।**
मुस्लिम देश सऊदी अरब महिला अधिकारों के दमन को लेकर जाना जाता है। हाल के सालों में महिलाओं के लिए कई सुधार किए हैं। फिर भी काफी हद तक यह देश पीछे ही है। दरअसल, यहां एक 29 साल की फिटनेस इंस्ट्रक्टर को उसके कपड़ों और सोशल मीडिया पर पोस्ट किए जाने को लेकर 11 साल की जेल की सजा सुनाई गई है। हालांकि, इंस्ट्रक्टर के बचाव में मानवाधिकार संगठन एमनेस्टी इंटरनेशनल उतर आया है। उसने सऊदी अरब से महिला को सजा से रिहा किए जाने को कहा है। साथ ही देश की पुरुष को बढ़ावा देने वाली प्रणाली को खत्म करने का आग्रह किया है।

संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय के अनुरोध पर सऊदी अरब के औपचारिक जवाब सामने आने पर लंदन स्थित एमनेस्टी ने मंगलवार को कहा कि मनाहेल अल-ओतैबी को जनवरी में सजा सुनाई गई थी।एमनेस्टी और लंदन स्थित अल-क्यूस्ट का कहना है कि ओतैबी पर



आरोप लगाया गया था कि उसने सोशल मीडिया पर पुरुष संरक्षकता को खत्म करें पोस्ट किया और साथ ही उसके वीडियो सामने आए, जिसमें उसने ढंग के कपड़े नहीं पहने थे। हालांकि, इन सब पर जब एक न्यूज एजेंसी ने सऊदी अरब के अंतरराष्ट्रीय मीडिया कार्यालय से जानकारी लेनी चाहिए, तो सवालों का जवाब नहीं दिया गया। वहीं, सऊदी अरब ने संयुक्त राष्ट्र के अधिकार कार्यालय को अपने औपचारिक जवाब में इस बात से इनकार किया कि अल-ओतैबी को सोशल मीडिया पोस्ट के लिए सजा सुनाई गई थी। इसमें कहा गया कि उन्हें आतंकवादी अपराधों के लिए दोषी ठहराया गया था, जिसका उनके विचारों और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के प्रयोग या उनके सोशल मीडिया पोस्ट से कोई लेना-देना नहीं है।

**ओतैबी की बहन पर भी आरोप:** एमनेस्टी के अनुसार, अल-ओतैबी की बहन फौजिया पर भी इसी तरह के आरोप लगाए गए हैं, लेकिन 2022 में पूछताछ के लिए बुलाए जाने के बाद वह सऊदी अरब से भाग गई थी। सऊदी अरब पर एमनेस्टी के प्रचारक बिसान फकीह ने कहा कि ऐसी सजाओं के चलते सऊदी ने हाल के वर्षों में महिला अधिकार सुधारों की योजना के खोखलेपन को उजागर किया है। महिलों की बात को दबाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया है।

सऊदी अरब एक कट्टर इस्लामिक देश है, जो पहले वहाबी विचारधारा का सबसे बड़ा समर्थक था। पर साल 2017 में सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने महिलाओं की स्थिति में बदलाव लाने का वादा किया और सत्ता में आ गए। हालांकि, सत्ता में आने के बाद उन्होंने पुरुष संरक्षकता कानूनों में कुछ प्रतिबंधों में ढील दी।

## चीन में सड़क धंसने से मरने वालों की संख्या बढ़कर 36 हुई

**शेन्ज़ेन (चीन), एजेंसी।** चीन के गुआंग्डोंग प्रांत में सड़क धंसने से मरने वालों की संख्या बढ़कर 36 हो गई। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने गुरुवार को बताया कि सड़क धंसने से नीचे गिरे तीन और वाहनों की तलाश जारी है। चीनी मीडिया ने पहले 24 मौतों की खबर दी थी। इस क्षेत्र में कई दिनों से भारी बारिश हो रही है, जिसके चलते मेइझोउ-डाबू एक्सप्रेस वे पर मेइझोउ शहर के पास सड़क का 18 मीटर लंबा हिस्सा धंस गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने स्थानीय मीडिया को बताया कि उन्होंने जोरदार आवाज सुनी और सड़क पर कई मीटर चौड़ा एक गड्ढा देखा, जो धंसा हुआ था। दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। बता दें कि गुआंगडोंग प्रांत में असामान्य रूप से भारी बारिश हो रही है। पर्ल नदी में बाढ़ आ गई है। गुआंगजौ के कस्बों और गांवों में बाढ़ का अलर्ट जारी किया गया है। एक सरकारी बयान के अनुसार, हादसे में 30 लोग घायल हुए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### एयरबीएनबी ने लॉन्च किया आइकॉन्स

**बॉलीवुड स्टार जाह्नवी कपूर ने चेन्नई में अपने शानदार घर का दरवाजा मेहमानों के लिए खोला**

**मुंबई, एजेंसी।** एयरबीएनबी लोगों के लिए नए तरह का अनुभव आइकॉन्स पेश कर रहा है इसके तहत दुनिया के मशहूर संगीतकार, फिल्म व टेलीविजन कलाकार और खिलाड़ी आदि मेहमानों का अलग अंदाज में स्वागत करेंगे। आइकॉन्स आपको एक ऐसी दुनिया में ले जाएंगे, जिसके बारे में अबतक आप केवल सोचा करते थे। आप चाहें फेरारी संग्रहालय में



सोएं या प्रिंस के पर्पल रेन हाउस में रहें या फिर बॉलीवुड आइकॉन जाह्नवी कपूर के समुद्र तट के समीप वाले घर में एक दिन बिताएं। आज, हम पूरे साल दुनिया भर में शानदार अनुभवों के साथ, एयरबीएनबी पर पहले 11 आइकॉन्स को पेश कर रहे हैं।

एयरबीएनबी के भारत, दक्षिण पूर्व एशिया, हांगकांग और ताइवान के जनरल मैनेजर अमनप्रीत बजाज ने कहा आइकॉन्स' ऐसे अनुभवों को जीवंत करते हैं जो जादुई और वास्तव में कल्पना से परे होते हैं आइकॉन्स लॉन्च के हिस्से के रूप में हम इस विशेष अभियान के लिए जाह्नवी कपूर के साथ साझेदारी करके रोमांचित हैं, जो जाह्नवी के समुद्र तट के समीप वाले घर की एक अभूतपूर्व झलक पेश करेगा। जाह्नवी कपूर ने इस मौके पर कहा मेरे सबसे प्यारी यादें चेन्नई स्थित हमारे घर में परिवार के साथ बिताई गर्मियों की हैं। यह जगह हमेशा एक आरामदायक जगह की तरह महसूस होती है, और मैं इस खास एहसास को अपने प्रशंसकों के साथ साझा करना चाहती हूं, यही वजह है कि मैं पहली बार एयरबीएनबी के जरिए अपने घर के दरवाजे खोल रही हूं।

### 300 रुपये के पार पहुंचे भेल के शेयर, रेलवे सिग्नलिंग बिजनेस के लिए हुई बड़ी डील

**नई दिल्ली, एजेंसी।** महार प्रतिशत कंपनी भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) के शेयरों में गुरुवार को जबरदस्त तेजी आई है। भेल के शेयर गुरुवार को 6 पर्सेंट से अधिक की तेजी के साथ 300.20 रुपये पर पहुंच गए हैं। इसके साथ ही, भेल के शेयरों ने 52 हफ्ते का अपना नया हाई बनाया है। महार प्रतिशत कंपनी के शेयरों में यह



तेजी एक बड़ी डील के बाद आई है। भेल ने रेलवे सिग्नलिंग बिजनेस के लिए एचआइएमए मिडिल ईस्ट एफजेडई, दुबई के साथ स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप एग्रीमेंट किया है। भेल के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 77.30 रुपये है। एचआइएमए मिडिल ईस्ट एफजेडई रेलवे और प्रोसेस इंडस्ट्रीज में सेफ्टी से जुड़े ऑटोमेशन के लिए सॉल्यूशंस उपलब्ध कराती है। वहीं, भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) भारतीय रेलवे को लोकोमोटिव्स के लिए इलेक्ट्रिकल्स, ट्रैक्शन मोटर्स, ट्रैक्शन अल्टरनेटर्स और ट्रैक्शन ट्रांसफॉर्मर्स की सप्लाई कर रही है।

# हर शेयर पर मुनाफा बांट रही अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गौतम अडानी समूह की कंपनी- अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) का जनवरी-मार्च तिमाही में नेट प्रॉफिट 76.87 प्रतिशत बढ़ गया है। इस तिमाही में प्रॉफिट 2,014.77 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में 1,139.07 करोड़ रुपये का लाभ कमाया था।

अडानी पोर्ट्स ने बीएसई को दी सूचना में बताया कि इस लॉजिस्टिक्स कंपनी की वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में कुल आय बढ़कर 7,199.94 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले समान अवधि में 6,178.35 करोड़ रुपये थी। इस तिमाही में कुल खर्च बढ़कर 4,450.52 करोड़ रुपये हो गया, जो एक वर्ष पूर्व इसी तिमाही में 3,995 करोड़ रुपये था।

**डिविडेंड का ऐलान-** अडानी पोर्ट्स के बोर्ड ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 6 रुपये (300 प्रतिशत) डिविडेंड का ऐलान किया है। यह डिविडेंड प्रस्ताव आगामी एजीएम में शेयरधारक के अनुमोदन के



अधीन है। बता दें कि अडानी पोर्ट्स के शेयर की कीमत 1349 रुपये से ज्यादा है। यह एक दिन पहले के मुकाबले 1.30 प्रतिशत से अधिक बढ़ गया। अप्रैल 2024 में इस शेयर की कीमत 1,425 रुपये थी। यह शेयर के 52 हफ्ते का हाई है।

**3.62 करोड़ मीट्रिक टन माल की ढुलाई-** अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) ने अप्रैल में 3.62 करोड़ मीट्रिक टन (एमएमटी) माल ढुलाई की। यह पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 12 प्रतिशत अधिक है। एपीएसईजेड ने कहा कि अधिकांश घरेलू बंदरगाहों पर वृद्धि दर्ज की गई, जिसमें धामरा बंदरगाह ने 43.8 लाख मीट्रिक टन अभी तक की सर्वाधिक मासिक माल ढुलाई की गई। उद्योगपति गौतम अडानी की कंपनी ने कहा कि लॉजिस्टिक्स सेग्मेंट में वृद्धि जारी रही। रेल क्षेत्र सालाना आधार पर पांच प्रतिशत वृद्धि के साथ 49,430 टीईयू और जीपीडब्ल्यूआईएस 26 प्रतिशत बढ़कर 1.8 एमएमटी रहा। बता दें कि अडानी समूह का एक हिस्सा एपीएसईजेड भारत में सबसे बड़ा बंदरगाह डेवलपर व ऑपरेटर है।

## जेवर बनवाना हुआ महंगा, फिर चढ़ें सोने-चांदी के भाव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सोने-चांदी के कीमतों में गिरावट आने के बाद गुरुवार को फिर से इनके दाम में बढ़ोतरी देखी गई है। भारतीय वायदा बाजार में सोने-चांदी में उछाल आया है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोना 71,120 पर खुला था। सुबह 10:20 के आसपास इसमें लगभग 400 रुपए की तेजी दिखाई दे रही थी और मेटल 71,118 रुपए पर ट्रेड कर रहा था। पिछली क्लोजिंग 70,725 पर हुई थी। चांदी 175 रुपए की तेजी के साथ 80,045 रुपए प्रति किलोग्राम पर है। मंगलवार को सिल्वर 79,870 पर बंद हुआ।



**क्यों उछले सोना-चांदी के दाम-** अमेरिकी ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। फेडरल रिजर्व बैंक के मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी ने अपनी बैठक में लगातार सातवीं बार ब्याज दरों को स्थिर रखा है। हालांकि, फेड ने अब साल के आखिर में एक रेट कट की संभावना जताई है। इस बीच अंतरराष्ट्रीय बाजारों में गोल्ड में लगातार दूसरे दिन तेजी दर्ज की गई है। यूएस स्पॉट गोल्ड 0.3 प्रतिशत चढ़कर 2325 डॉलर प्रति औंस पर चल रहा था। पिछले सत्र में ये सीधा 1 पर्सेंट ऊपर चढ़ा था। यूएस गोल्ड फ्यूचर भी 1 पर्सेंट चढ़कर 2,334 डॉलर प्रति औंस पर चल रहा था।

हालांकि, गोल्ड में इस तेजी के पीछे फेड की ओर से अभी भी एक रेट कट में कटौती की संभावनाओं को माना जा रहा है। कम ब्याज दरों में बुलियन की कीमतें ऊपर जाती हैं। इससे गोल्ड को लेकर सेंटीमेंट में सुधार दिख रहा है।

**सर्राफा बाजार में सोने-चांदी के भाव-** अगर दिल्ली सर्राफा बाजार की बात करें तो मंगलवार को मेटल्स में गिरावट दर्ज की गई थी। राजधानी के सर्राफा बाजार में सोना 150 रुपए की गिरावट के साथ 72,600 रुपए प्रति 10 ग्राम पर था। चांदी की कीमत भी 750 रुपए लुढ़ककर 83,750 रुपए प्रति किलो रह गई थी।

## वेटर की कमाई के आगे दुनिया का बड़े से बड़ा अरबपति भी फेल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कभी वेटर रहे एक शख्स की इस चार महीने की कमाई के आगे दुनिया के बड़े से बड़ा अरबपति भी पिछड़ गया है। चाहे एलन मस्क हों या मार्क जुकरबर्ग या फिर दुनिया के सबसे अमीर बर्नार्ड अर्नाल्ट ही क्यों न हों, जेनसेन हुआंग से पिछड़ गए हैं। ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स के मुताबिक जेनसेन हुआंग इस साल कमाई में मार्क जुकरबर्ग को पछाड़ नंबर वन बन गए हैं।



जेनसेन हुआंग ने इस साल अबतक अपनी संपत्ति में 29.2 अरब डॉलर जोड़ने में कामयाब रहे। उनका कुल नेटवर्थ भले ही जुकरबर्ग के नेटवर्थ से काफी कम है, लेकिन इस साल इन्होंने कमाई में सभी को पीछे छोड़ दिया है। जेनसेन हुआंग 73.2 अरब डॉलर के नेटवर्थ के साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 20वें स्थान पर हैं। जुकरबर्ग इस मामले में दुनिया में दूसरे नंबर पर हैं। इन्होंने इस साल अबतक 28.3 अरब डॉलर की कमाई की है। इनका कुल नेटवर्थ 156 अरब डॉलर है। तीसरे नंबर पर अमेजन के पूर्व सीईओ जेफ बेजोस हैं। इनकी इस साल की कमाई 24.3 अरब डॉलर है। इनके पास 201 अरब डॉलर की संपत्ति है। एलन मस्क ने इस साल 37.5 अरब डॉलर गंवाया है। मस्क की कुल संपत्ति 191 अरब डॉलर रह गई है।

### कभी वेटर थे हुआंग

हुआंग कंप्यूटर प्रोसेसर और एआई टेक्नॉलजी की अग्रणी कंपनी एनवीडिया के चेयरमैन हैं। हुआंग ने 1993 में कंपनी की सह-स्थापना की और 1999 में पहली ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट पेश की। हुआंग ने कभी वेटर का भी काम किया लेकिन, आज इनकी गिनती दुनिया के सबसे अमीर लोगों में होती है।

### किस देश के मूल निवासी हैं हुआंग

1963 में ताइवान के ताइनान में जन्मे हुआंग का परिवार पहली बार थाईलैंड में रिलोकेट हुआ जब वह पांच साल के थे। नौ साल के थे तो दोनों भाई चाचा के साथ रहने के लिए टैकोमा, वाशिंगटन चले गए। अलोहा हाई स्कूल से ग्रैजुएशन किया।

## सीट में थी खराबी; विमान में भारतीय दंपती को रातभर जागना पड़ा, अब सिंगापुर एयरलाइन देगा हर्जाना



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सिंगापुर एयरलाइंस को बिजनेस क्लास में ऑटोमैटिक रिक्लाइनर सीटों में खराबी के कारण एक भारतीय दंपती को 2 लाख रुपये से अधिक का मुआवजा देने का आदेश दिया गया है। तेलंगाना के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) रवि गुप्ता और उनकी प प्रतिशती ने एयरलाइन के खिलाफ मुकदमा दायर किया था। न्यूयॉर्क पोस्ट की एक रिपोर्ट के अनुसार, बिजनेस क्लास की सीटों के लिए 66,750 रुपये का भुगतान करने के बावजूद, उन्हें स्वचालित रिक्लाइन सुविधा से लैस सीटों को मैन्युअल रूप से एडजस्ट करने के लिए कहा था।

23 मई, 2023 को गुप्ता और उनकी प प्रतिशती हैदराबाद से सिंगापुर होते हुए ऑस्ट्रेलिया जा रहे थे। दंपती द्वारा दायर शिकायत के अनुसार, एयरलाइन के बिजनेस क्लास में रिक्लाइनर सीटें ठीक नहीं हुई और एयरलाइन ने उन्हें सीटों को मैन्युअल रूप से एडजस्ट करने के लिए कहा।

अपने टिकटों के लिए पर्याप्त राशि का भुगतान करने के बावजूद अपने उड़ान अनुभव पर असंतोष व्यक्त करते हुए, गुप्ता ने कंपनी से इसकी शिकायत की तो उन्हें मुआवजे के रूप में 10,000 फ्रीक्वेंट फ्लायर मील या लॉयल्टी पॉइंट की पेशकश की गई। हालांकि, दंपति ने इस प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया और कानूनी कार्रवाई करने का विकल्प चुना।

अब तेलंगाना में जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने भारतीय दंपति के पक्ष में फैसला सुनाया और सिंगापुर एयरलाइंस को उन्हें (दंपती को) कथित मानसिक पीड़ा के एवज में 2,13,585 रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया।

## अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने नीतिगत ब्याज दरों में एक बार फिर नहीं किया बदलाव, जुलाई 2023 से है अपरिवर्तित

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका से आर्थिक जगत के लिए एक महत्वपूर्ण खबर आई है। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व ने एक बार फिर प्रमुख ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया है। ब्याज दरों को 5.25 प्रतिशत से 5.50 प्रतिशत पर स्थिर रखा गया है। बाजार के जानकारों के अनुसार कारोबार के लिहाज से यह बहुत उत्साह बढ़ाने वाली खबर नहीं है। भारतीय समयानुसार बुधवार की मध्यरात्रि (12 बजे) यूएस फेड ने ब्याज दरों पर अपना फैसला सुनाया। इसके साथ ही यूएस फेड ने ट्रेजरी रिडेम्पशन कैप में भी कटौती की है।



बुधवार का फेडरल रिजर्व का निर्णय निवेशकों के लिए काफी उबाऊ रहा। अधिकारियों ने ब्याज दरों को वहीं रखा, जैसा जुलाई 2023 में रखा गया था। हालांकि कुछ जानकार कारोबारी फेड के एक अन्य महत्वपूर्ण निर्णय को लेकर उत्साहित हैं। फेड ने घोषणा की कि वह जून में शुरुआत करते हुए अपने मात्रात्मक कसावट कार्यक्रम को महत्वपूर्ण रूप से कम करेगा।

अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की दो दिन की फेडरल ओपन मार्केट कमेटी बैठक बुधवार देर रात खत्म हो गई। बाजार में पहले से ही अनुमान जताया जा रहा था कि यूएस फेड बेंचमार्क ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं करेगा और इन्हें लगातार छठी बैठक में भी 5.25 फीसदी से 5.50 फीसदी पर बनाए रखेगा। अमेरिकी शेयर बाजार यानी वॉल स्ट्रीट ने भी यही अनुमान जताया था।

## भारतीय मसालों की गुणवत्ता पर उठे सवाल, निर्यात पर बड़ा खतरा!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के मसाले दुनियाभर में खाए और बेचे जाते हैं लेकिन जिस तरह के क्वालिटी से संबंधित मामले कई देशों से निकलकर सामने आए हैं, उससे देश के मसाला कारोबार को बड़े संकट में डाल दिया है। दुनिया भर के कई देशों में भारत से आने वाले मसालों पर गुणवत्ता को लेकर कार्रवाई की गई है। ये देश घरेलू मसाला बाजारों के लिए अहम बाजार हैं। आंकड़ों के अनुसार फिलहाल जिन देशों में मसालों को लेकर सवाल खड़े हुए हैं वहां भारत से 70 करोड़ डॉलर (करीब 6 हजार करोड़ रुपए) के मसालों का निर्यात किया जाता है। थिंक टैंक ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनीशिएटिव की रिपोर्ट के मुताबिक अगर कुछ और देश भारत में उत्पन्न होने वाले मसालों पर सवाल



खड़े करते हैं तो आधा एक्सपोर्ट कारोबार जोखिम में आ सकता है।

**क्या है मामला-** हॉन्गकॉन्ग की फूड रेग्युलेटरी अथॉरिटी सेंटर फॉर फूड सेफ्टी ने 5 अप्रैल को एक रिपोर्ट जारी की थी जानकारी दी गई कि एमडीएच के तीन उत्पाद मद्रास करी पाउडर, सांभर मसाला और करी पाउडर में कीटनाशक एथलीन ऑक्साइड की मात्रा तय सीमा से ज्यादा मिली है। इसके साथ ही एवरेस्ट के फिश करी मसाले में भी कीटनाशक की मात्रा मिली है। वेंडर्स को अथॉरिटी ने निर्देश दिए हैं कि इन उत्पादों को अपने काउंटर से हटा लें और इनकी बिक्री को रोक दिया जाए। लंबी समय तक एथलीन ऑक्साइड के इस्तेमाल से गंभीर रोग होने की आशंका होती है।

इस कदम के बाद अमेरिका, सिंगापुर, ऑस्ट्रेलिया और माले ने भी एमडीएच और एवरेस्ट के मसालों की गुणवत्ता पर सवाल खड़े किए हैं। वित्त वर्ष 2024 में भारत ने इन देशों में 69.2 करोड़ डॉलर मूल्य के मसालों का निर्यात किया था। सवाल खड़े करने के बाद इस पूरे कारोबार पर असर पड़ने की आशंका बन गई है।

### बढ़ सकता है असर

निजी ट्रेड रिसर्च थिंकटैंक ने चेतावनी जारी की है कि अगर इन देशों में चीन भी शामिल हो जाता है तो भारत से एक्सपोर्ट होने वाले कुल मसाले का 51 फीसदी कारोबार सवालों के दायरे में आ जाएगा जो कि 2.17 अरब डॉलर के बराबर है। वहीं अगर यूरोपियन यूनियन क्वालिटी को लेकर कोई सवाल खड़े करता है तो 2.5 अरब डॉलर का कारोबार सवालों के दायरे में आ जाएगा। एमडीएच और एवरेस्ट, अमेरिका, यूरोप, मिडिल ईस्ट और यूके में अपने मसाले भेजते हैं। जीटीआरआई ने कहा है कि फिलहाल जरूरत है कि अथॉरिटी तेजी के साथ एक्शन लें और ग्लोबल मार्केट में अपना भरोसा वापस पाने की कोशिश करें। जीटीआरआई ने चेतावनी दी है कि अगर देश के कुछ बड़े ब्रांड पर सवाल खड़े होते हैं तो इसके साथ ही देश के पूरे मसाला उद्योग को लेकर भी सवाल खड़े किए जाएंगे।

## वेदांता की भारत में 4 साल में 20 अरब डॉलर निवेश करने की योजना, बोले अनिल अग्रवाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वेदांता समूह के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने बुधवार को कहा कि समूह ने अगले चार साल में भारत में अपने सभी कारोबारों में 20 अरब डॉलर के निवेश का लक्ष्य रखा है। अग्रवाल ने कंपनी के एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि समूह अपने इस्पात कारोबार को केवल सही कीमत पर बेचेगा और सही कीमत नहीं मिलने पर वह इसे चलाना जारी रखेगा।

अग्रवाल ने कहा, फिलहाल हमारी योजना चार साल में विभिन्न क्षेत्रों में 20 अरब डॉलर निवेश करने की है। उन्होंने कहा कि यह निवेश प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रॉनिक्स और ग्लास व्यवसायों के अलावा ऐसे अन्य गतिविधियों पर केंद्रित होगा जिसमें समूह शामिल है। उन्होंने कहा कि स्मार्टफोन और लैपटॉप स्क्रीन बनाने में उपयोग किए जाने वाले सेमी-कंडक्टर और ग्लास भविष्य के दृष्टिकोण से बहुत आवश्यक है, उन्होंने कहा कि समूह पहले से ही दोनों व्यवसायों में मौजूद है। कंपनी के पास सेमीकंडक्टर संयंत्र के लिए गुजरात में जमीन है और वह एक विश्वसनीय और मजबूत साझेदार की तलाश कर रही है।

कंपनी के कर्ज की स्थिति को लेकर चिंताओं के बीच अग्रवाल ने कहा कि कंपनी का कुल कर्ज फिलहाल केवल 12 अरब डॉलर है और ऐसा लगता है कि इसका प्रबंधन किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि समूह ने कोई भी ऋण चुकाने में कभी चूक नहीं की है।



# गोल्डन शिमरी साड़ी में अमायरा दस्तूर ने दिखाई अपनी खूबसूरती

**एक्ट्रेस** अमायरा दस्तूर ने बुधवार को अपने फैंस के लिए गोल्डन शिमरी साड़ी पहने अपनी कुछ खूबसूरत तस्वीरें शेयर की हैं। उन्होंने कहा मैं अपने जीवन, आईलाइनर और हर चीज को पंख लगा रही हूं। जजमेंटल है क्या, कालाकांडी, जोगी और अन्य फिल्मों में अपने काम के लिए मशहूर एक्ट्रेस अमायरा ने इंस्टाग्राम पर कई तस्वीरें शेयर कीं, जिसमें उन्हें सुनहरे रंग की साड़ी पहने देखा जा सकता है। उन्होंने शिमरी साड़ी को मैचिंग ट्यूब ब्लाउज के साथ पेयर किया, जिस पर भारी सजावट की गई थी। मेकअप के लिए उन्होंने पीच ब्राउन लिप्स, विंग्ड आईलाइनर और ब्राउन आईशैडो को चुना। उन्होंने अपने बालों को खुला रखा और इसके साथ सिल्वर पर्ल ईयररिंग्स पहने हैं। पोस्ट का शीर्षक है-बस अपने जीवन, आईलाइनर और हर चीज को पंख लगा रही हूं। अमायरा को पिछली बार पीरियड क्राइम थ्रिलर सीरीज बंबई मेरी जान में देखा गया था।

# दिलजीत दोसांझ और नीरू बाजवा की जट्ट एंड जूलियट 3, 28 जून को होगी रिलीज




एक्टर दिलजीत दोसांझ और नीरू बाजवा की आने वाली फिल्म जट्ट एंड जूलियट 3 28 जून को दुनिया भर में बड़े पर्दे पर रिलीज होगी। दिलजीत ने एक्स और इंस्टाग्राम पर जगदीप सिद्धू द्वारा निर्देशित पंजाबी फिल्म के दो पोस्टर शेयर करते हुए इसकी घोषणा की। उन्होंने कैप्शन में लिखा, फतेह और पूजा वापस आ गए हैं। जट्ट एंड जूलियट 3 दुनिया भर में 28 जून को रिलीज हो रही है। अनुराग सिंह द्वारा निर्देशित रोमांटिक कॉमेडी जट्ट एंड जूलियट पहली बार 2012 में रिलीज हुई थी। एक साल बाद, फिल्म का दूसरा पार्ट रिलीज किया गया। इन दिनों दिलजीत अपनी हाल ही में रिलीज हुई फिल्म अमर सिंह चमकीला के लिए प्रशंसा बटोर रहे है, जिसे स्ट्रीमिंग पोर्टल नेटफ्लिक्स पर रिलीज किया गया। इम्तियाज अली द्वारा निर्देशित यह फिल्म पंजाब के मशहूर सिंगर अमर सिंह चमकीला की असली कहानी है, जिनका किरदार दिलजीत दोसांझ ने निभाया है। वह अपने अलग तरह के गानों के चलते कई बार विवादों में रहे थे।

# लापता लेडीज की मुरीद हुईं आलिया



किरण राव द्वारा निर्देशित लापता लेडीज 1 मार्च, 2024 को नाटकीय रूप से रिलीज हुई। रिलीज होने पर, फिल्म को आलोचकों और दर्शकों से सकारात्मक समीक्षा मिली। मशहूर हस्तियों को भी राव की निर्देशन क्षमता और फिल्म के कलाकारों के शानदार अभिनय से प्यार हो गया। फिल्म 26 अप्रैल को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई। जैसे-जैसे फिल्म दिल जीत रही है, अभिनेत्री आलिया भट्ट ने पारिवारिक नाटक पर अपने विचार और राय साझा करने के लिए अपने सोशल मीडिया हैंडल का सहारा लिया। फिल्म देखने के बाद, आलिया ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर लिखा, फिल्मों में बहुत अच्छा समय बिताया। इन लेडीज, प्रतिभा रांटा, नितांशी गोयल, और सज्जन स्पर्श श्रीवास्तव और रवि किशन, वास्तव में मेरे दिल में हैं। इतनी खूबसूरत फिल्म और सभी कलाकारों का क्या शानदार प्रदर्शन! आप सभी को बधाई। फिल्म लापता लेडीज बिप्लब गोस्वामी के पुरस्कार विजेता उपन्यास पर आधारित है।



# साथ काम करने वाले हैं आमिर, शाहरुख और सलमान? कपिल के शो में उठा राज से पर्दा!

बॉलीवुड के तीन खान- आमिर खान, सलमान खान और शाहरुख खान फिल्म इंडस्ट्री के सबसे बड़े चेहरों में शामिल हैं। तीनों के फैंस की इच्छा है कि वे किसी फिल्म में एक साथ काम करेंगे। अब इस बात को लेकर खुद आमिर खान ने बड़ी जानकारी साझा की है, जिसने एक बार फिर से दर्शकों की उम्मीदों को सांसें देने का काम किया है। आमिर खान हाल ही में, द ग्रेट इंडियन कपिल शो के नए एपिसोड में नजर आए। इस दौरान उन्होंने शाहरुख और सलमान के साथ काम करने की इच्छा जताई। एक दर्शक से बात करते हुए उन्होंने इस बात की ओर इशारा किया। आमिर खान ने कहा कि उन्होंने हाल ही में, शाहरुख और सलमान खान से मुलाकात की थी। उन दोनों से आमिर ने कहा था, हम तीनों एक ही इंडस्ट्री में इतने सालों से हैं और ये ऑडिएंस के लिए काफी गलत हो जाएगा कि करियर के इस दौर में अगर हम साथ में एक फिल्म ना करें। एक फिल्म तो बनती है। कहानी की तलाश में हैं तीनों आमिर खान ने शो में बताया कि वह दो दिन पहले ही सलमान खान से मिले थे। मुलाकात के दौरान भाईजान ने उन्हें अपने ब्रैंड के कपड़े तोहफे में दिए थे। आमिर ने आगे बताया कि वह तीनों ही एक कहानी की तलाश में हैं। आमिर की इस बात से दर्शकों के बीच चर्चाओं का दौर शुरू हो चुका है।



# गरीबों के मसीहा हैं सोनू सूद!

## नंबर ब्लॉक हुआ तो अभिनेता के घर पर ही लग गया जरूरतमंदों का तांता

सोनू सूद अपने प्रशंसकों के दिलों में बसते हैं। वे न सिर्फ अपने अभिनय की काबिलियत की वजह से चहेते हैं, बल्कि दूसरों की मदद के लिए हमेशा तत्पर रहने की वजह से भी लोग उन्हें बेहद पसंद करते हैं। अभिनेता सोनू सूद को गरीबों का मसीहा कहा जाता है।

वे जरूरतमंदों की मदद के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर तमाम लोग उनसे मदद की गुहार लगाते हैं। इसके अलावा उनके निजी मोबाइल नंबर और व्हॉट्सएप के जरिए भी लोग मदद मांगते दिखते हैं। बीते दिनों सोनू सूद का व्हॉट्सएप ब्लॉक हो गया। इससे उन लोगों को काफी परेशानी हुई, जिन्हें अभिनेता से मदद की दरकार थी। हालांकि, सोनू का नंबर ब्लॉक होने के बाद मदद लेने के लिए लोग उनके घर पहुंच गए।

### आधी रात अभिनेता के घर जुटी भीड़

किसी गरीब का उपचार कराना हो या किसी को अन्य आर्थिक मदद की जरूरत हो, सोनू सूद के पास बात पहुंचने पर वे तत्काल तैयार रहते हैं। हाल ही में उनका व्हाट्सएप बंद कर दिया गया था। करीब 61 घंटों के बाद उनके अकाउंट को दोबारा शुरू कर दिया गया। लेकिन, इस बीच लोगों को काफी परेशानी हुई। अभिनेता का नंबर ब्लॉक होने के बाद लोग सीधे तौर पर उनसे मदद मांगने उनके घर पहुंच गए। इसे लेकर एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

### लोगों से मिलकर दी तसल्ली

वायरल वीडियो पर यूजर्स सोनू सूद की दिल खोलकर तारीफ लिख रहे हैं और उन्हें दुआएं दे रहे हैं। इस वीडियो में देखा जा सकता है कि लोग अपने बच्चों और परिवारों को लेकर अभिनेता के आवास पर इकट्ठे हुए हैं।


सोनू सूद सभी से मिलकर उन्हें तसल्ली देते नजर आ रहे हैं। इस वीडियो पर एक यूजर ने प्रतिक्रिया देते हुए लिखा, आपके लिए दिल में अलग सम्मान है। एक अन्य यूजर ने लिखा, फिल्मों में आप विलेन हैं, लेकिन असल जिंदगी में आप हीरो से भी बढ़कर हैं।

### अभिनेता ने जताई थी नाराजगी

नंबर ब्लॉक होने के बाद सोनू सूद ने सोशल मीडिया पर नाराजगी जताई थी। वर्क फ्रंट की बात करें तो सोनू इन दिनों अपनी फिल्म फतेह को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। फिल्म का टीजर इसी साल मार्च में रिलीज किया गया था। इसे देखकर लोग उम्मीद जता रहे हैं कि उन्हें फिल्म में रोमांचक सिनेमाई अनुभव मिलेगा। फिल्म में उनके साथ जैकलीन फर्नांडीज भी नजर आएंगी।

# काजोल ने अपने फैंस के साथ शेयर किए कुछ ज्ञान भरे शब्द

लस्ट स्टोरीज 2 और द ट्रायल में नजर आने वाली बॉलीवुड एक्ट्रेस काजोल ने अपने फैंस के साथ कुछ ज्ञान भरे शब्द शेयर किए हैं। एक्ट्रेस ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी सेक्शन में एक मीम शेयर किया, जिसमें लिखा था, रिलैक्स, हम सभी पागल हैं। यह कोई प्रतियोगिता नहीं है। एक्ट्रेस इंस्टाग्राम पर काफी एक्टिव रहती हैं और अक्सर अनोखे पोस्ट शेयर करती रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक मजेदार टेक्स्ट शेयर किया जहां उन्होंने बताया कि कैसे उनका धैर्य खत्म हो रहा है। उन्होंने लिखा, मेरा धैर्य मूल रूप से एक गिफ्ट कार्ड की तरह है। निश्चित नहीं है कि इसमें कितना बचा है लेकिन हम इसे आजमा सकते हैं। इससे पहले उन्होंने अपनी पिलेट्स क्लास से एक मजेदार तस्वीर भी शेयर की थी। फोटो में एक्ट्रेस एथलेजर और सनग्लासेस पहने पिलेट्स मशीन पर लेटी हुई नजर आ रही थी। उन्होंने कैप्शन में लिखा, चूंकि हर कोई जानना चाहता है कि मेरा वर्कआउट कैसा दिखता है... यहां एक तस्वीर है... अब बताओ ये वर्कआउट के पहले का है या बाद में। एक्ट्रेस के पास सरजमीन, दो पत्ती और मां सहित कई परियोजनाएं हैं।



**हुमा कुरैशी ने बताया**

# आखिर क्या चीज उन्हें नींद से वंचित होने पर खुशी देती है



महारानी सीरीज से एक अलग पहचान बनाने वाली एक्ट्रेस हुमा कुरैशी इन दिनों अपने अगले प्रोजेक्ट गुलाबी की शूटिंग में व्यस्त हैं। उन्होंने बताया कि नींद से वंचित होने पर भी उन्हें किस चीज से खुशी मिलती है। महारानी स्टार ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक किताब की दुकान में कदम रखते हुए एक वीडियो शेयर किया। वीडियो देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि वह हवाईअड्डे पर थी जब उसकी नजर किताबों की दुकान पर पड़ी। वीडियो में उपन्यास ज़ेबा एन एक्सीडेंटल सुपरहीरो की भी झलक देखी जा सकती है। उन्होंने इसे कैप्शन दिया, नींद चाहे कितनी भी खराब क्यों न हो, इससे मुझे हमेशा खुशी मिलती है। हुमा ने अपनी आगामी फिल्म गुलाबी की शूटिंग की एक झलक भी शेयर की, जहां वह एक ऑटो-रिक्शा चालक की भूमिका निभाएंगी। शूटिंग एक रेगिस्तानी इलाके में हो रही थी। एक झलक में ऊंटों को भी देखा जा सकता है। एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा, आज का ऑफिस, गुलाबी। विपुल मेहता द्वारा निर्देशित गुलाबी की बात करें तो यह सच्ची कहानी पर आधारित है। यह एक बहादुर ऑटो-रिक्शा चालक की यात्रा के बारे में बात करती है, जिसने महिलाओं को अपनी नियति को पुनः प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

**बॉबी देओल ने कहा**

# मेरा भाई सनी सुपरमैन की तरह मजबूत

फिल्म एनिमल में अपने अभिनय से पहचान बनाने वाले बॉलीवुड एक्टर बॉबी देओल स्ट्रीमिंग कॉमेडी शो द ग्रेट इंडियन कपिल शो के नवीनतम एपिसोड में नजर आए। एपिसोड के दौरान बॉबी ने खुलासा किया कि उनके भाई की पीठ की कई सर्जरी हुई, लेकिन वह अभी भी मजबूत हैं और आसानी से एक्शन सीन कर सकते हैं।

बॉबी ने शेयर किया, वास्तविक जीवन में अगर सुपरमैन जैसा कोई मजबूत व्यक्ति है, तो वह मेरा भाई है। मैंने उनसे ज्यादा ताकतवर इंसान कभी नहीं देखा। उनकी पीठ की कई



सर्जरी हुई है, लेकिन इसके बावजूद, जब भी उन्हें किसी भूमिका के लिए किसी को उठाने की आवश्यकता होती है, तो वह इसे आसानी से कर लेते हैं। मजेदार बात यह है कि वह ये सब ऐसे कर लेते हैं जैसे उसका कोई वजन ही नहीं है। 2022 में एक फिल्म की शूटिंग के दौरान पीठ में चोट लगने के बाद सनी ने अमेरिका में अपना इलाज करवाया।

देओल्स के लिए साल 2023 बहुत अच्छा रहा। उनकी सभी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर सफल रहीं, जिनमें रॉकी और रानी की प्रेम कहानी, जिसमें धर्मेंद्र ने अभिनय किया था, सनी देओल-स्टारर गदर 2 और एनिमल जिसमें बॉबी ने खलनायक की भूमिका निभाई थी। द ग्रेट इंडियन कपिल शो नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होता है।

# अनुपम खेर ने की जूनियर एनटीआर की तारीफ



दिग्गज बॉलीवुड एक्टर अनुपम खेर ने जूनियर एनटीआर के साथ एक फोटो शेयर की है। उनकी तारीफ करते हुए एक्टर ने कहा कि उन्हें आरआरआर में उनका काम बहुत पसंद आया। अनुपम ने बुधवार सुबह एक्स पर एक फोटो शेयर की, जिसमें दोनों सितारे को एक रेस्तरां में कैमरे के लिए पोज देते हुए देखा जा सकता है। कैप्शन में अनुपम ने लिखा, कल रात मेरे पसंदीदा व्यक्तियों में से एक एक्टर जूनियर एनटीआर से मिलकर बहुत खुशी हुई। मैं उनके काम को पसंद करता हूं। वह ताकत से और आगे बढ़ते रहें, जय हो। अनुपम फिलहाल अपनी दूसरी निर्देशित फिल्म तन्वी द ग्रेट में व्यस्त हैं। वह इस फिल्म से 22 साल बाद निर्देशक की कुर्सी पर वापसी कर रहे हैं। एक फिल्म निर्माता के रूप में उनकी पहली फिल्म ओम जय जगदीश थी, जिसकी कहानी फरदीन खान, अनिल कपूर और अभिषेक बच्चन द्वारा निभाए गए तीन भाइयों के इर्द-गिर्द घूमती है। दूसरी ओर, जूनियर एनटीआर ऋतिक रोशन अभिनीत वॉर 2 की तैयारी में व्यस्त हैं। फिल्म का निर्देशन अयान मुखर्जी ने किया है। वॉर 2 2019 में आई ऋतिक, टाइगर श्रॉफ और वाणी कपूर की फिल्म वॉर का सीक्वल है। उनके पास एक पैन-इंडिया फिल्म देवरा-पार्ट 1 भी है, जिसमें जाह्नवी कपूर और सैफ अली खान भी हैं। यह फिल्म 10 अक्टूबर को रिलीज होने वाली है।

- साभार एजेंसी



# टी20 वर्ल्ड कप में सेलेक्ट होते ही धराशायी ये भारतीय खिलाड़ी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** टी20 वर्ल्ड कप के लिए टीम इंडिया का ऐलान 30 अप्रैल को हुआ. इसमें 15 सदस्य चुने गए. टीम सेलेक्शन के बाद से आईपीएल के 2 मुकाबले हो चुके हैं, लेकिन इन मैचों में वर्ल्ड कप के लिए चुने गए कुछ खिलाडियों का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा.

इस लिस्ट में टी-20 वर्ल्ड कप के कप्तान रोहित शर्मा और हार्दिक पंड्या तक शामिल हैं. मसलन 30 अप्रैल की बात करें, जिस दिन भारतीय टीम की घोषणा हुई. उस दिन लखनऊ सुपर जायंट्स और मुंबई इंडियंस का मैच था. इस मैच को लखनऊ ने 4 विकेट से 4 गेंदें शेष रहते अपने नाम किया. मैच में पहले खेलते हुए मुंबई ने 144 रनों का स्कोर खड़ा किया था. इस मैच में मुंबई की टीम से वर्ल्ड कप टीम में शामिल रोहित शर्मा, हार्दिक पंड्या, सूर्यकुमार यादव और जसप्रीत बुमराह हिस्सा थे.

रोहित इस मैच में महज 5 गेंदों पर 4 रन बनाकर मोहसिन खान की गेंद पर आउट हो गए. वहीं, सूर्यकुमार भी 6 गेंदों पर 10 रन जड़ने के बाद स्टोइनिस की गेंद पर आउट हो गए. हार्दिक पंड्या का तो क्या ही कहना, वह तो इस मैच में पहली गेंद पर आउट हो गए. जसप्रीत बुमराह को विकेट नहीं मिला, पर उन्होंने अपने 4 ओवर्स में महज 17 रन दिए. लखनऊ सुपर जायंट्स से कोई भी खिलाड़ी टीम इंडिया में सेलेक्ट नहीं हुआ है. अब बात करते हैं 1 मई को चेन्नई सुपर किंग्स और पंजाब किंग्स के बीच मुकाबले की.

इस मैच में टी20 वर्ल्ड कप टीम में शामिल चेन्नई की ओर शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा तो पंजाब किंग्स से अर्शदीप सिंह शामिल थे. ये तीनों ही इस मैच में फ्लॉप हुए. शिवम दुबे जहां इस मैच में 0 पर आउट हुए तो रवींद्र जडेजा भी महज 4 गेंदों पर 2 रन बनाकर आउट हुए. जबकि इस मैच में खेलने उतरे अर्शदीप सिंह की जमकर धुनाई हुई, उन्होंने अपने कोटे के 4 ओवर्स में 52 रन दिए और 1 विकेट हासिल किया.

IPL 2024

# दीपक चाहर की चोट पर सीएसके के कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने दिया अपडेट



**चेन्नई, एजेंसी।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने तेज गेंदबाज दीपक चाहर की चोट के बारे में अपडेट दिया और कहा कि 31 वर्षीय खिलाड़ी अच्छे नहीं दिखते। बुधवार को पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के मुकाबले के दौरान चाहर गेंदबाजी करते समय चोट लगने के बाद मैदान से बाहर चले गए।

उन्हें दूसरी पारी का पहला ओवर दिया गया। दूसरी डिलीवरी के तुरंत बाद सीएसके के गेंदबाज ने कप्तान रुतुताज गायकवाड़ से बात की और अपने स्पेल में सिर्फ दो गेंदें फेंकने के बाद मैदान से बाहर चले गए। चाहर के स्पेल की बाकी चार गेंदें पूरी करने के लिए शार्दुल ठाकुर को बुलाया गया।

मैच के बाद फ्लेमिंग ने कहा कि चाहर की चोट बहुत अच्छी नहीं थी। उन्होंने कहा कि सीएसके टीम प्रबंधन अधिक सकारात्मक रिपोर्ट की प्रतीक्षा कर रहा है। मुख्य कोच ने कहा कि तुषार देशपांडे इस समय फ्लू से पीड़ित हैं जिसके कारण उन्हें अंतिम एकादश में शामिल नहीं किया गया है।

फ्लेमिंग ने कहा, दीपक चाहर अच्छे नहीं दिखते। शुरुआती अहसास अच्छा नहीं था। इसलिए हम और सकारात्मक रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं। फिजियो और डॉक्टर देखेंगे। श्रीलंकाई लड़के वीजा लेने के लिए रवाना हो गए हैं। इसलिए हम उम्मीद कर रहे हैं कि उनकी प्रक्रिया ठीक रहेगी। हम उन्हें उत्तर में (धर्मशाला में) अपने अगले मैच के लिए वापस ले आए। रिचर्ड ग्लीसन अच्छे थे, तुषार देशपांडे को फ्लू हो गया था, इसलिए हमें आज कुछ बदलाव करने पड़े, जो थोड़ा असामान्य है यह इसका हिस्सा है और हमारे पास संसाधन हैं।

यह सिर्फ इतना है कि उन्हें अपनी भूमिकाओं के बारे में सहज होने का समय नहीं मिला है और हमें उस गेम प्लान के साथ सहज होने का समय नहीं मिला है जिसके साथ हम संघर्ष कर रहे हैं।

# चैंपियंस ट्रॉफी 2025...भारत सभी मैच लाहौर में खेल सकता है

## टीम की सिक्योरिटी के कारण सुझाव, तीन वेन्यू पर हो सकता है टूर्नामेंट

**कराची, एजेंसी।** क्रिकइंफो के मुताबिक पीसीबी चैंपियंस ट्रॉफी के सभी मैच तीन शहरों (कराची, लाहौर और रावलपिंडी) में करा सकता है। इसमें से भारत के सभी मैच लाहौर में हो सकते हैं, ताकि टीम की सिक्योरिटी का मैनेजमेंट सही तरीके से हो सके। इसका एक और कारण यह है कि लाहौर भारत के वाघा बॉर्डर से नजदीक है।

पीसीबी के सूत्रों के मुताबिक आईसीसी महाप्रबंधक वसीम खान ने भी हाल ही में लाहौर का दौरा किया था, जहां उन्होंने पीसीबी के अधिकारियों के साथ चैंपियंस ट्रॉफी के इंतजामों को लेकर चर्चा की थी और यह सुझाव दिया था कि भारतीय टीम को कम ट्रैवल कराया जाए।

### 1996 के बाद टीम को पहली बार मिली मेजबानी

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पीसीबी ने टूर्नामेंट के वेन्यू का ड्राफ्ट आईसीसी को सौंप दिया है। टूर्नामेंट के आयोजन अगले साल फरवरी-मार्च में होना है। वनडे वर्ल्ड कप 1996 के बाद यह पहला मौका है जब पाकिस्तान को किसी आईसीसी इवेंट की मेजबानी दी गई है।

### हम लगातार आईसीसी के संपर्क में बने हुए- नकवी

पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने लाहौर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, हमने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान में होने वाले मैचों का शेड्यूल भेज दिया है। आईसीसी की सिक्योरिटी टीम आई थी और हमारी बहुत अच्छी मीटिंग हुई। हम लगातार आईसीसी के संपर्क में बने हुए हैं। हम इस बात की पूरी कोशिश कर रहे हैं कि हम अच्छा टूर्नामेंट होस्ट करें।




### टीम इंडिया के पाकिस्तान जाने पर संशय

पिछले महीने एक मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया था कि (आईसीसी) इसे एशिया कप की तरह 'हाइब्रिड मॉडल' पर करा सकता है। आईसीसी के कार्यकारी बोर्ड के एक सूत्र ने PTI से कहा था, यदि भारत सरकार टीम इंडिया को पाकिस्तान भेजना नहीं चाहती तो, आईसीसी वहां के बोर्ड पर दबाव नहीं बना सकती है। उसे विकल्प तलाशना होगा। भारत के कहने पर एशिया कप के मैच श्रीलंका में हुए थे।

पिछले साल भी एशिया कप की मेजबानी पाकिस्तान को मिली थी। तब भी भारत के वहां नहीं जाने पर यह टूर्नामेंट 'हाइब्रिड मॉडल' पर हुआ था। भारत के मुकाबले श्रीलंका में कराए गए थे। कोलंबो में हुए फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम ने श्रीलंका को 10 विकेट से हराकर चैंपियनशिप जीती थी।

### टूर्नामेंट में 8 टीमें हिस्सा लेंगी

पिछला चैंपियंस ट्रॉफी 2017 में इंग्लैंड और वेल्स में खेला गया था। इसके फाइनल में भारत को हराकर पाकिस्तान चैंपियन बना था। टूर्नामेंट का शेड्यूल अभी नहीं आया है। माना जा रहा है, आईसीसी के वेन्यू के निरीक्षण करने के बाद फाइनल शेड्यूल आ सका है। इस टूर्नामेंट में 8 टीमें हिस्सा लेंगी और इसके दो हफ्ते तक चलने की उम्मीद है।

संक्षिप्त समाचार

## रिंकू सिंह के पिता ने कहा, बहुत उम्मीदें थीं, उसका दिल टूट गया है



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत की टी20 विश्व कप टीम से रिंकू सिंह को बाहर किए जाने पर उनके पिता खानचंद्र सिंह ने कहा कि परिवार में मिठाइयां और पटाखे तैयार थे क्योंकि बहुत उम्मीदें थीं। बीसीसीआई ने मंगलवार को टी20 विश्व कप के लिए भारत की 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की। मुख्य टीम में रिंकू शामिल नहीं थे क्योंकि उन्हें रिजर्व खिलाड़ी के रूप में रखा गया है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए, उनके पिता ने भारत 24 के हवाले से कहा,बहुत उम्मीदें थीं और इसलिए थोड़ी निराशा है।

हम जश्न मनाने के लिए मिठाइयाँ, पटाखे लाए, हमने सोचा कि रिंकू पहले ग्यारह में खेलेंगे। फिर भी , हम बहुत खुश थे। हां, उसका दिल टूट गया है। उसने अपनी मां से बात की और उन्हें बताया कि उसे 11 या 15 में नहीं चुना गया है। लेकिन उसने यह भी कहा कि वह टीम के साथ यात्रा करेगा। रिंकू ने 15 टी-20 मैच खेले हैं और 176.24 के स्ट्राइक रेट और 89.0 के औसत के साथ 69 के उच्चतम स्कोर के साथ 356 रन बनाए हैं।



## आईपीएल 2024 के शेष लीग मैचों से बाहर हो सकते हैं मयंक

**लखनऊ, एजेंसी।** लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के तेज गेंदबाज मयंक यादव, जिन्हें मंगलवार को मुंबई इंडियंस (एमआई) के खिलाफ मैच के दौरान पेट में दर्द के कारण मैदान से बाहर जाना पड़ा, के आईपीएल 2024 के शेष लीग मैचों से बाहर होने की संभावना है।

मयंक को मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच के दौरान चोट लगी थी जिससे उनके आगे मैच खेलने पर संशय पैदा हो गया है। मयंक पिछले चार सप्ताह में दूसरी बार चोटिल हुए हैं। सूत्रों ने बताया, मंयक यादव के पूरी तरह ठीक होने में पहले की अपेक्षा अधिक समय लगेगा। वह बुरी स्थिति में नहीं हैं, लेकिन शेष मैचों में उनकी भागीदारी संदेह में है। बुधवार को उनका स्कैन किया गया है लेकिन रिपोर्ट आनी बाकी है। मेडिकल टीम ने मयंक यादव को कम से कम तीन सप्ताह के आराम का सुझाव दिया है।

एलएसजी के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर ने स्टार तेज गेंदबाज मयंक यादव की चोट पर अपडेट देते हुए कहा है कि परफेक्ट रिहैबिलिटेशन से गुजरने के बावजूद, युवा खिलाड़ी को अभी भी थोड़ी परेशान है।

कोच ने कहा, ऐसा लगता है कि उसे एक बार फिर उसी जगह पर दर्द है। उसका पुनर्वास बिल्कुल सही रहा है, उसने पिछले कुछ हफ्तों में दर्द रहित गेंदबाजी की है, वह अच्छी स्थिति में दिख रहा है। हालांकि, उसे फिर थोड़ी परेशानी हुई है जिस पर जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। हालांकि, सूत्रों ने दावा किया कि मयंक एमआई के खिलाफ मैच के लिए फिट नहीं थे, लेकिन तीन सप्ताह में पांच मैच मिस करने के बाद प्लेइंग-11 में लौट आए क्योंकि कप्तान केएल राहुल उन्हें अपनी टीम में शामिल करना चाहते थे। मंगलवार को एकाना क्रिकेट स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच में 3.1 ओवर में 31 रन देकर 1 विकेट के आंकड़े पर चोट के कारण उन्होंने मैदान छोड़ दिया। एलएसजी टूर्नामेंट का अपना आखिरी लीग मैच 17 मई को मुंबई इंडियंस के खिलाफ खेलेगा।

एफआईएच प्रो लीग

# सविता की बजाय सलीमा टेटे को मिली महिला हॉकी टीम की कप्तानी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मिडफील्डर सलीमा टेटे को अनुभवी गोलकीपर सविता पूनिया की जगह इस महीने के आखिर में होने वाले एफआईएच प्रो लीग के बेल्जियम और इंग्लैंड चरण के लिये भारत की 24 सदस्यीय महिला हॉकी टीम का कप्तान चुना गया है। नवनीत कौर को उपकप्तान बनाया गया है। सलीमा ने हॉकी इंडिया द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा, 'मुझे खुशी है कि टीम की कप्तानी दी गई है। यह बड़ी जिम्मेदारी है और मैं इसे लेकर उत्साहित हूं। हमारे पास मजबूत टीम है जिसमें अनुभवी और युवा खिलाड़ी हैं। उन्होंने कहा, 'एफआईएच प्रो लीग के आगामी बेल्जियम और इंग्लैंड चरण में हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे। हमें अपनी कमजोरियों से पार पाना है। सविता ओलंपिक क्वालीफायर और उसके बाद प्रो लीग मैचों में भारत की कप्तान रही थी। बेल्जियम में मैच 22 से 26 मई तक और इंग्लैंड में एक से नौ जून तक होंगे। भारत का सामना पहले चरण में दो बार अर्जेंटीना और बेल्जियम से होगा। लंदन चरण में टीम ब्रिटेन और जर्मनी से खेलेगी। भारत इस समय प्रो लीग तालिका में छठे स्थान पर है। सलीमा को हाल ही में हॉकी इंडिया सालाना पुरस्कारों में बलबीर सिंह सीनियर वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का पुरस्कार मिला था।




### भारतीय महिला टीम :

गोलकीपर-सविता, बिछू देवी खारीबाम

डिफेंडर- निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी, मोनिका, ज्योति छत्री, महिमा चौधरी

मिडफील्डर- सलीमा टेटे (कप्तान), वैष्णवी विट्ठल फाल्के, नवनीत कौर, नेहा, ज्योति, बलजीत कौर, मनीषा चौहान, लालरेम्सियामी

**फॉरवर्ड** – मुमताज खान, संगीता कुमारी, दीपिका, शर्मिला देवी, प्रीति दुबे, वंदना कटारिया, सुनेलिता टोप्पो, दीपिका सोरेंग

# चार भारतीय मुक्केबाज सेमीफाइनल में पहुंचे, पदक पक्का



**अस्ताना, एजेंसी।** भारतीय युवा मुक्केबाज आर्यन, यशवर्धन सिंह, प्रियांशु और साहिल ने बुधवार को कजाकिस्तान के अस्ताना में एएसबीसी एशियन अंडर-22 और यूथ बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2024 में आत्मविश्वास से भरी जीत के साथ सेमीफाइनल में प्रवेश किया और अपने लिए पदक पक्का कर लिया।

आर्यन ने 51 किग्रा वर्ग में उज्बेकिस्तान के जुराव शकरबॉय के खिलाफ 5-0 के सर्वसम्मत निर्णय से जीत के साथ भारत को बेहतरीन शुरुआत दी। उनकी जीत के बाद यशवर्धन (63.5 किग्रा) ने जीत हासिल की, जिन्होंने ईरान के मिरहमादी बाबाहेदरी पर 4-1 से जीत हासिल की। दूसरी ओर, प्रियांशु (71 किग्रा) और साहिल (80 किग्रा) को जरा भी पसीना नहीं बहाना पड़ा और उन्होंने क्रमश- चीनी ताइपे के वू यू एन और तुर्कमेनिस्तान के यकलीमोव अब्दिरहमा के खिलाफ रेफरी स्टॉप द कॉन्टेस्ट (आरएससी) के फैसले के साथ मुकाबला अपने नाम कर लिया।

इस बीच, जतिन ने 57 किग्रा वर्ग में अपना अभियान उज्बेकिस्तान के ए नोदिरबेक के खिलाफ 1-4 से हार के साथ समाप्त किया। यूथ सेमीफाइनल शुक्रवार को खेला जाएगा। आर्यन (92 किग्रा), निशा (52 किग्रा), आकांशा फलसवाल (70 किग्रा) और रुद्रिका (75 किग्रा) अपने-अपने युवा क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में आज उतरेंगे। मंगलवार देर रात जुगनू (86 किग्रा), तम्मना (50 किग्रा) और प्रीति (54 किग्रा) ने जीत हासिल कर अंडर-22 सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

गुरुवार को आठ अंडर-22 मुक्केबाज अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबलों के लिए रिंग में उतरेंगे, एम जदुमणि सिंह (51 किग्रा), आशीष (54 किग्रा), निखिल (57 किग्रा), अजय कुमार (63.5 किग्रा), अंकुश (71 किग्रा) और ध्रुव सिंह। पुरुष वर्ग में (80 किग्रा) जबकि महिला वर्ग में गुड्डी (48 किग्रा) और पूनम (57 किग्रा) अपनी चुनौती रखेंगी। यूथ और अंडर-22 वर्ग का फाइनल क्रमशः 6 और 7 मई को खेला जाएगा।

## साद बिन जफर पहली बार कनाडा की टी20 विश्व कप टीम की कप्तानी करेंगे

**ओंटारियो, एजेंसी।** कनाडा ने वेस्टइंडीज और यूएसए में 1 जून से शुरू होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की है, जिसमें ऑलराउंडर साद बिन जफर को कप्तान बनाया गया है। जफर पहली बार टी20 विश्व कप में कनाडा की कप्तानी करेंगे। टीम को पूर्व श्रीलंकाई और कनाडाई अंतर्राष्ट्रीय पुबुदु दस्सानायके द्वारा प्रशिक्षित किया गया है, जिन्होंने 2022 में बागडोर संभाली थी।



कनाडा को ग्रुप ए में भारत, पाकिस्तान, आयरलैंड और अमेरिका के साथ रखा गया है। वे 1 जून को डलास में पड़ोसी देश अमेरिका के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे, इसके बाद उत्तरी अमेरिकी देश को 7 जून को आयरलैंड का सामना करना है। इसके बाद 11 जून को पाकिस्तान और 15 जून को भारत के खिलाफ उनका मुकाबला होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### वास्तु दोष हटाने के नाम पर बार-बार रेप, आरोपी को गिरफ्तार

**सूरत, एजेंसी।** गुजरात में एक 42 साल की महिला के साथ फेसबुक पर बने उसके एक दोस्त ने हैवानियत की सारी हदें पार कर दीं। आरोपी ने वास्तु दोष हटाने के नाम पर बार-बार महिला का रेप किया। उसने उसकी अश्लील तस्वीरें भी अपने फोन में खींच ली, जिसे वायरल करने की धमकी देकर वह उसे ब्लैकमेल करता रहा और अपनी हवस की आग मिटाता रहा। पुलिस ने 44 साल के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वह खुद को वास्तु एक्सपर्ट बताया था। उसकी पहचान राहुल पांड्या के रूप में हुई है। यह सूरत का मामला है। रिपोर्ट के मुताबिक, पीड़िता और आरोपी की बातचीत साल 2021 में फेसबुक पर शुरू हुई थी। दोनों के बीच धीरे-धीरे दोस्ती हो गई। एक दिन महिला ने आरोपी राहुल पांड्या को अपनी आर्थिक समस्याओं के बारे में बताया। इस पर राहुल ने कहा कि उसे वास्तु शास्त्र की जानकारी है और वह उसकी सारी समस्याओं को दूर कर सकता है। महिला ने उस पर भरोसा कर लिया और उसे अपने घर बुलाया। राहुल पांड्या महिला के घर पहुंचा और उसे बताया कि बाथरूम और बेडरूम वास्तु के हिसाब से सही जगह पर नहीं है। फिर उसने कहा कि वास्तु दोष हटाने के लिए अनुष्ठान करना होगा। उसने महिला को बेडरूम के दरवाजे के पास खड़ा होने को कहा और दोष हटाने के लिए उसके माथे पर किस करने की कोशिश करने लगा। इसपर महिला ने आपत्ति जताई।

### बॉबी देओल ने अपनी कामयाबी का श्रेय अपने पिता धर्मेंद्र को दिया!

**मुंबई, एजेंसी।** कामयाबी का पूरा मज़ा लेते हुए, द ग्रेट इंडियन कपिल शो अपने लॉन्च के बाद से ही हर हफ़्ते कामयाबी के झंडे गाड़ रहा है। नेटफ्लिक्स का द ग्रेट इंडियन कपिल शो आगामी शनिवार को अपने अगले एपिसोड में बॉलीवुड की सबसे मशहूर देओल भाईयों की जोड़ी (सनी और बॉबी देओल) को ला रहा है। इस एपिसोड में, देओल बंधु पुरानी यादों से लेकर अपनी आज की कामयाबियों के लिए शुक्रिया करने तक, दर्शकों से सब कुछ शेयर करते हैं, लेकिन सबसे मीठे होते हैं वो पल, जब बॉबी देओल अपने पिता धर्मेंद्र जी के बारे में एक दिल छू लेने वाली कहानी बताते हैं।कामयाबी के शानदार साल और एनिमल में अबरार के रूप में अपने शानदार अभिनय से ज़बरदस्त सराहना हासिल करने के बाद, बॉबी देओल सातवें आसमान पर हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि असल में ऐसी एक क्या बात हुई जिसने उनके दिल को छू लिया ? बॉबी एनिमल की ज़बरदस्त कामयाबी के बाद अपने महान पिता से हुई बातचीत के बारे में बताते हैं, जहाँ दिग्गज आइकन खुद को अपने बेटे की प्रशंसा करने से नहीं रोक पाये। इस घटना के बारे में बॉबी देओल कहते हैं, हर बेटा अपने पिता की आंखों में वह खुशी देखना चाहता है और मैंने हमेशा अपने पिता का बहुत सम्मान किया है... मैं एक हफ़्ते बाद घर लौटा था और पिताजी इंस्टाग्राम पर स्क्रॉल कर रहे थे, उन्होंने मुझे रोका और बोले बॉब, लोग तुम्हारे दीवाने हो गये हैं।

### आधी मुंबई बनेगी एकनाथ शिंदे - उद्धव की गवाह, पहली बार कांग्रेस को वोट देंगे ठाकरे

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई की छह लोकसभा सीट पर चुनावी मुकाबलों के लिए तलवारें खिंच गई हैं, जहां एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और उद्धव ठाकरे की शिवसेना (यूबीटी) तीन सीट पर आमने-सामने होंगी। मुंबई की दो सीट पर चिर प्रतिद्वंद्वियों भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस के बीच मुकाबला होगा जबकि एक सीट पर शिवसेना (यूबीटी) और भाजपा आमने-सामने होंगी। मुंबई के छह निर्वाचन क्षेत्रों में मुंबई दक्षिण, मुंबई दक्षिण-मध्य, मुंबई उत्तर, मुंबई उत्तर-मध्य, मुंबई उत्तर-पूर्व, मुंबई उत्तर-पश्चिम शामिल हैं। ये महाराष्ट्र की उन 13 सीट में शामिल हैं, जिन पर 20 मई को लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में मतदान होगा। मुंबई दक्षिण, मुंबई दक्षिण-मध्य और मुंबई उत्तर-पश्चिम में शिवसेना और शिवसेना (यूबीटी) के बीच मुकाबला होगा, जबकि मुंबई उत्तर-पूर्व में भाजपा और शिवसेना (यूबीटी) आमने-सामने होंगी। मुंबई दक्षिण में, उद्धव ठाकरे की पार्टी के मौजूदा सांसद अरविंद सावंत का मुकाबला शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना की यामिनी जाधव से होगा। जाधव मुंबई के भायखला विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं। मुंबई दक्षिण-मध्य में शिवसेना (यूबीटी) के नेता अनिल देसाई का मुकाबला शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के राहुल शेवाले से है। देसाई हाल तक राज्यसभा सदस्य थे, वहीं शेवाले मौजूदा लोकसभा सांसद हैं।

# दिल्ली में बारिश का अलर्ट, लोगों को भीषण गर्मी से मिलेगी निजात

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली-एनसीआर में रहने वाले लोगों को मई के पहले हफ्ते भीषण गर्मी का अहसास नहीं होगा। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, तीन मई तक दिल्ली में अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। इस दौरान 35 से 45 किलोमीटर की रफ्तार से हवाएं चलेंगी। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि तेज हवा और हल्के बादलों की आवाजाही के कारण दिल्ली-एनसीआर में तापमान सामान्य के आसपास रहेगा। मौसम विभाग ने 4 मई को आंशिक रूप से बादल छाए रहने और रात में हल्की बारिश का पूर्वानुमान जताया है।



दिल्ली का अधिकतम तापमान बुधवार को गिरकर 33.7 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया, जो सामान्य से पांच डिग्री कम है। आईएमडी ने यह जानकारी दी है। वहीं, न्यूनतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से चार डिग्री सेल्सियस कम है। राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार को अधिकतम तापमान 36.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था, जो सामान्य से तीन डिग्री कम था। वैज्ञानिक और क्षेत्रीय मौसम पूर्वानुमान केंद्र के प्रमुख कुलदीप श्रीवास्तव ने न्यूज एजेंसी पीटीआई को बताया कि दो मई के बाद राजधानी में तापमान फिर से बढ़ने लगेगा। तीन से छह मई तक आसमान में बादल छाए रहेंगे, बूंदाबांदी हो सकती है।

मौसम कार्यालय ने गुरुवार को आसमान साफ रहने और दिन के दौरान 35 से 45 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का अनुमान लगाया है। आईएमडी के पूर्वानुमान के मुताबिक, शनिवार को दिल्ली में आंधी आने और हल्की बारिश होने के आसार हैं। आईएमडी के आंकड़ों के मुताबिक, 2023 में एक मई को अधिकतम तापमान 28.7 डिग्री सेल्सियस रहा था जबकि 2022 में 43.5, 2021 में 40, 2020 में 38.8 और 2019 में 44 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।

मौसम विभाग के मुताबिक, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र समेत उत्तर भारत के ज्यादातर हिस्सों में मई का अधिकतम तापमान सामान्य से ज्यादा रहने की संभावना है। इस बार मई की गर्मी लोगों को कुछ ज्यादा ही झुलसाएगी। वहीं दिल्ली-एनसीआर में चार से छह मई के बीच बारिश, आंधी तूफान की संभावना है।

## ए.एम.बी. कार्यक्रम ने मेरा आत्मविश्वास भी बढ़ाया: अमीशा

### अनीमिया को हराने की अमीशा की सफल यात्रा



**भोपाल, एजेंसी** मध्यप्रदेश के देवास जिले में युवाओं के सेहत और स्वास्थ्य के स्तर में में धीरे-धीरे सकारात्मक परिवर्तन आ रहा है। इस परिवर्तन की साक्षी है जिले की एक होनहार छात्रा अमीशा जो अनीमिया मुक्त भारत (एएमबी) कार्यक्रम की परिवर्तनकारी शक्ति का प्रतीक है। अमीशा की कहानी उसकी आयु की कई अन्य लड़कियों के साथ शुरू हुई, जिनके बीच अनीमिया एक अदृश्य बीमारी की तरह अपनी जड़ें जमाता जा रहा था 7 अनीमिया के लक्षण शरीर के थके रहने, पीला पड़ने, ध्यान लगाने की क्षमता में कमी के रूप में प्रकट होते हैं। अनीमिया ने अमीशा के जीवन पर गहरा असर डाला, और उनके सपनों एवं महत्वाकांक्षाओं के मार्ग को धूमिल कर दिया। लेकिन इन कठिनाइयों के बीच ए.एम.बी. कार्यक्रम आशा की एक किरण बनकर उभरा है । मध्य प्रदेश सरकार के नेतृत्व में संचालित और न्यूट्रिशन इंटरनेशनल द्वारा समर्थित अनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम का उद्देश्य अनीमिया से बचाव एवं रोकथाम है। अमीशा के लिए अनीमिया से लड़ने का मतलब आयरन और फोलिक एसिड (आईएफए) की नियमित खुराक लेना था। यह एक आसान लेकिन दमदार तरीका है जिससे उसकी ऊर्जा और एकाग्रता को बढ़ाया जा सकता है । अमीशा पहले साप्ताहिक आई.एफ.ए. का सेवन करने के लिए इच्छुक नहीं थी।

## बंगाल की आसनसोल सीट पर कभी वामपंथियों का बोलबाला, 2019 में भाजपा जीती

**आसनसोल, एजेंसी।**
लोकसभा चुनाव 2024 के लिए दो चरणों का मतदान हो चुका है। आगामी 7 मई को तीसरे चरण का मतदान किया जाना है। पश्चिम बंगाल में इस बार भाजपा पूरा जोर लगा रही है कि 2019 से बेहतर प्रदर्शन कर सके। उधर, ममता बनर्जी की टीम की पूरी कोशिश है कि वह अपने गढ़ में भाजपा को बुरी तरह हराए। इस बार लोकसभा चुनाव में आसनसोल पश्चिम बंगाल की हॉट सीटों में एक है। इसका इतिहास काफी रोचक है। यह सीट कभी माकपा का गढ़ हुआ करती थी। अब इस सीट पर भाजपा और तृणमूल कांग्रेस के बीच वर्चस्व की जंग चल रही है। 2019 में भाजपा जरूर जीती लेकिन, 2022 उपचुनाव में टीएमसी बाजी मार गई। इस सीट पर 13 मई को मतदान होना है। आसनसोल लोकसभा सीट पर 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने जीत दर्ज की थी। बाबुल सुप्रियो के भाजपा छोड़ने के बाद सीपीआई के इस किले में टीएमसी ने 2022 के उपचुनाव में सेंध लगाई। अभिनेता से नेता बने शत्रुघ्न सिन्हा इस सीट पर विजयी हुए। टीएमसी ने एक बार फिर उन पर दांव लगाया है। वहीं उप-चुनाव में सीट गंवाने वाली भाजपा ने जीत पक्की



करने के लिए भाजपा नेता एसएस आहलूवालिया को मैदान में उतारा है। दोनों दल दावा कर रहे कि वे इस बार रिकॉर्ड वोटों से जीत दर्ज करेंगे।

एसएस आहलूवालिया 2014 के आम चुनाव में दार्जलिंग और 2019 के चुनाव में बर्दवान-दुर्गापुर सीट से चुनाव जीत चुके हैं। हालांकि असानसोल लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत सात सीटें आती हैं। इसमें से पांडवेश्वर, रानीगंज, जमूरिया, आसनसोल उत्तर, बारबानी पर तृणमूल कांग्रेस का कब्जा है। वहीं दो सीटें कुल्टी व आसनसोल दक्षिण पर भाजपा का कब्जा है।

उधर, आसनसोल से चुनाव लड़ रहे शत्रुघ्न सिन्हा ने कहा है कि जनता मुझे रिकॉर्ड बहुमत से संसद पहुंचाएगी। मेरी जीत का पिछला रिकॉर्ड भी इस बार टूट जाएगा। आसनसोल संसदीय क्षेत्र से लगातार पिछड़ रही तृणमूल की जीत का सपना शत्रुघ्न सिन्हा ने ही साकार किया है। 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस के नेताओं ने विजेता बनने के लिए काफी मेहनत की थी।

## ट्रेन में पैसेंजर को हुई पानी की समस्या तो सोशल मीडिया पर शेयर किया पोस्ट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय सरकार द्वारा रेलवे में मिलने वाली व्यवस्थाओं को लेकर बड़े बड़े दावे करने के बीच सोशल मीडिया ङ्ग पर एक वीडियो जमकर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में एक व्यक्ति ने ट्रेन के स्टाफ द्वारा पानी नहीं देने का वीडियो पोस्ट किया है।



बता दें कि अभिनव सिंह नाम के ङ्ग यूजर ने एक ट्वीट किया। जिसमें उन्होंने लिखा कि भारतीय रेलवे में पानी के लिए संघर्ष वास्तविक है। मैं अकेला नहीं था, 5 और लोगों को पानी चाहिए था। मैं दरवाजा तोड़ने वाला था फिर एक ने आकर मुझे बोतल लाके दिया!!

सिंह ने अपने ट्वीट में एक वीडियो और एक फोटो भी शेयर की। एक वीडियो में उन्हें एक रेलवे कर्मचारी से पानी मांगते हुए देखा जा सकता है, जो सिंह को पानी देने के लिए मना करता हुआ दिखाई दे रहा है। दूसरी तस्वीर में दो लोग पानी की बोतलें पकड़े हुए हैं। ट्वीट शेयर होने के बाद से ही काफी वायरल हो गया है। इस पोस्ट को अब तक 69 हजार से अधिक बार देखा जा चुका है। इस ट्वीट को अब तक लगभग 300 लाइक्स मिल चुके हैं। लोगों ने शेयर पर प्रतिक्रिया देते हुए तरह-तरह के कमेंट भी पोस्ट किए हैं।

**भारतीय रेलवे से जुड़ी इस पोस्ट पर एक्स यूजर्स ने क्या कहा?** एक एक्स उपयोगकर्ता ने ट्वीट कर अपना गुस्सा जाहिर किया। उन्होंने लिखा, यह कैसी सेवा है? पूरी तरह से सेवा डाउनग्रेड हो गई है।

दूसरे यूजर ने लिखा, वंदे भारत में उन्होंने 1 लीटर से 500 मिलीलीटर की बोतलें शुरू कीं। पूछने पर, मैं भाग्यशाली था कि मुझे एक और बोतल मिल गई, लेकिन सह-यात्रियों में से एक को दूसरी बोतल के लिए भुगतान करने के लिए कहा गया। कोई व्यवस्था नहीं है।

तीसरे यूजर ने लिखा, वास्तव में ये बुरा व्यवहार है और मैंने अपने ?10 भी खो दिए जब उस आदमी ने मुझसे कहा कि चेंज नहीं है अभी ला के देता हूं (मेरे पास चेंज नहीं है, थोड़ी देर में लाऊंगा) लेकिन वो दोबारा आया ही नहीं।

## जमानत के लिए मनीष सिसोदिया बेकरार, ट्रायल कोर्ट से लगा झटका तो अब हाईकोर्ट में लगाई

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी के नेता और दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री काफी समय से तिहाड़ जेल में बंद हैं। हाल ही में ट्रायल कोर्ट से उनकी जमानत याचिका खारिज हो गई है। अब सिसोदिया ने जमानत के लिए दिल्ली हाई कोर्ट का रूख किया है। शराब घोटाले में मनीष सिसोदिया को सीबीआई ने गिरफ्तार किया था और फिर उनपर ईडी का भी शिकंजा कस गया था। अब मनीष सिसोदिया ने छ्वक्चढ्ढ-श्वष्ठ के केसों में जमानत हासिल करने के लिए उच्च न्यायलय का रूख किया है।

मनीष सिसोदिया की तरफ से वकील रजत भारद्वाज और मोहम्मद इरशाद ने हाई कोर्ट के कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश मनमोहन के समक्ष अपनी याचिका रखते हुए इसपर जल्द सुनवाई की गुहार लगाई है। इसपर अदालत की बेंच ने सिसोदिया के वकीलों से कहा कि संबंधित जजों को आपके कागजात देख लेने दीजिए और फिर कल (शुक्रवार)को इस मामले पर सुनवाई की जाएगी।

इससे पहले 30 अप्रैल को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने सिसोदिया की जमानत अर्जी खारिज कर दी। दूसरी बार निचली अदालत से सिसोदिया की



जमानत अर्जी खारिज हुई है। अदालत ने उस वक्त कहा था यह अदालत इस स्टेज पर याचिकाकर्ता को रेगुलर या अंतरिम बेल देने के लिए इच्छुक नहीं है। इसलिए याचिकाकर्ता की याचिका खारिज की जाती है।अदालत में सिसोदिया की तरफ से दलील दी गई थी कि मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में कार्यवाही में देरी हुई है और यह केस काफी धीरे-धीरे आगे बढ़ रहा है। इसपर विशेष जज कावेरी बावेजा ने यह भी कहा था कि इस देरी के लिए मनीष सिसोदिया खुद जिम्मेदार हैं। अदालत ने कहा था कि आवेदक कुद और अगल-अलग आरोपियों के साथ एक के बाद एक याचिका डाल रहे हैं/बार-बार मौखिक सब्मिशन दे रहे हैं। इसमें कुछ भी गंभीरता नहीं है और जाहिर है ऐसे इसलिए किया जा रहा है ताकि कार्यवाही में और देर लगे।

## केवल बयानबाजी आत्महत्या के लिए उकसाना नहीं मानी जाएगी: कर्नाटक उच्च न्यायालय

**बेंगलुरु।** हाई कोर्ट ने कहा है कि महज बयानबाजी आत्महत्या के लिए उकसाने की श्रेणी में नहीं आएगी। न्यायमूर्ति एम नागप्रसन्ना ने यह बात याचिकाकर्ता के खिलाफ कार्यवाही को रद्द करते हुए कही, जिस पर उडुपी जिले में एक कनिष्ठ पुजारी और एक स्कूल के प्रिंसिपल को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप था। कनिष्ठ पुजारी की 11 अक्टूबर, 2019 को आत्महत्या से मृत्यु हो गई थी। अभियोजन पक्ष का मामला यह था कि याचिकाकर्ता के धमकी भरे शब्दों के कारण ही उसने यह चरम कदम उठाया था। पुलिस ने आरोप पत्र दायर करते हुए कहा था कि याचिकाकर्ता ने पिता को याचिकाकर्ता की पत्नी और पिता के बीच अवैध संबंधों को उजागर करने की धमकी दी थी।


11 अक्टूबर 2019 को रात करीब 8.30 बजे याचिकाकर्ता ने पिता के मोबाइल फोन पर कॉल की और पांच मिनट तक बात की। बातचीत उन व्हाट्सएप संदेशों के संबंध में थी जो पिता ने याचिकाकर्ता की पत्नी को भेजे थे।इनमें से एक संदेश में, पिता ने याचिकाकर्ता की पत्नी से कहा था कि वह उसकी बहन की शादी की तारीख तक जीवित नहीं रहेगा। पिता द्वारा की गई अगली कॉल में याचिकाकर्ता ने बयान दिया था- तुम्हें फांसी लगानी होगी, क्योंकि वह भी फांसी लगाने जा रही है। इसके बाद रात करीब 12 बजे पिता अपने प्रिंसिपल चैंबर में फंदे से लटके मिले। याचिकाकर्ता की ओर से तर्क दिया गया कि उसने केवल यह कहते हुए अपनी पीड़ा व्यक्त की, ÷जाओ और फांसी लगा लो।÷ आगे यह भी कहा गया कि मृतक को यह पता चलने पर कि उसके अवैध संबंध के बारे में किसी और को भी पता चल गया है, आत्महत्या करके अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। अदालत ने बताया कि आईपीसी की धारा 107 (उकसाने) में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि यदि आरोपी जानबूझकर पीड़ित के खिलाफ किसी भी कार्य में सहायता करता है जो धारा 306 (आत्महत्या के लिए उकसाना) की ओर ले जाता है, तो यह लागू होगा। न्यायमूर्ति नागप्रसन्ना ने कहा, यदि मामले में प्राप्त तथ्य, शिकायत, आरोप पत्र का सारांश सभी को शीर्ष अदालत द्वारा निर्धारित सिद्धांतों की कसौटी पर माना जाए तो जो स्पष्ट रूप से सामने आएगा वह यह है कि याचिकाकर्ता, एकमात्र आरोपी है।

झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
सूचना

Heat Wave से बचाव के लिए औद्योगिक क्षेत्रों/प्रतिष्ठानों/खनन क्षेत्रों/शहरी क्षेत्रों/पुल निर्माण/सड़क निर्माण/भवन निर्माण/नहर निर्माण/ईंट भट्टा/क्रसर एवं मनरेगा अन्तर्गत कार्यरत श्रमिकों का कार्य स्थलों पर नियोजकों द्वारा निम्न सुविधाएं उपलब्ध कराया जाना है:—







1. कार्य स्थल पर शीतल पेयजल के लिए प्याऊ की सुविधा उपलब्ध कराना।
2. औद्योगिक क्षेत्र/खनन क्षेत्र/नगरीय क्षेत्र के श्रमिकों के लिए आश्रय स्थलों पर शुद्ध पेयजल, छांछ First Aid Kit with Ice Pack के साथ पर्याप्त मात्रा में ORS की व्यवस्था कराना।
3. Peak Hour में कठिन कार्य के समय को सुविधानुसार परिवर्तित कराने के संबंध में दिशा—निर्देश निर्गत करना।
4. बाहरी गतिविधियों में आराम के समय एवं उनकी आवृत्ति में अभिवृद्धि कराना।
5. उच्च ताप वाले क्षेत्रों में हल्के कार्यों को कम समय के लिए दिया जाना।
6. गर्भवती महिलाओं एवं Medical Condition वाले श्रमिकों को अत्यधिक ध्यान दिये जाने के संबंध में दिश—निर्देश निर्गत करना।
7. श्रमिकों को Heat Wave Alert की सूचना समय—समय पर मुहैया कराना।
8. उद्योग/वाणिज्यिक संस्थानों में Heat Wave से संबंधित बीमारियों के संबंध में प्रशिक्षण दिया जाना।
9. स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर स्वास्थ्य कैंप लगवाना।

साथ ही स्वास्थ्य मंत्रालय, भारत सरकार के Do's & Don'ts for Heat wave का भी अनुपालन किया जाना है।

PR - 324325 ( Labour Employment and Traning ) 2024-25

आरएनआई रजिस्ट्रेशन : जेएचएचआईएन/2007/24306, समाचार पत्र के स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक सुमन कुमार द्वारा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड,काठीटांड़,नियर टेंडर बगीचा,रातू,रांची(झारखंड)-835222 से मुद्रित एवं एच. आई.- 67,हरमू हाउसिंग कॉलोनी रांची (झारखंड)- 834002 से प्रकाशित,संपादकः सुमन कुमार। संपर्क नं. 9470578773,संपर्क नं. (का.) 0651-7960613,फैक्स नं. 0651- 7960613, ईमेल: purvanchalsurya@yahoo.co.in / purvanchalsurya0@gmail.com लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक की सहमति अनिवार्य नहीं है। न्यायालय से संबंधित सभी मामले रांची से ही निबटाये जाएंगे। ( पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार)